सोशल मीडिया से जुड़ें
Parivehan_Vishesh
RNI No :- DELHIN/2023/86499
DCP Licensing Number : F.2 (P-2) Press/2023

www.newsparivahan.com

# परिवहन विशेष

वर्ष 02, अंक 245, नई दिल्ली । शुक्रवार, 15 नवम्बर 2024, मूल्य ₹ 5, पेज 8

देश का पहला ट्रांसपोर्ट दैनिक समाचार पत्र

**आज का सुविचार**

अगर भाग्य पर भरोसा है तो जो तकदीर में लिखा है वही पाओगे, और अगर खुद पर भरोसा है तो जो चाहोगे वही पाओगे।

03 'आप' के महेश कुमार खींची बने नए मेयर...
06 AAP के महेश कुमार खींची बने नए मेयर...
08 कचरा संग्रहण कर्ताओ ने दिया मुख्यमंत्री को ज्ञापन

# बढ़ते प्रदूषण के चलते आज सुबह 8 बजे से दिल्ली में ग्रेप-3 पाबंदियां लागू

## अगले आदेश तक प्राइमरी स्कूल की कक्षाएं ऑनलाइन, दिल्ली मेट्रो ने भी किया अहम एलान

संजय बाटला

**नई दिल्ली।** ग्रेप तीन के प्रविधान लागू होने से लोगों को आवाजाही में परेशानी न हो इसके लिए दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने मेट्रो ट्रेन के फेरे बढ़ाने का निर्णय लिया है।

ग्रेप दो के प्रविधान लागू होने पर मेट्रो ट्रेन के 40 फेरे बढ़ाए गए थे। अब 20 फेरे और बढ़ाए जाएंगे। डीएमआरसी प्रवक्ता का कहना है कि ग्रेप तीन के प्रविधान लागू रहने तक प्रत्येक सप्ताह सोमवार से शुक्रवार तक मेट्रो ट्रेन के 60 अतिरिक्त फेरे लगेंगे।

**दिल्ली के सभी प्राथमिक विद्यालय हुए ऑनलाइन**

वहीं पर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने ट्वीट किय करते हुए लिखा कि प्रदूषण के बढ़ते स्तर के कारण अगले निर्देश तक दिल्ली के सभी प्राथमिक विद्यालय ऑनलाइन कक्षाओं में स्थानांतरित हो जाएंगे।

**GRAP-III लागू रहने तक करेगी 60 अतिरिक्त यात्राएं**

वहीं पर दिल्ली मेट्रो (Delhi Metro) ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि कल सुबह 8:00 बजे से GRAP-III के कार्यान्वयन के मद्देनजर 20 अतिरिक्त यात्राएं (GRAP-II लागू होने के बाद से पहले से मौजूद 40 के अलावा) कल से शुरू होने वाले कार्यदिवसों में सेवाओं में शामिल की जाएंगी। इस प्रकार, GRAP-III लागू रहने तक दिल्ली मेट्रो सप्ताह के दिनों में 60 अतिरिक्त यात्राएं करेगी।

**GRAP-3 के तहत ये पाबंदियां लागू (GRAP-3 restrictions)**

निर्माण और तोड़फोड़ के काम में बोरिंग और ड्रिलिंग, पाइलिंग वर्क, ओपन ट्रेंच सिस्टम से होने वाले सीवर लाइन, ड्रेनेज और इलेक्ट्रिक केबल के काम, ईंट भट्टों आदि के काम, आरएमसी बैचिंग प्लांट, बडे.वेल्डिंग वर्क और गैस कटिंग काम नहीं हो सकेंगे।

कच्ची सड़कों पर गाड़ियां नहीं चलेंगी।

मलबे का ट्रांसपोर्टेशन नहीं होगा।

एनसीआर में सभी स्टोन क्रशर जोन बंद रहेंगे।

एनसीआर में खनन और इससे जुड़ी गतिविधियां बंद रहेंगी।

बीएस-तीन पेट्रोल (BS-3 Petrol) और बीएस-चार डीजल (BS-4 Diesel) की गाड़ियों पर दिल्ली के अलावा गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर में रोक रहेगी।

बीएस-तीन की हल्की मालवाहक गाड़ियों पर रोक रहेगी। जरूरी सामान लेकर आ रही गाड़ियों को छूट दी गई है।

अंतरराज्यीय बसों में सिर्फ इलेक्ट्रिक, सीएनजी, बीएस- छह डीजल की बसें, टैंपो ट्रेवलर चलेंगे।

राज्य सरकार चाहें तो पांचवीं क्लास तक के बच्चों की फिजिकल क्लासेस रोकी जा सकती है या उन्हें ऑनलाइन मोड पर क्लासेस दी जा सकती हैं।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्र
वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग
Commission for Air Quality Management in National Capital Region and Adjoining Areas
CAQM

No.120017/27/GRAP/2021/CAQM 1092 DT    14th November, 2024

**ORDER**

**Sub.: Implementation of Actions under stage-III ('Severe' Air Quality) of revised Graded Response Action Plan in Delhi-NCR- steps to be taken.**

The Commission for Air Quality Management in NCR and adjoining areas, vide Direction No. 83 dated 17th September, 2024, issued statutory direction for implementation of the revised schedule of the Graded Response Action Plan (GRAP), available on the CAQM website (caqm.nic.in), as and when orders under GRAP are invoked.

The Sub-Committee constituted for invoking actions under the GRAP in its meeting held on 14th November, 2024 comprehensively reviewed the air quality scenario in the region as well as the forecasts for meteorological conditions and air quality index of Delhi made available by IMD/IITM.

The Sub-Committee observed that the AQI of Delhi since morning of 13.11.2024 is hovering in "SEVERE" category due to heavy fog and unfavorable meteorological conditions in entire Indo-Gangetic Plain. Forecasts from IMD/IITM also indicate a likelihood of the AQI of Delhi to remain in the higher end of "VERY POOR" category in the coming days. At around 4:00 P.M of 14.11.20 24, AQI of Delhi has been recorded as 424 (Severe Category).

Therefore, in an effort to prevent further deterioration of the air quality, the Sub-Committee decided that **ALL actions** as envisaged **under Stage III of the GRAP –'Severe' Air Quality (DELHI AQI ranging between 401-450)** be implemented in right earnest by all the agencies concerned in the NCR, **in addition to the Stage-I and II actions already in force, from 8:00 A.M. of 15th November, 2024 in the National Capital Region (NCR).**

These include:

1. Further intensify the frequency of mechanised sweeping of roads.
2. Ensure daily water sprinkling along with dust suppressants, before peak traffic hours, on roads and right of ways including hotspots, heavy traffic corridors and ensure proper disposal of the collected dust in designated sites/ landfills.
3. Further intensify public transport services. Introduce differential rates to encourage off-peak travel.
4. (i) Enforce strict ban on the following categories of dust generating/ air pollution causing C&D activities in the entire NCR:
   - Earthwork for excavation and filling including boring & drilling works.
   - Piling works.
   - All demolition works.
   - Laying of sewer line, water line, drainage and electric cabling etc. by open trench system.
   - Brick / masonry works.
   - Operation of RMC batching plant.
   - Major welding and gas-cutting operations. *Minor welding activities for MEP (Mechanical, Electrical and Plumbing) works to be, however, permitted.*
   - Painting, polishing and varnishing works etc.
   - Cement, Plaster / other coatings, *except for minor indoor repairs/ maintenance.*
   - Cutting / grinding and fixing of tiles, stones and other flooring materials, *except for minor indoor repairs/ maintenance.*
   - Water Proofing work *(Excluding Chemical water proofing).*
   - Road construction activities and major repairs.
   - Transfer, loading / unloading of dust generating materials like cement, fly-ash, bricks, sand, murram, pebbles, crushed stone etc. anywhere within / outside the project sites.
   - Movement of vehicles carrying construction materials on unpaved roads.
   - Any transportation of demolition waste.

   **Note:** All construction related activities, **other than those listed under 4(i) above**, which are relatively less polluting / less dust generating shall be permitted to be continued in the NCR, subject to strict compliance of the C&D Waste Management Rules, dust prevention/ control norms including compliance with the directions of the Commission issued from time to time.

   (ii) All C&D related activities, including those under 4(i) above, shall be continued to be permitted only for the following categories of projects, however subject to strict compliance of the C&D Waste Management Rules, dust prevention/ control norms including compliance with the directions of the Commission issued from time to time:

   (a) Projects for Railway services and stations
   (b) Projects for Metro Rail Services and stations
   (c) Airports and Inter State Bus Terminals
   (d) National security/ defence related activities/ projects of national importance;
   (e) Hospitals/ health care facilities
   (f) Linear public projects such as highways, roads, flyovers, over bridges, power transmission/ distribution, pipelines, tele-communication services (Only for non-open trench works) etc.
   (g) Sanitation projects like sewage treatment plants and water supply projects etc.
   (h) Ancillary activities, specific to and supplementing the above project categories.
5. Close down operations of stone crushers in the entire NCR.
6. Close down all mining and associated activities in the entire NCR.
7. NCR State Govts. / GNCTD to impose strict restrictions on plying of BS III petrol and BS IV diesel LMVs (4 wheelers) in Delhi and in the districts of Gurugram, Faridabad, Ghaziabad and Gautam Budh Nagar.
8. GNCTD to impose strict restrictions on plying of Delhi - registered Diesel operated Medium Goods Vehicles (MGVs), of BS-III standards or below, in Delhi, except those carrying essential commodities / providing essential services.
9. GNCTD to not permit BS-III and below diesel operated LCVs (goods carriers) registered outside Delhi, to enter Delhi, except those carrying essential commodities / providing essential services.
10. Do not permit Inter-State buses from NCR states other than EVs/CNG/BS-VI diesel, to enter Delhi (excluding buses /Tempo travelers operated with All India Tourist Permit).
11. State Govts. in the NCR and the GNCTD may take a decision on discontinuing physical classes in schools for children up to Class V and conducting classes in an online mode.

Further, citizens may be urged to adhere to the citizen charter and assist in effective implementation of the GRAP measures aimed towards sustaining and improving the Air Quality in the Region, in addition to the citizen charter of Stage-I & Stage-II, as under:

- Walk or use cycles for small distances.
- Choose a cleaner commute. Share a ride to work or use public transport.
- People, whose positions allow working from home, may work from home.
- Do not use coal and wood for heating purpose.
- Individual house owners may also provide electric heaters to security / other staff employed by them to avoid open burning of bio-mass / wood / MSW.
- Combine errands and reduce trips.

14/11/24
(R.K. Agrawal)
Director (Technical)
(Member Convenor of Sub-Committee on GRAP)

17 वी मंजिल, जवाहर व्यापार भवन (एस. टी.सी. बिल्डिंग), टॉलस्टॉय मार्ग, नई दिल्ली-110001
दूरभाष : 011-23701213, ई -मेल : caqm-ncr@gov.in
17th Floor, Jawahar Vyapar Bhawan (STC Building), Tolstoy Marg, New Delhi-110001
Tel:011-23701213, E-mail: caqm-ncr@gov.in

# समय सीमा समाप्त एवं ई रिक्शा वाहनों को छुड़वाने वालो द्वारा लगाए गए परिवहन विभाग पर इल्जाम, दलालों का बोलबाला

संजय बाटला




**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन विभाग द्वारा दिल्ली की जनता के समय सीमा समाप्त जब्त किए गए वाहनों और जब्त ई रिक्शा छुड़वाने वालो ने परिवहन विभाग के स्क्रैप शाखा के स्टाफ पर जानबूझ कर वाहन छोड़ने में आनाकानी कर दलालों के माध्यम से वाहन छुड़वाने का इल्जाम लगाया। इस बाबत में वीडियो के माध्यम से ई रिक्शा चालक ने सभी को संदेश भेजा। उस वीडियो में बताया की वहां दलालों का बोलबाला है और ई रिक्शा को जल्दी छुड़वाने के लिए दलाली के नाम पर 5000 रुपए ओर कार एवम्‌ अन्य वाहनों के लिए कम से कम 10000 रुपए वसूल कर रहे है और अंदर से अधिकतम दो दिन में वाहन छुटने के आदेश जारी करवाकर दे रहे है।

दूसरी तरफ वाहन स्क्रैप डीलरो ने इल्जाम लगाया है की दिल्ली परिवहन विभाग उन वाहनों को भी छोड़ने के आदेश जारी कर रहे हैं जिनके मालिक भी उपलब्ध नहीं हैं जो नियम के अनुसार गलत हैं।

उड़ती हुई खबर यह भी सामने आ रही है की पहली बार छूट चुके वाहनों को भी परिवहन विभाग के दलाल मोटी रकम लेकर दूसरी बार भी छुड़वाने के आदेश लेकर दे रहे हैं जो उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना है।

तीसरी मुख्य खबर यह है की दिल्ली परिवहन विभाग ऐसे वाहन स्क्रैप डीलरो को जनता के वाहन सुपुर्द कर रहे हैं

1. जिन्हें सड़क परिवहन एवम्‌ राजमार्ग मंत्रालय ने ब्लैक लिस्टेड किया हुआ है

2. तथा कुछ ऐसे वाहन स्क्रैप डीलर हैं जो प्राप्त वाहनों के स्क्रैप के सबूत देने को तैयार नहीं और जनता को या विभाग तक को पैसे नहीं देते।

3. कुछ स्क्रैप डीलर गाइडलाईन के अनुसार दिल्ली के वाहन स्क्रैप करने के लिए विभाग से ले ही नहीं सकते पर आयुक्त परिवहन के कारण वाहन प्राप्त कर रहे है।

कुल मिलाकर देखा जाए तो वाहनों को जब्त करने, सुपुर्द करने ओर छोड़ने में परिवहन विभाग पर आरोप लग रहे हैं पर उसके बाद भी परिवहन आयुक्त की चुप्पी संदिग्ध है।

# नोएडा में ऑटो और ई-रिक्शा के 23 रास्ते निर्धारित, नौकरीपेशा लोगों को मिलेगी बड़ी राहत

परिवहन विशेष न्यूज

नोएडा को जाम मुक्त बनाने की दिशा में यातायात पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। ट्रैफिक पुलिस ने शहर में ऑटो और ई–रिक्शा के लिए 23 रास्ते निर्धारित किए गए हैं। नोएडा हर दिन हजारों लोग अपने गंतव्य पर आने–जाने के लिए ऑटो रिक्शा का इस्तेमाल करते हैं। पुलिस के इस कदम से अब नौकरीपेशा करने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।



**नोएडा।** शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए नोएडा यातायात पुलिस ने ऑटो व ई-रिक्शा के 23 रूट निर्धारित करने की बुधवार को नई कवायद की। इससे ऑटो चालकों की मनमानी और बेतरतीब तरीके से संचालन पर रोक लगेगी। इससे शहर में लगने वाले जाम से राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं पुलिस कमिश्नर ने जागरूकता वीडियो जारी कर सभी से जल्दबाजी के बजाय यातायात नियमों का पालन करने अपील की। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्ध नगर लक्ष्मी सिंह ने सेक्टर 108 स्थित कार्यालय से ऑटो चालकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने से पहले ऑटो चालकों को रूट चार्ट और रूट नंबर प्रदान किये। सभी ऑटो में रिफ्लेक्टर लगवाकर ही संचालित करवाने पर जोर दिया।

बताया कि जिले में हर दिन हजारों लोग अपने गंतव्य पर आने-जाने के लिए ऑटो रिक्शा का उपयोग करते हैं। ऑटो रूट को व्यवस्थित रखना जरूरी है। आमजन को जाम व अन्य समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े। सभी ऑटो चालकों, ई-रिक्शा चालकों व परिवहन विभाग से समन्वय स्थापित कर निर्धारित किया गया।

गौतमबुद्धनगर में गाजियाबाद, दिल्ली, फरीदाबाद, हापुड़, बुलंदशहर, गुरुग्राम से लोग आवागमन करते हैं। नौकरीपेशा व कामकाजी लोगों को शहर में व्यस्ततम समय में लगने वाले जाम से काफी दिक्कत होती है। इसकी शिकायत लोग यातायात, पुलिस, प्रशासन व एक्स पर पोस्ट कर शिकायत करते हैं। इसके पीछे ऑटो, ई रिक्शा के बेतरतीब तरीके संचालित होने को भी जिम्मेदार ठहराते हैं। इन शिकायतों से विभागों के साथ-साथ शहर की छवि प्रभावित होती है।

टेंपल्स ऑफ लिबरलाइजेशन एंड वेलफेयर एलाइड ट्रस्ट (पंजीकृत)
TOLWA
website : www.tolwa.in
Email : tolwadelhi@gmail.com
bathlasanjaybathla@gmail.com
रजिस्टर्ड अंडर सैक्शन 60 विद रजिस्ट्रेशन नंबर (152/02-03-2020), एमएसएमई रजिस्ट्रेशन नंबर उद्यम –डीएल – 0026470, नीति आयोग रजिस्ट्रेशन नंबर वीओ/एनजीओ/0303274/25-01-2022 दर्पण
रजिस्टर्ड कार्यालय :- 3, प्रियदर्शिनी अपार्टमेंट, ए –4 पश्चिम विहार, न्यू दिल्ली 110063
कॉरपोरेट कार्यालय :- 529, समयपुर, मेंन बवाना रोड, नियर बैंक ऑफ़ बड़ौदा दिल्ली 110042

# दिल्ली में करीब पांच लाख गाड़ियों पर लगा प्रतिबंध, झेलनी पड़ेगी परेशानी

परिवहन विशेष न्यूज

दिल्ली में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए शुक्रवार से ग्रेप–तीन के नियम लागू हो रहे हैं। इसके तहत करीब पांच लाख कारें सड़कों से हट जाएंगी। इनमें बीएस–3 पेट्रोल और बीएस–4 डीजल वाले चार पहिया वाहन शामिल हैं। उल्लंघन करने वाले वाहन मालिकों पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इसे कड़ाई से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं।




**नईदिल्ली।** दिल्ली में शुक्रवार से लोगों को आवागमन में परेशानी हो सकती है, क्योंकि दिल्ली में पांच लाख कारों पर प्रतिबंध लग गया है। शुक्रवार को ग्रेप-तीन के नियम लागू हो जाएंगे। ऐसे में करीब पांच लाख कारें खड़ी हो जाएंगी, क्योंकि बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल वाले चार पहिया वाहनों पर प्रतिबंध लग गया है।

उल्लंघन करने वाले वाहन मालिक पर 20 हजार का जुर्माना लगाया जाएगा। दिल्ली में बीएस-3 के दो लाख पेट्रोल वाहन व बीएस-4 के तहन लाख से अधिक डीजल वाहन हैं। लोगों की परेशानी का कारण यह है कि दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन पूरी तरह से मजबूत नहीं है। पर्यावरण बसें भी अभी नहीं चल रही हैं।

**2020 से पहले के पंजीकृत चार पहिया वाहन नहीं चलेंगे**

प्रतिबंध के तहत बीएस-3 पेट्रोल यानी एक अप्रैल 2010 से पहले के पेट्रोल वाहन और बीएस-4 डीजल के एक अप्रैल 2020 से पहले के पंजीकृत चार पहिया डीजल वाहन दिल्ली में नहीं चल पाएंगे। प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर कार्रवाई के लिए परिवहन विभाग ने 114 टीमें तैनात की है। हालांकि, आपातकालीन सेवाओं के लिए तैनात वाहन और सरकारी कार्यों में लगे वाहन इस प्रतिबंध के दायरे में नहीं आएंगे।

**सार्वजनिक परिवहन के उपयोग की सलाह**

दिल्ली की स्थिति की बात करें तो वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सार्वजनकि परिवहन को मजबूत करना एक बड़ा मुद्दा है, ताकि लोग अपने निजी वाहन सड़कों पर ना निकालें और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें।पर्यावरणविद् मान रहे हैं ऐसा किसा जाना प्रदूषण को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। इसे देखते हुए पर्यावरण विभाग ने गत दिनों हुई सभी विभागों की बैठक में बसों के फेरे बढ़ाने की सलाह दी है।

**600 बसें लाए जाने का सरकार का प्रस्ताव**

मगर डीटीसी और डिम्टस के सामने संकट यह है कि फेरे कैसे बढ़ेंगे, जब पहले से सभी कंडीशन वाली बसें 100 प्रतिशत सड़कों पर उतर रही हैं। सरकार पिछले सालों में प्रदूषण बढ़ने पर पर्यावरण बसों के लिहाल से 600 बसें किराये पर लेती रही है, इस साल ये बसें अभी नहीं आ सकी हैं। सूत्रों की मानें तो इस बार भी 600 बसें लाए जाने का सरकार का प्रस्ताव है। दिल्ली के अलावा दूसरे राज्यों से भी बसें लाए जाने की योजना है। मगर इसमें समय लगने की संभावना है।

**क्या है बीएस मानक**

बीएस (भारत स्टेज) भारत सरकार द्वारा स्थापित उत्सर्जन मानक हैं जो मोटर वाहन के इंजनों द्वारा उत्सर्जित वायु प्रदूषकों की मात्रा का निर्धारण करते हैं। मानकों और उनको लागू किए जाने की समयसीमा का निर्धारण पर्यावरण और वन मंत्रालय और जलवायु परिवर्तन के तहत केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किया जाता है। इन मानकों को पहली बार 2000 में लागू किया गया था।

तब से लगातार मानदंडों को सख्त किया जा रहा है। मानकों के लागू होने के पश्चात निर्मित सभी नए वाहनों के इंजन को इन नियमों के अनुरूप होना आवश्यक है।आसान भाषा में कहें तो बीएस मानक से वाहनों से होने वाले प्रदूषण का पता चलता है, इसके जरिए ही भारत सरकार गाड़ियों के इंजन से निकलने वाले धुएं से होने वाले प्रदूषण पर निगरानी करती है।

# पंद्रह नवम्बर शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा को कई जगह देव दीपावली के नाम से भी जाना जाता है मनाई जा रही है।

पंद्रह नवम्बर शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा को कई जगह देव दीपावली के नाम से भी जाना जाता है मनाई जा रही है।

इसके अलावा कार्तिक पूर्णिमा को त्रिपुरारी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। धर्म ग्रंथों के अनुसार, इसी दिन भगवान शिव ने तारकाक्ष, कमलाक्ष व विद्युन्माली के त्रिपुरों का नाश किया था। त्रिपुरों का नाश करने के कारण ही भगवान शिव का एक नाम त्रिपुरारी भी प्रसिद्ध है। इस दिन गंगा-स्नान तथा सायंकाल दीपदान का विशेष महत्त्व है। इसी पूर्णिमा के भगवान विष्णु का मत्स्यावतार हुआ था।

कार्तिक माह में लोग गंगा और अन्य पवित्र नदियों में स्नान आदि करते हैं। कार्तिक महीने के दौरान गंगा में स्नान करने की शुरुआत शरद पूर्णिमा के दिन से होती है और कार्तिक पूर्णिमा पर समाप्त होती है। कार्तिक पूर्णिमा उत्सव पांच दिनों तक चलता है।

**कार्तिक पूर्णिमा व्रत कथा**

दैत्य तारकासुर के तीन पुत्र थे- तारकाक्ष, कमलाक्ष व विद्युन्माली। जब भगवान शिव के पुत्र कार्तिकेय ने तारकासुर का वध कर दिया तो उसके पुत्रों को बहुत दुःख हुआ। उन्होंने देवताओं से बदला लेने के लिए घोर तपस्या कर ब्रह्माजी को प्रसन्न कर लिया। (श्रीजी की चरण सेवाऱ की सभी धार्मिक, आध्यात्मिक एवं धारावाहिक पोस्टों के लिये हमारे पेज से जुड़े रहें) जब ब्रह्माजी प्रकट हुए तो उन्होंने अमर होने का वरदान मांगा, लेकिन ब्रह्माजी ने उन्हें इसके अलावा कोई दूसरा वरदान माँगने के लिए कहा।

तब उन तीनों ने ब्रह्माजी से कहा कि, आप हमारे लिए तीन नगरों का निर्माण करवाईए। हम इन नगरों में बैठकर सारी पृथ्वी पर आकाश मार्ग से घूमते रहें। एक हजार साल बाद हम एक जगह मिलें। उस समय जब हमारे तीनों पुर (नगर) मिलकर एक हो जायें, तो जो देवता उन्हें एक ही बाण से नष्ट कर सके, वही हमारी मृत्यु का कारण हो। ब्रह्माजी ने उन्हें ये वरदान दे दिया।

ब्रह्माजी का वरदान पाकर तारकाक्ष, कमलाक्ष व विद्युन्माली बहुत प्रसन्न हुए। ब्रह्माजी के कहने पर मयदानव ने उनके लिए तीन नगरों का निर्माण किया। उनमें से एक सोने का, एक चाँदी का व एक लोहे का था। सोने का नगर तारकाक्ष का था, चाँदी का कमलाक्ष का व लोहे का विद्युन्माली का।

अपने पराक्रम से इन तीनों ने तीनों लोकों पर अधिकार कर लिया। इन दैत्यों से घबराकर इंद्र आदि सभी देवता भगवान शंकर की शरण में गए। देवताओं की बात सुनकर भगवान शिव त्रिपुरों का नाश करने के लिए तैयार हो गए। विश्वकर्मा ने भगवान शिव के लिए एक दिव्य रथ का निर्माण किया।



चंद्रमा व सूर्य उसके पहिए बने, इंद्र, वरुण, यम और कुबेर आदि लोकपाल उस रथ के घोड़े बने। हिमालय धनुष बने और शेषनाग उसकी प्रत्यंचा। स्वयं भगवान विष्णु बाण तथा अग्निदेव उसकी नोक बने। उस दिव्य रथ पर सवार होकर जब भगवान शिव त्रिपुरों का नाश करने के लिए चले तो दैत्यों में हा-हाकर मच गया।

दैत्यों व देवताओं में भयंकर युद्ध छिड़ गया। जैसे ही त्रिपुर एक सीध में आए, भगवान शिव ने दिव्य बाण चलाकर उनका नाश कर दिया। त्रित्रुरों का नाश होते ही सभी देवता भगवान शिव की जय-जयकार करने लगे। त्रिपुरों का अंत करने के लिए ही भगवान शिव को त्रिपुरारी भी कहते हैं।

**कार्तिक पूर्णिमा विधि**

कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान, दीप दान, हवन, यज्ञ करने से सांसारिक पाप और ताप का शमन होता है। अन्न, धन एव वस्त्र दान का बहुत महत्व बताया गया है इस दिन जो भी आप दान करते हैं उसका आपको कई गुणा लाभ मिलता है। मान्यता यह भी है कि आप जो कुछ आज दान करते हैं वह आपके लिए स्वर्ग में सरक्षित रहता है जो मृत्यु लोक त्यागने के बाद स्वर्ग में आपको प्राप्त होता है।

शास्त्रों में वर्णित है कि कार्तिक पुर्णिमा के दिन पवित्र नदी व सरोवर एवं धर्म स्थान में जैसे, गंगा, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, गंडक, कुरूक्षेत्र, अयोध्या, काशी में स्नान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। महर्षि अंगिरा ने स्नान के प्रसंग में लिखा है कि यदि स्नान में कुशा और दान करते समय हाथ में जल व जप करते समय संख्या का संकल्प नहीं किया जाए तो कर्म फल की प्राप्ति नहीं होती है। शास्त्र के नियमों का पालन करते हुए इस दिन स्नान करते समय पहले हाथ पैर धो लें फिर आचमन करके हाथ में कुशा लेकर स्नान करें, इसी प्रकार दान देते समय में हाथ में जल लेकर दान करें। आप यज्ञ और जप कर रहे हैं तो पहले संख्या का संकल्प कर लें फिर जप और यज्ञादि कर्म करें।

कार्तिक पूर्णिमा का दिन सिख सम्प्रदाय के लोगों के लिए भी काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस दिन सिख सम्प्रदाय के संस्थापक गुरू नानक देव का जन्म हुआ था। सिख सम्प्रदाय को मानने वाले सुबह स्नान कर गुरूद्वारों में जाकर गुरूवाणी सुनते हैं और नानक जी के बताये रास्ते पर चलने की सौगंध लेते है।

# कोल्ड ड्रिंक की बोतल पर भी चेतावनी छपवानी चाहिए ताकि लोग इसके खतरों को समझ सकें : राजेश खुराना

आगरा, संजय साग़र सिंह। रिपोर्ट्स और आंकड़ों के अनुसार, यह सच है कि कोल्ड ड्रिंक और शुगर से संबंधित स्वास्थ्य समस्याएं बहुत गंभीर हो सकती हैं। दरअसल, अत्यधिक चीनी का सेवन डायबिटीज, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, और यहां तक कि कैंसर जैसी बीमारियों का कारण बन सकता है। यह भी सही है कि इन उत्पादों पर सिगरेट और तंबाकू की तरह चेतावनियाँ छापी जानी चाहिए ताकि लोग इसके खतरों को समझ सकें। यह विचार राष्ट्रवादी चिंतक राजेश खुराना ने लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ते हानिकारक असर को देते हुए राष्ट्रहित और समाजहित में व्यक्त किये।

श्री खुराना ने कहा,- कोल्ड ड्रिंक में अत्यधिक चीनी की मात्रा को लेकर कई शोधों ने इसकी गंभीरता को उजागर किया है। उदाहरण के तौर पर, 2 लीटर कोल्ड ड्रिंक में लगभग 250 ग्राम चीनी होती है, जो एक व्यक्ति के दैनिक शुगर सेवन से कहीं ज्यादा है। यह अत्यधिक चीनी का सेवन शरीर में इंसुलिन का स्तर बढ़ा सकता है, जिससे अनेक जटिलताएँ उत्पन्न होती हैं, जैसे कि उच्च रक्तचाप, दिल की बीमारियाँ, और मेटाबोलिक समस्याएँ। उन्होंने कहा, किसी भी उत्पाद पर चेतावनी छापने का उद्देश्य केवल लोगों को सचेत करना होता है, ताकि वे अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें और ज्यादा चीनी या शुगर युक्त उत्पादों से दूर रहें। यदि कोल्ड ड्रिंक पर सिगरेट की तरह चेतावनी दी जाए, तो यह लोगों को यह सोचने के लिए प्रेरित कर सकता है कि उनकी पसंदीदा पेय का सेवन भी उनके स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। यह जरूरी है कि लोग शुगर के सेवन को सीमित करें और अपने आहार में संतुलन बनाए रखें ताकि वे इन समस्याओं से बच सकें।

उन्होंने आगे कहा,- रिपोर्ट्स और आंकड़ों के अनुसार, सबको पता होता है की 2 लीटर की कोल्ड ड्रिंक की बोतल में लगभग 250 ग्राम शुगर होती है और किसी भी एक स्वस्थ व्यक्ति को पूरे दिन में 6 चम्मच से ज्यादा चीनी नहीं लेनी चाहिए। परंतु फिर भी हम कोल्ड ड्रिंक तब तक पीते हैं, जब तक डायबिटीज का लेवल 400 पार नहीं कर जाता। याद रखना एक बार डायबिटीज होने पर दवाई तो आप खा लोगे परंतु उसके साइड इफेक्ट से नहीं बच पाओगे। ये सभी दवाएं खून में इंसुलिन का स्तर बहुत अधिक बढ़ा देती हैं। इंसुलिन की इतनी मात्रा होने से, खून बहुत गाढ़ा हो जाता है। शरीर में बड़ी मात्रा में इंसुलिन होने से उसे भारी नुकसान पहुंचता है। यह जिगर, गुर्दे और मल उत्सर्जन वाले अन्य अंगों को लगभग नष्ट कर देती है। गाढ़ेपन और काम में इंसुलिन पेट के एसिड की तरह होती है। सोचिए अगर पेट का एसिड आपके आंतरिक अंगों में भर जाए तो क्या होगा ?

उन्होंने कहा, वे एसिड से जल जाएँगे। इंसुलिन का बढ़ा हुआ स्तर, कोशिकाओं को नष्ट करके, उन्हें असामान्य रूप से विभाजित करने लगता है, और यही ऑन्कोलॉजी है। इस वजह से, आंकड़ों के अनुसार, डायबिटीज के 28% मरीज़ों में कैंसर विकसित हो जाता है। इसके अलावा, इंसुलिन की बड़ी मात्रा रक्त वाहिकाओं में कोलेस्ट्रॉल के तेजी से जमने का कारण बनती है, क्योंकि इंसुलिन के कारण गाढ़े हो गए खून का बहाव धीमा हो जाता है। जिसकी वजह से, रक्त वाहिकाएँ कोलेस्ट्रॉल से भर जाती हैं, जिसके कारण रक्तचाप बढ़ जाता है। डायबिटीज के 98% मरीज़ उच्च रक्तचाप से पीड़ित होते हैं और उनमें हृदय प्रणाली की कई अन्य समस्याएं पैदा हो जाती हैं। इसलिये राष्ट्रहित एवं स्वास्थ्यहित में कोल्ड ड्रिंक की बोतल पर भी चेतावनी छपवानी चाहिए ताकि अंजान लोग इसके खतरों को समझ सकें।



# वैडिंग सीजन में 1000 रुपये वाला लहंगा भी दिखेगा स्टाइलिश और डिजाइनर, इन हैक्स को फॉलो करें

वैडिंग का सीजन शुरु हो चुका है। ऐसे में आप भी शादियों को लेकर काफी शॉपिंग कर रहे होंगे। चाहे किसी की शादी हो या घर का फंक्शन हो, तो आप लहंगे को स्टाइलिश अंदाज में ज्वेलरी से लेकर मेकअप तक के लिए कलर कॉम्बिनेशन का खासतौर से ध्यान रखे, तो आपका लहंगा किसी डिजाइनर से कम नहीं लगेगा।



**नई दिल्ली।** शादियों का सीजन शुरु हो गया है। 2 महीने तक काफी शादियां होने वाली है। अगर आपके घर में शादी हो या फिर कोई फंक्शन, तो लहंगा पहनना काफी शानदार लगता है। ऐसे में आप शॉपिंग जरुर कर रहे होंगे। मार्केट में महंगे से लेकर सस्ते से सस्ते डिजाइन के लहंगे आपको मिल जाएंगे। शादी हो या फंक्शन इस दौरान सभी लोग स्टाइलिश और फैशनेबल देखने की हर किसी चाह होती है। अगर आप एक ही आउटफिट पर ज्यादा खर्च नहीं करना चाहते हैं तो आप सस्ते से सस्ते लहंगे को एकदम डिजाइनर बना सकते हैं। बस आपको इन हैक्स को फॉलो करना है, जिससे आप सस्ते लहंगे को को डिजाइनर बना सकते हैं।

**ब्लाउज को कैसे स्टाइल करें**

आपने जो लहंगा को खरीदा है और उसका ब्लाउज काफी सिंपल है तो इसे स्टाइलिश लुक देने के लिए आप अलग से स्टाइलिश रेडीमेड ब्लाउज को खरीदकर पहन सकते हैं। इसकी जगह आप मार्केट से फैंसी पैडेड वाले ब्लाउज भी खरीद सकत हैं। आप चाहे तो लहंगा के साथ आया ब्लाउज फैब्रिक से ही अलग से लेस और पैच खरीदकर ब्लाउज में लगवा सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी अच्छा लगेगा।

**दुपट्टा स्टाइल कैसे करें**

अगर आप दुपट्टे को हटकर डैप करेंगी। सबकी निगाहें आप पर ही होगी। स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप दुपट्टे को लहंगा साड़ी की तरह ड्रेप कर सकते हैं। आप दुपट्टा को प्लीट्स बनाकर भी केवल एक कंधे में दुपट्टे का उल्टा पल्लू स्टाइल कर सकते हैं। यदि आप दुपट्टे को स्टाइल करना चाहती हैं, तो आप दोनों दुपट्टे को अलग-अलग पैटर्न और फैब्रिक के खरीदें सकते हैं। ध्यान रहे कि दोनो दुपट्टे के कलर कॉम्बिनेशन को लहंगे से मैच करना जरुरी है।

**इस तरह से लहंगा स्कर्ट को दें स्टाइलिश लुक**

आमतौर पर सस्ते लहंगों की स्कर्ट ज्यादा हैवी डिजाइन देखने को नहीं मिलती है। आप चाहें तो लहंगे स्कर्ट में कैन-कैन अलग से लगवा सकती है, जिससे आपका लहंगा काफी महंगा नजर आएगा। कैन-कैन के लगे रहने से लहंगा स्कर्ट की कलियों को काफी आकर्षक लुक देने का काम करेगा। बाजार या ऑनलाइन आपको कैन-कैन मिल जाएगी या आप कैन-कैन की स्कर्ट भी ले सकते हैं।

# दिसंबर में गोवा ट्रिप पर जानें से पहले, जान लीजिए कितना खर्चा हो सकता है ?



दिसंबर के महीने में भारत के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ने लगती है। ऐसे में लोग ठंड से बचने के लिए गोवा घूमने का प्लान जरुर बनाते है। दिसंबर के महीने में ज्यादातर लोग गोवा घूमने का प्लान जरुर बनाते हैं। अगर आप भी गोवा जाने का प्लान बना रहे हैं, तो जान लीजिए कितना खर्च आएगा।

**नई दिल्ली।** मौज-मस्ती करने के लिए गोवा से बेहतर क्या ही जगह हो सकती है। दिसंबर के महीने में काफी ठंड पड़ती है लेकिन इस दौरान गोवा जाने का प्लान भी सबसे बढ़िया रहता है। समुद्र किनारे बैठ कर ठंडी हवाओं का मजा लेना बहुत सुकून देता है। यहां पर कई सुंदर बीचेज मौजूद है। गोवा में कैलंगुट बीच काफी मशहूर है। इस बीच पर आपको वाटर फॉल, आकर्षित नजारे और कई एडवेंचर एक्टिवीटीज भी कर सकते है। दिसंबर और जनवरी के महीने में लोग गोवा जाने की काफी प्लानिंग करते हैं। ऐसे में आपको जान लेना चाहिए कि इस महीने में गोवा जाने पर कितना खर्च होगा।

**महंगी हो जाती है कई चीजें**

गोवा में दिसंबर-जनवरी के महीने में काफी रौनक देखने को मिलती है। इस दौरान हर एक बीच में काफी सजावट होती है और जगह-जगह पार्टियों का आयोजन होता है। इस समय हर चीज का रेट दोगुना हो जाता है। रेंट पर स्कूटी आम दिनों में 200-250 होती है और वहीं, दिसंबर महीने में 500 से भी ज्यादा के किराए पर मिलती है। होटल के कमरों का चार्ज भी काफी ज्यादा हो जाता है। 2000 हजार में कमरे मिलते, जबकि नॉर्मल 1000 रुपये मिल जाते हैं।

**कितना होगा खर्च**

गोवा में घूमने के लिए 5 से 10 हजार में भी घूम सकते हैं, लेकिन ये शुरुआती खर्चा है। हालांकि, गोवा का बेसिक खर्च 20 से 30 हजार तक हो सकता है। वहीं, आप दिसबंर-जनवरी के महीने में गोवा जाते हैं तो आपका खर्चा बढकर 50 से 80 हजार दो लोगों का हो सकता है। इतने रुपये में आप गोवा में एक्टिविटीज का मजा ले सकते हैं। बता दें कि यह खर्च 3 रात 4 दिन का है।

# किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता सोशल मीडिया

हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने कहा है कि सरकार 16 साल से कम उम्र के लोगों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून बनाएगी। वास्तव में पूरी दुनिया में किशोरों की सुरक्षा के लिए सोशल मीडिया पर आयु प्रतिबंध लगाने के संभावित लाभ और नुकसान, साथ ही संभावित अनपेक्षित परिणामों पर विचार करना होगा। क्या ऐसे प्रतिबंध मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा करने, हानिकारक सामग्री के संपर्क को कम करने और विकासशील दिमागों की रक्षा करने में मदद कर सकते हैं।

किशोरों पर सोशल मीडिया के प्रभाव ने वैश्विक स्तर पर गंभीर चिंताएँ पैदा की हैं, इस बात पर बहस चल रही है कि क्या आयु प्रतिबंध इसके संभावित नुकसानों को प्रभावी ढंग से दूर कर सकते हैं या अनपेक्षित परिणामों को जन्म दे सकते हैं। साथियों के साथ बातचीत और समुदाय निर्माण की सुविधा देता है, सामाजिक कौशल विकास में सहायता करता है। प्यू रिसर्च (2023) ने पाया कि 71% किशोर सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक जुड़ाव महसूस करते हैं। युवाओं को पहचान तलाशने और ख़ुद को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सोशल मीडिया इंटरनेट साइट्स और ऐप्स के लिए एक शब्द है जिसका उपयोग आप अपने द्वारा बनाई गई सामग्री को साझा करने के लिए कर सकते हैं। सोशल मीडिया आपको दूसरों द्वारा पोस्ट की गई सामग्री पर प्रतिक्रिया देने की सुविधा भी देता है। इसमें दूसरों द्वारा पोस्ट की गई तस्वीरें, टेक्स्ट, प्रतिक्रियाएँ या टिप्पणियाँ और जानकारी के लिंक शामिल हो सकते हैं।

सोशल मीडिया साइट्स के भीतर ऑनलाइन शेयरिंग कई लोगों को दोस्तों के संपर्क में रहने या नए लोगों से जुड़ने में मदद करती है और यह अन्य आयु समूहों की तुलना में किशोरों के लिए अधिक महत्त्वपूर्ण हो सकता है। दोस्ती किशोरों को समर्थित महसूस करने में मदद करती है और उनकी पहचान बनाने में भूमिका निभाती है। इसलिए, यह सोचना स्वाभाविक है कि सोशल मीडिया का उपयोग किशोरों को कैसे प्रभावित कर सकता है। सोशल मीडिया बहुत से किशोरों के दैनिक जीवन का एक बड़ा हिस्सा है। कितना बड़ा? 13 से 17 साल के बच्चों पर 2024 में किए गए एक सर्वेक्षण से इसका सुराग मिलता है। लगभग 1, 300 प्रतिक्रियाओं के आधार पर, सर्वेक्षण में पाया गया कि 35% किशोर दिन में कई बार से ज़्यादा पाँच सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म में से कम से कम एक का इस्तेमाल करते हैं। पाँच सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म हैं: यूट्यूब, टिकटोक, फेसबुक, इंस्टाग्राम और स्नैपचैट। सोशल मीडिया सभी किशोरों को एक जैसा प्रभावित नहीं करता है। सोशल मीडिया का उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर स्वस्थ और अस्वस्थ प्रभावों से जुड़ा हुआ है। ये प्रभाव एक किशोर से दूसरे किशोर में अलग-अलग होते हैं। मानसिक स्वास्थ्य पर सोशल मीडिया का प्रभाव चीज़ों पर निर्भर करता है।

यूनिसेफ की रिपोर्ट (2022) से पता चलता है कि सोशल मीडिया 62% किशोरों में आत्म-पहचान को बढ़ावा देता है। विशाल शैक्षिक संसाधनों तक पहुँच सक्षम करता है, डिजिटल साक्षरता और कौशल को बढ़ाता है। लिंक्डइन और फ़ेसबुक युवाओं के लिए डिजिटल कौशल पर कार्यशालाएँ प्रदान करते हैं। हाशिए के समूहों के लिए समर्थन और समझ पाने के लिए सुरक्षित स्थान बनाता है WHO (2022) ने सीमित सोशल मीडिया एक्सपोजर वाले युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य जोखिमों में 20% की कमी की रिपोर्ट की है। अनुचित या खतरनाक सामग्री के संपर्क को सीमित करता है, जिससे नकारात्मक प्रभावों के जोखिम कम होते हैं। अमेरिकन साइकोलॉजिकल



-डॉ सत्यवान सौरभ

एसोसिएशन (2023) ने पाया कि सोशल मीडिया का उपयोग साइबरबुलिंग के जोखिम को 30% तक बढ़ाता है। युवा उपयोगकर्ताओं को लक्षित करने वाले शिकारी व्यवहार और शोषण के जोखिमों को कम करने में मदद करता है। नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रन की 2023 की रिपोर्ट में युवाओं से जुड़े ऑनलाइन शोषण के मामलों में 15% की वृद्धि पर प्रकाश डाला गया है। अत्यधिक स्क्रीन समय को नियंत्रित करता है, बेहतर स्वास्थ्य और ऑफ़लाइन जुड़ाव का समर्थन करता है। डिजिटल मीडिया पर दक्षिण कोरिया के नियम (2021) नाबालिगों में स्क्रीन की लत को सीमित करते हैं।

आयु सत्यापन प्रणाली जैसे आयु प्रतिबंधों के अनपेक्षित परिणाम अक्सर दरकिनार कर दिए जाते हैं, जिससे प्रतिबंधों को लागू करना मुश्किल हो जाता है। यू.के. के अध्ययन (2022) से पता चलता है कि 30% किशोर न्यूनतम प्रयास से आयु जाँच को दरकिनार कर देते हैं। आयु प्रतिबंध डिजिटल शिक्षा को सीमित कर सकते हैं, जिससे युवा ज़िम्मेदार ऑनलाइन बातचीत के लिए तैयार नहीं हो पाते। पहुँच को प्रतिबंधित करने से किशोर अलग-थलग पड़ सकते हैं, जिससे वे महत्त्वपूर्ण सामाजिक संवादों में शामिल नहीं हो पाते। यूनिसेफ (2023) ने पाया कि सोशल मीडिया समावेशिता में मदद करता है, खासकर हाशिए पर पड़े समूहों के लिए। प्रमुख प्लेटफ़ॉर्म पर प्रतिबंध युवाओं को कम विनियमित, संभावित रूप से अधिक हानिकारक साइटों की ओर धकेल सकते हैं। प्रतिबंध वाले देशों में, किशोर कम सुरक्षा नियंत्रण वाले आला प्लेटफ़ॉर्म की ओर मुड़ गए हैं, जिससे जोखिम बढ़ गया है। डिजिटल साक्षरता और जागरूकता को बढ़ावा दें युवाओं को सुरक्षित ऑनलाइन प्रथाओं के बारे में शिक्षित करने के लिए स्कूलों में व्यापक डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम शुरू करें।

फ़िनलैंड का मीडिया साक्षरता सप्ताह छात्रों को डिजिटल सुरक्षा और आलोचनात्मक सोच में प्रशिक्षित करता है। माता-पिता को अपने बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग की निगरानी और मार्गदर्शन करने में मदद करने के लिए संसाधन प्रदान करें। 2017 चाइल्ड ऑनलाइन प्रोटेक्शन फ्रेमवर्क डिजिटल मार्गदर्शन में माता-पिता की भूमिका पर ज़ोर देता है। उम्र सम्बंधी प्रतिबंधों के बजाय हानिकारक सामग्री को प्रतिबंधित करने पर ध्यान केंद्रित करें, जिससे सुरक्षित और संयमित उपयोग की अनुमति मिले। जुआ और हिंसा जैसी सामग्री पर फ्रांस के 2022 के चुनिंदा प्रतिबंध पूर्ण प्रतिबंध के बिना युवाओं की रक्षा करते हैं। जबकि सोशल मीडिया पर उम्र सम्बंधी प्रतिबंध सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं, एक संतुलित दृष्टिकोण जो डिजिटल शिक्षा, माता-पिता की भागीदारी और लक्षित सामग्री विनियमन को जोड़ता है, किशोरों की सुरक्षा के लिए अधिक व्यावहारिक है, जबकि उन्हें जिम्मेदारी से सोशल मीडिया से लाभ उठाने की अनुमति देता है।

# साहिबज़ादा ज़ोरावर सिंह और साहिबज़ादा फ़तेह सिंह



गुरु गोविंद सिंह के चार बेटों में से दो छोटे बेटे थे. इन दोनों के बलिदान के घटनाक्रम इस तरह घटित हुआ था।

सरसा नदी पार करते समय गुरु गोविंद सिंह का परिवार बिछड़ गया था.

माता गुजरी और छोटे साहिबज़ादे ज़ोरावर सिंह और फ़तेह सिंह, गुरु गोविंद सिंह और उनके दो बड़े भाइयों से अलग हो गए थे.

सरहिंद के लिए ही नवाब वज़ीर ख़ान ने इन दोनों को बंदी बना लिया था.

वज़ीर ख़ान ने इन दोनों को धर्म को मानने को परिवर्तन के लिए लालच और धमकियां दीं, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से मना कर दिया.

जिसके चलते इन दोनों बच्चो वज़ीर ख़ान ने जिंदा दीवारों में चुनवाने का आदेश दिया.

26 दिसंबर, 1705 को काज़ी के संकेत पर एक जल्लाद ने इन दोनों का शीश तलवार से काट दिया ।

माता गुजरी जी भी छोटे साहिबज़ादों की शहादत का समाचार सुनकर ठंडे बूर्ज में ही बलिदान हो गईं.

गुरु गोविंद सिंह के प्रेमी सिखों ने माता गुजरी जी और दोनों छोटे साहिबज़ादों का अंतिम संस्कार किया.

नमन हैं ऐसे सनातनी परिवार और वीर बालकों को जिन्होंने मरना स्वीकारा लेकिन विधर्म मुसलमान धर्म को अपनाने से मना कर दिया ।

# आप के महेश कुमार खींची बने नए मेयर, बीजेपी को 130 वोट; रविंद्र भारद्वाज बने उप-महापौर



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) ने जीत हासिल की है। आप के महेश कुमार खींची नए मेयर चुने गए हैं। चुनाव में आप को 133 वोट मिले जबकि बीजेपी को 130 वोट मिले। हालांकि आप के 8 पार्षदों ने क्रॉस वोटिंग की। इस जीत के साथ आप ने दिल्ली में अपने शासन को मजबूत किया है।

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी को जीत मिली है। आप के महेश कुमार खींची नए मेयर बन गए। चुनाव में आप को 133 मिले। बीजेपी को 130 वोट मिले। आप के 8 पार्षदों ने क्रॉस वोटिंग किया। वहीं रवींद्र भारद्वाज डिप्टी मेयर बने हैं। वह निर्विरोध चुने गए हैं।

मेयर चुनाव में कुल 265 वोट पड़े। इसमें 2 वोट अवैध घोषित किए गए। आप की तरफ से 8 क्रॉस वोटिंग हुई। इससे पहले कांग्रेस ने चुनाव से वॉकआउट किया। वहीं नाटकीय घटनाक्रम में कांग्रेस पार्षद सबीला बेगम ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

**देव नगर वार्ड से पार्षद हैं खींची**

46 वर्ष के महेश कुमार खींची वर्तमान में देव नगर वार्ड से पार्षद हैं, जो करोल बाग विधानसभा क्षेत्र में आता है। वह दिल्ली विश्वविद्यालय के मोतीलाल नेहरू कॉलेज से स्नातक हैं। बता दें, वह अनुसूचित जाति से आते हैं और एमसीडी में मेयर का तीसरा कार्यकाल किसी अनुसूचित जाति के प्रत्याशी के लिए आरक्षित है।

**तीन वोटों से बीजेपी को हराया**

आम आदमी पार्टी द्वारा मैदान में उतारे गए दलित उम्मीदवार खींची ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के किशन लाल को तीन वोटों के मामूली अंतर से हराया। खींची को जहां 133 वोट मिले, वहीं लाल को 130 वोट मिले। दो मत अवैध घोषित किए गए। कांग्रेस के आठ पार्षदों ने मतदान प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया।

**सीएम आतिशी ने दी बधाई**

एमसीडी में आप की जीत पर सीएम आतिशी ने एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने पोस्ट किया- दलित विरोधी भाजपा ने षड्यंत्र रचकर मेयर चुनाव में देरी करवाई। लेकिन एक बार फिर बाबा साहेब के संविधान की जीत हुई है। आम आदमी पार्टी की बदौलत दिल्ली को दलित मेयर मिला। मेयर बनने पर महेश खींची जी को बधाई! मुझे उम्मीद है कि आपके नेतृत्व में MCD में अरविंद केजरीवाल जी की राजनीति आगे बढ़ेगी।

## यहां हो गया खेल; आप ने मेयर चुनाव में ऐसे मार ली बाजी

दिल्ली को सात महीने बाद नया महापौर मिल गया है। आप के महेश कुमार ने भाजपा के कृष्ण लाल को महज तीन वोटों से हराया। हालांकि आप को इस चुनाव में बड़ा झटका लगा है। उनके आठ सदस्यों ने भाजपा को क्रॉस वोट किया जिससे महेश कुमार को 11 वोट कम मिले। कांग्रेस इस पूरे खेल से बाहर हो गई।

**नई दिल्ली।** सात माह बाद दिल्ली को नया महापौर मिल गया है। देव नगर वार्ड से पार्षद महेश कुमार महापौर चुनाव जीत गए हैं। जबकि उप महापौर पद भाजपा प्रत्याशी नीता बिष्ठ ने नाम वापस ले लिया तो आप पार्षद रविंद्र भारद्वाज ने निर्विरोध जीत दर्ज की। भले ही आप ने महापौर व उप महापौर पद पर जीत दर्ज कर ली है लेकिन आप को इस चुनाव में बड़ा झटका लगा है।

आप के आठ सदस्यों ने भाजपा को सीधे तौर पर क्रोस वोट कर दिया। जिसकी वजह से महेश कुमार को मात्र 133 वोट ही मिले। जबकि उन्हें 144 वोट मिलने चाहिए थे। यानि 11 वोट कम मिले। इसमें एक वोट आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के अनुपस्थित होने से कम हो गया था जबकि दो वोट रद्द होने से कम हो गए। आप के आठ सदस्यों द्वारा भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मतदान करने से भाजपा को 122 मतों की बजाय 130 मत मिले।

**कृष्ण लाल मात्र तीन वोटों से हार गए**

इससे भाजपा प्रत्याशी कृष्ण लाल मात्र तीन वोटों से हार गए। हालांकि रोचक बात यह है कि जो दो वोट रद्द हुए हैं उसमें एक वोट भाजपा को मिलने वाला था जबकि दूसरा वोट आप को मिलने वाला था, लेकिन बैलेट पेपर पर तय स्थान से बाहर मोहर लगाने की वजह से दोनों वोट को रद्द करार दे दिया गया।

**कांग्रेस के पार्षद सदन से वाकआउट कर गए**

पीठासीन अधिकारी सत्या शर्मा ने महापौर चुनाव प्रक्रिया शुरू कराई तो कांग्रेस के पार्षदों ने आप को महापौर चुनाव में देरी कराने का विरोध करते हुए पीठासीन अधिकारी के आसन के पास पहुंचकर नारेबाजी की। साथ ही अनुसूचित जाति का विरोधी होने का आरोप लगाते हुए सदन से वाकआउट कर दिया। इसी बीच कांग्रेस पार्षद मुस्तफाबाद से पार्षद सबीला बेगम ने बीच चुनाव में कांग्रेस छोड़ आप के सदस्यों के बीच जा बैठी।

**मनोज तिवारी ने भी सदन में किया मतदान**

पीठासीन अधिकारी ने चुनाव की प्रक्रिया शुरू कराते हुए सबसे पहले सांसदों, उसके बाद विधायकों और फिर पार्षदों से मतदान कराया गया। हालांकि भाजपा सांसद मनोज तिवारी शुरूआत में मौजूद नहीं थे, लेकिन चुनाव की प्रक्रिया खत्म होने से ठीक पहले सदन में पहुंच गए और उन्होंने भी मतदान किया। पूरा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। न तो भाजपा के पार्षदों ने आप के खिलाफ नारेबाजी ज्यादा की और न ही आप के पार्षदों ने नारेबाजी की।

**मोबाइल बैन का किसी भी पार्टी ने नहीं किया विरोध**

दोनों ही दलों के पार्षद शांतिपूर्वक ढंग से चुनाव में हिस्सा लेते दिखे। हालांकि स्थायी समिति के सदस्य के चुनाव में सदन के भीतर मोबाइल ले जाने और जांच करने का विरोध करने वाले आप पार्षदों ने इस बार कोई विरोध नहीं किया। सभी जांच भी कराई और मोबाइल भी लेकर नहीं गए। उल्लेखनीय है कि एमसीडी में महापौर व उप महापौर चुनने के लिए पार्षदों के साथ ही 14 विधानसभा से निगम में नामांकित विधायक और राज्यसभा और लोकसभा के सांसद भी वोट करते हैं।

**किसके पास थे कितने थे कितने वोट**

कुल सदस्यः 273 (249 निर्वाचित पार्षद, 14 विधायक और सात लोकसभा व तीन राज्यसभा सदस्य)

आप : 144 (128 पार्षद, 13 विधायक, तीन राज्यसभा सदस्य)

भाजपाः 122 (114 पार्षद, सात लोकसभा सांसद व एक विधायक)

कांग्रेस : 7

किस प्रत्याशी को कितने वोट मिले

कुल वोटः 273

मतदान हुआ : 265

महेश कुमार (आप)- 133

# दिल्लीवासियों को झेलनी पड़ेगी परेशानी; मेट्रो की इस रूट पर बाधित रहेंगी सेवाएं; जान लें कैसा रहेगा परिचालन

दिल्ली मेट्रो की येलो लाइन पर निर्माण कार्य के चलते 14 से 20 नवंबर तक आंशिक रूप से सेवाएं बाधित रहेंगी। समयपुर बादली से जहांगीरपुरी के बीच मेट्रो परिचालन प्रभावित रहेगी। इस दौरान अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। उक्त अवधि में रात 1045 बजे के बाद से से सुबह 0702 बजे तक समयपुर बादली और जहांगीरपुरी के मेट्रो ट्रेन सेवा उपलब्ध नहीं होगी।

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो चौथे चरण के जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम कॉरिडोर के 490 मीटर हिस्से पर निर्माण कार्य किया जाना है। निर्माण कार्य के लिए प्रस्तावित हिस्सा येलो लाइन के हैदरपुर बादली मोड़ मेट्रो स्टेशन को पार करता है। इस कारण येलो लाइन पर 14 और 15 नवंबर की मध्यरात्रि से 19 व 20 नवंबर की मध्यरात्रि तक मेट्रो ट्रेन सेवा बाधित रहेगी।

दिल्ली मेट्रो रेल निगम द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उक्त अवधि में रात 10:45 बजे के बाद से से सुबह 07:02 बजे तक समयपुर बादली और जहांगीरपुरी के मेट्रो ट्रेन सेवा उपलब्ध नहीं होगी। इस कारण समयपुर बादली, रोहिणी सेक्टर 18,19 और हैदरपुर बादली मोड़ स्टेशन सुबह 07:02 बजे तक बंद रहेंगे।

**इस दौरान ट्रेनों का परिचालन इस प्रकार होगा**

समयपुर बादली-मिलेनियम सिटी सेंटर गुरुग्राम खंड पर पहली ट्रेन सुबह 7.02 बजे और अंतिम ट्रेन रात 10.45 बजे चलेगी।

मिलेनियम सिटी सेंटर गुरुग्राम-समयपुर बादली खंड पर पहली ट्रेन सुबह छह बजे और अंतिम ट्रेन रात साढ़े नौ बजे चलेगी।

जहांगीरपुरी-समयपुर बादली खंड पर पहली ट्रेन सुबह 7.07 बजे और अंतिम ट्रेन रात 10.45 बजे रवाना होगी।

समयपुर बादली-जहांगीरपुरी खंड पर पहली ट्रेन सुबह 6.10 बजे और अंतिम ट्रेन रात 11.07 बजे रवाना होगी।

मिलेनियम सिटी सेंटर गुरुग्राम-जहांगीरपुरी खंड पर पहली ट्रेन सुबह छह बजे और अंतिम ट्रेन रात 11 बजे रवाना होगी।



**मेट्रो ट्रेन के लगेंगे अतिरिक्त फेरे**

ग्रेप तीन के प्रावधान लागू होने से लोगों को आवाजाही में परेशानी न हो इसके लिए दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने मेट्रो ट्रेन के फेरे बढ़ाने का निर्णय लिया है। ग्रेप दो के प्रावधान लागू होने पर मेट्रो ट्रेन के 40 फेरे बढ़ाए गए थे। अब 20 फेरे और बढ़ाए जाएंगे। डीएमआरसी प्रवक्ता का कहना है कि ग्रेप तीन के प्रावधान लागू रहने तक प्रत्येक सप्ताह सोमवार से शुक्रवार तक मेट्रो ट्रेन के 60 अतिरिक्त फेरे लगेंगे।

# दिल्ली में अपना घर पाने का होगा सपना पूरा, बुकिंग शुरू; कुछ ही घंटों में बिक गए 600 फ्लैट्स




राजधानी दिल्ली में अपना घर का सपना देखने वाले लोगों के लिए खुशखबर है। DDA एक बार फिर फ्लैट खरीदने का मौका दे रहा है। डीडीए ने सस्ता घर आवासीय योजना निकाली है। इसकी बुकिंग भी शुरु हो गई है। खबर के माध्यम से पढ़ें कि आप अपने सपनों का घर कितने रुपये में खरीद सकते हैं।

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने बृहस्पतिवार को 2024 सस्ता घर आवास योजना के दूसरे चरण की शुरुआत की। इसमें नरेला, रोहिणी, मंगलापुरी (द्वारका), सिरसपुर और लोकनायकपुरम सहित विभिन्न स्थानों पर 2,600 से अधिक किफायती फ्लैटों की पेशकश की गई है।

डीडीए के मुताबिक इस योजना को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। पहले दिन कुछ ही घंटों में 600 से अधिक फ्लैट बिक गए। अकेले मंगलापुरी (द्वारका) में, सभी 191 ईडब्ल्यूएस फ्लैट पहले कुछ घंटों में बिक गए। इसमें कहा गया है कि रोहिणी में फ्लैट भी तेजी से बिक रहे हैं।

जबकि नरेला में 200 से अधिक ईडब्ल्यूएस फ्लैट पहले ही बेचे जा चुके हैं। डीडीए के मुताबिक यह पहल दिल्ली में किफायती आवास की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए डीडीए का एक मजबूत कदम है।

**हाथ से न जाने दें ऐसा सुनहरा मौका**

बता दें कि दूसरे चरण की बुकिंग 14 नवंबर से शुरू हो गई है। इस मौके को हाथ से न जाने दें क्योंकि दिल्ली में बहुत सस्ता फ्लैट मिल रहा है। वहीं, इस पहल का मुख्य उद्देश्य लोगों द्वारा सस्ते आवास की बढ़ती मांग को पूरा करना है। ताकि अधिक से अधिक लोगों को अपने सपनों का घर मिल सके।

**किन जगहों पर मिलेंगे फ्लैट**

डीडीए सस्ता घर आवासीय योजना के तहत रोहिणी सेक्टर 34 और 35 में 250 से अधिक एनआईजी फ्लैट आकर्षक कीमत सिर्फ 12 लाख रुपये से 14.50 लाख रुपये रखी गई। आप यहां फ्लैट खरीदने के लिए बुकिंग करा सकते हैं।

**द्वारका (मंगलापुरी) में 180 फ्लैट उपलब्ध**

डीडीए के मुताबिक द्वारका (मंगलापुरी) में करीब 180 ईडब्ल्यूएस फ्लैट मौजूद हैं।। इन फ्लैटों की कीमत 32 लाख रुपये से 35 लाख रुपये तक रखी गई है। इन फ्लैटों की बुकिंग के लिए आज से ही आवेदन किया जा सका है।

**नरेला में 1800 से ज्यादा फ्लैट**

नरेला सेक्टर ए1 और ए4 में सबसे ज्यादा 1800 से अधिक ईडब्ल्यूएस फ्लैट बने हैं। यहां पर इन फ्लैटों की कीमत 18 लाख से 20 लाख रुपये तय की गई है। इस आकर्षक कीमत पर फ्लैट खरीदने के लिए आप आज से ही बुकिंग कर सकते हैं।

# 'डायबिटीज से डरना नहीं, चला जन जागरूकता अभियान

मधुमेह एक गंभीर बीमारी है लेकिन इसके बारे में जागरूकता की कमी के कारण लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं। इसी समस्या को दूर करने के लिए विश्व मधुमेह फाउंडेशन और पहल फाउंडेशन ने मिलकर उत्तर और पूर्वी भारत के 12 शहरों में मधुमेह से डरना नहीं नाम से एक जन जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत हजारों लोगों को मधुमेह के बारे में जानकारी दी गई।

**नई दिल्ली।** मधुमेह एक साइलेंट किलर है। भारत में लाखों लोग मधुमेह से पीड़ित हैं और इससे भी अधिक संख्या में लोग प्री-डायबिटिक स्टेज में हैं। फिर भी शुरुआती लक्षणों के बावजूद इसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। केवल जब जटिलताएं इतनी बड़ी हो जाती हैं कि उन्हें दबाया नहीं जा सकता या टाला नहीं जा सकता, तभी लोग उपचार के लिए जाते हैं। इसके अलावा अनियमित जीवनशैली के साथ-साथ गलत खान-पान, काम का दबाव आदि भी समस्याओं को बढ़ा देते हैं।

**मधुमेह के बारे में आम जनता को किया जाए जागरूक**

इसलिए हम सभी को मधुमेह के बारे में अधिक सावधान रहने के लिए अतिरिक्त 'मानसिक प्रोत्साहन' की आवश्यकता है। समय की मांग है कि मधुमेह के बारे में आम जनता के बीच एक मजबूत जागरूकता पैदा की जाए। मधुमेह का जल्दी पता कैसे लगाया जाए, एहतियाती उपाय क्या हैं आदि।

इस बेहद महत्वपूर्ण कार्य को ध्यान में रखते हुए विश्व मधुमेह फाउंडेशन (World Diabetes Foundation) और पहल फाउंडेशन (Pehel Foundation) ने उत्तर और पूर्वी भारत के 12 शहरों में 'मधुमेह से डरना नहीं' नाम से एक जन जागरूकता अभियान शुरू करने के लिए हाथ मिलाया। जिसमें हजारों लोगों को इस संबंध में जानकारी दी गई। मधुमेह संबंधी समस्याओं से बचाव के लिए प्रभावी सलाह दी गई।

**पहल फाउंडेशन भारत में गैर-लाभकारी संगठन**

डब्ल्यूडीएफ मधुमेह की रोकथाम और देखभाल परियोजनाओं के लिए विश्व की अग्रणी गैर-लाभकारी संस्था है। खासकर विकासशील देशों में। पहल फाउंडेशन भारत में एक प्रशंसित गैर-लाभकारी संगठन है, जो देशभर में मानव जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए अथक प्रयास कर रहा है।

**इन शहरों में किया गया 'मधुमेह से डरना नहीं' कार्यक्रम**

- मेरठ
- आगरा
- वाराणसी
- प्रयागराज
- गोरखपुर
- बरेली
- मथुरा
- अयोध्या
- देहरादून
- पटना
- भागलपुर

संपूर्ण गतिविधि 2 चरणों में आयोजित की गई। पहले चरण में, वाणिज्यिक बाजारों, कार्यालय क्षेत्रों, हाउसिंग सोसाइटियों और सामुदायिक केंद्रों में एक विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके तहत नागरिकों को मधुमेह की रोकथाम और देखभाल पर जागरूकता युक्तियां दी गईं। साथ ही लोगों को बाद की तारीख में एक विशेषज्ञ सत्र के लिए आमंत्रित किया गया। दूसरे चरण की गतिविधि में 12 शहरों में एक विशेष ज्ञान सत्र शामिल था। जहां शीर्ष डॉक्टरों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने दर्शकों के साथ बातचीत की और मधुमेह के खतरे को रोकने की लड़ाई में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि साझा की।




# डोमा परिसंघ द्वारा "सामाजिक न्याय सम्मेलन" का आयोजन

वक्ताओं ने सरकार की नियत पर उठाए सवाल, वक़्फ़ अमेंडमेट बिल का किया विरोध




**नई दिल्लीः** दलित, ओ बी सी, अल्पसंख्यक एवं आदिवासी संगठनों का परिसंघ(डोमा परिसंघ) द्वारा "सामाजिक न्याय सम्मेलन" का आयोजन चैबर ऑफ़ कॉमर्स (रोडवेज बस अड्डा के सामने किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष/पूर्व सांसद डॉ उदित राज जी और कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय राष्ट्रीय महासचिव श्री शाहिद अली (एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट) तथा संचालन पार्षद फज़्ल करीम ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ उदित राज पूर्व सांसद ने कहा कि लोकतंत्र बचाने का काम सिर्फ़ नेताओं का नहीं है बल्कि समाज के लोगों का भी है। वक़्फ़ और आईन (संविधान) बचाने के लिए एकता का मुज़ाहरा करते हुए संयुक्त रूप से लड़ाई लड़नी होगी। कोई पार्टी आपकी आवाज़ नहीं उठाएगी क्योंकि उन्हें हारने का डर है इस लिए होशियारी से काम करने की जरूरत है उन्होंने जातीय जनगणना की मांग करते हुए कहा इस मांग को लेकर हमें मिलकर कोशिश करनी होगी उन्होंने मुसलमानों की सामाजिक/तालीमी पसमांदगी(पिछड़ेपन) पर भी दुःख का इज़हार करते हुए कहा कि अपने हालात को हमें खुद बदलना होगा और यह एकता के द्वारा ही मुमकिन है उदित राज ने आगे कहा कि एक तरफा कार्यवाही से बचने के लिए भागेदारी ज़रूरी है और भागेदारी के लिए संघर्ष ज़रूरी है।

रिजर्वेशन की वज़ह से दलितों की हालत अच्छी हुई है और भागेदारी ना होने की वजह से मुसलमानों की हालत आज भी दलितों से ख़राब है जब मंदिरों की कमेटी में मुस्लिम सदस्य नहीं हो सकता तो वक़्फ़ में ग़ैर मुस्लिम सदस्य कैसे हो सकता है !, वक़्फ़ अमेंडमेट बिल किसी भी सूरत में कबूल नहीं है सामाजिक न्याय की लड़ाई ही इन्हें खत्म करेगी और हमारी लड़ाई नॉन पॉलिटिकल होगी। डोमा के राष्ट्रीय महासचिव शाहिद अली एडवोकेट ने कहा कि यह सोचते हैं कि पार्लियामेंट में ताक़त के बल पर वक़्फ़ अमेंडमेट बिल लागू करेंगे लेकिन हम यह साफ कर देना चाहते हैं कि मुसलमान वक़्फ़ पर सरकारी दख़ल अंदाजी को बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगे और सरकार को यह भी याद रखने की आवश्यकता है के सरकार गिरने में देर नहीं लगती।

बाबा साहब के बनाए हुए संविधान में बराबरी के अधिकार को सरकार समाप्त करने में लगी हुई है उन्होंने कहा कि अफसोस की बात है कि वक़्फ़ अमेंडमेट बिल पर कौम सोई हुई है, वक़्फ़ अमेंडमेट के बाद आपके पास मस्जिदें, दरगाहें , क़ब्रिस्तान इत्यादि नहीं बचेगे1

उन्होंने कहा कि हम वक़्फ़ बोर्ड की कमाई से हजारों हॉस्पिटल और स्कूल, कॉलेज बना सकते हैं और देश का बजट फाइनेंस कर सकते हैं। वक़्फ़ अमेंडमेट बिल ला कर यह सरकार लोगों को दोबारा गुलाम बनाना चाहती है और अगर आवाज़ नहीं उठी और नहीं जागे तो हमारे पूर्वजों की कुर्बानिया बर्बाद हो जाएंगी। इस लिए घरो से निकलकर अपने हक़ के लिए आवाज़ उठाओ। अगर आवाज़ नहीं उठी तो वर्तमान केंद्र सरकार / प्रदेश सरकार वक़्फ़ और रिजर्वेशन को खत्म करके रहेंगी1

डॉ आफ़ताब अली जी ने कहा कि वक़्फ़ में संशोधन एक खतरनाक क़दम है इस से पहले भी वक़्फ़ पर हमले हुए हैं। यह वक़्फ़ बिल वक़्फ़ संपत्ति पर कब्ज़ा करने की एक कोशिश है।

कार्यक्रम के संयोजक शफीक अंसारी कहा कि जाति जन गणा सिर्फ मुसलमानों की ही जरूरत नही बल्कि सभी शोषित वंचित और दलित एवं पिछडो की जरूरत है इसके लिए मिलकर लड़ाई लड़ने की जरूरत है1 पार्षद फ़ज़ल करीम ने कहा कि वर्तमान सरकार की नीति,नियत जो कि अल्पसंख्यक, पिछड़ों के अधिकारों की दमनकारी नीति है इसके विरोध में डोमा परिसंघ द्वारा 1 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली के आयोजन में उपस्थित लोगों से अपनी एकता का प्रदर्शन कर ज्यादा से ज्यादा तादाद मे रैली में पहुंचने की अपील की।

बदर आलम ने कहा मुसलमानो की तरक्की क़ौम की संयुक्त लड़ाई में ही मुमकिन है इस लिए सभी के साथ मिलकर लड़ाई लड़नी होगी। जबकि मुसलमान हमेशा सिर्फ़ अपने मसाइल मैं ही उलझता रहा है।

इस अवसर पर मंजीत सिंह कोछड़, सुमेर सिंह धार, इमरान अंसारी, सुलतान अहमद पत्रकार,शकील मलिक, महबूब राणा, प्रवीन जैन, सरदार गुरविंद्र सिंह, अरुण कुमार, संजय कुमार, शहजाद कुरैशी, साजिद सलमानी (एडवोकेट),भाई गफ्फार, पार्षद कीर्ति घोपला, पार्षद रिज़वान अंसारी, पूर्व पार्षद अफजाल सैफी, हबीब अंसारी, विनोद जाटव अत्यादि उपस्थित रहे।

# '15 दिन के भीतर करें कार्रवाई', गोवंश और मांस की तस्करी मामले में हिंदू संगठन का अल्टीमेटम

परिवहन विशेष न्यूज

नोएडा में गोवंश और मांस की तस्करी के सामने आए तीन मामलों को लेकर हिंदू संगठन ने जिलाधिकारी से मुलाकात की। संगठन ने दोषियों के खिलाफ 15 दिन के भीतर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इसी बीच बीटा दो कोतवाली क्षेत्र में गोवंशियों से भरे ट्रक में 13 गोवंशियों की मौत के मामले में पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।





**ग्रेटर नोएडा।** 15 दिन के अंदर गोवंश और मांस की तस्करी के सामने आए तीन मामलों को लेकर बृहस्पतिवार को हिंदू संगठन ने जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा से मिले। इस दौरान पदाधिकारियों ने प्रार्थना पत्र सौंप कर जिलाधिकारी से मामले की जांच कर कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

जिलाधिकारी ने मामलों को गंभीरता से लेते हुए एडीएम और पुलिस विभाग को मामलों की जांच करने के निर्देश दिए हैं। संगठन के नेताओं का कहना है दादरी थाना क्षेत्र के कोल्ड स्टोरेज में लंबे समय से गोवंश के मांस को बाहर से लाकर बेचा जा रहा है। मामले सामने आने के बाद भी जिम्मेदार आरोपितों की पहचान कर कार्रवाई करने में उदासीनता बरत रहे हैं।

**13 गोवंशियों की मौत मामले में दो तस्कर गिरफ्तार**

उधर, बीटा दो कोतवाली क्षेत्र में गोवंशियों से भरे ट्रक में 13 गोवंशियों की मौत के मामले में पुलिस ने दो तस्कर को हरियाणा से गिरफ्तार किया है। जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ बीएनएस व गोवध निवारण अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस ने दोनों आरोपितों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया है।

एडीसीपी अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपितों की पहचान शंकर कॉलोनी ओल्ड फरीदाबाद हरियाणा के अंशय सिंगला व गांव बडकल सूरजकुंड फरीदाबाद के जमीन के रूप में हुई है। दोनों को हरियाणा से गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ ने आरोपितों ने बताया कि वह गोवंशियों को मेरठ ले जा रहे थे। गोवंशियों से लदा ट्रक सेक्टर पीथ्री से के पास से होकर गुजर रहा था। रास्ते में ट्रक खराब हो गया।

ट्रक में ठूस-ठूस कर लदे थे 21 गोवंशी

चालक और परिचालक नीचे उतर आए। ट्रक में गोवंशियों को लदा देख किसी ने सूचना गोरंक्षक दल संगठन के कार्यकर्ताओं को दे दी। मौके पर पहुंच गोरक्षक दल के कार्यकर्ताओं ने ट्रक पर ढकी रस्सी खोलकर चादर अलग की तो ट्रक में ठूस-ठूस कर 21 गोवंशी लदे मिले। जिनमें 13 गोवंशियों की दबने से मौत हो चुकी थी।

सात गोवंशियों को सूरजपुर स्थित सुदामा गोशाला व एक गोवंशी को उपचार के लिए सेक्टर 94 स्थित पशु चिकित्सा अस्पताल भेजा गया। मृत गोवंशियों के शव को गड्ढा खोदकर दबाने के बाद गोसेवक मोनू गुर्जर व विकास कसाना की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू की। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य आरोपितों की तलाश कर रही है।

## दूसरे दिन भी कोहरे ने थामी रफ्तार, देश का चौथा सबसे प्रदूषित शहर बना गाजियाबाद

**साहिबाबाद।** दूसरे दिन बृहस्पतिवार को भी जैसे ही लोग सूर्य उगने के साथ विभिन्न कार्यों से अपने घरों से बाहर निकले तो पूरा शहर कोहरे की चादर से ढका नजर आया। आबादी के बाहरी इलाकों में सुबह करीब आठ बजे दृश्यता शून्य रही। समय बढ़ने के साथ-साथ कोहरे की दृश्यता भी बढ़ती गई।

करीब 11 बजे तक कोहरा कम हुआ। कोहरे के कारण वाहनों की रफ्तार थमने से नौकरीपेशा लोगों व स्कूल जाने वाले बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई। वहीं, जिले का अधिकतम तापमान 28 व न्यूनतम 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

यह बुधवार के मुकाबले अधिकतम में दो डिग्री की बढोतरी व एक डिग्री सेल्सियस कम रहा। जिला 356 एक्यूआइ के साथ देश में चौथा सबसे प्रदूषित शहर रहा। पहले नंबर पर दिल्ली व दूसरे पर चंडीगढ़ रहा।

एक तरफ कोहरे के कारण परेशानी हुई, दूसरी ओर स्माग के कारण लोगों को आंखों में जलन, गले में खराश व बीमार लोगों को सांस लेने में दिक्कत हुई। इसका असर अस्पतालों में भी देखने को मिला। सुबह से ही आसमान में कोहरा छाया रहने के कारण लोगों को अपने से कुछ मीटर की दूरी का भी दिखाई नहीं दे रहा था।

नेशनल हाईवे पर 80 से 100 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ने वाले वाहन रेंगते रहे। इससे लोगों को कुछ मिनटों की दूरी तक करने में भी कई गुना समय लगा। दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे, एनएच-नौ, जीटी रोड, एलिवेटेड रोड समेत विभिन्न मार्गों पर वाहन की रफ्तार बहुत धीमी रही।

इससे सड़कों पर भी वाहनों का दबाव बढ़ गया। हवा की रफ्तार महज पांच किलोमीटर प्रतिघंटा होने के कारण कोहरे को आसमान से छंटने में समय लग गया। वहीं, महज दो दिन की सर्दी ने लोगों को गर्म कपड़े पहनने पर मजबूर कर दिया। ज्यादातर लोग जैकेट, जर्सी, स्वेटर आदि पहने नजर आए। ज्यादातर स्कूलों में बच्चे भी गर्म कपड़े पहनकर पहुंचे।

**इंदिरापुरम, लोनी व वसुंधरा की हवा रेड जोन में**

जिले के साथ इंदिरापुरम, लोनी व वसुंधरा की हवा रेड जोन में बनी हुई है। सबसे अधिक एक्यूआइ 398 लोनी का दर्ज किया गया। केवल अभी संजय नगर के लोगों को थोड़ी राहत है। यहां का एक्यूआइ 286 के साथ खराब श्रेणी में बनी हुई है। हवा की गति बदलने के साथ-साथ प्रदूषण के स्तर में भी उतार चढ़ाव होता रहा।

# वकीलों की हड़ताल जारी, 16 नवंबर को होगी बड़ी बैठक; पढ़ें क्या हैं प्रमुख मांगें

गाजियाबाद में वकीलों पर लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी है। बृहस्पतिवार को भी कचहरी में वकीलों ने हड़ताल रख धरना जारी रखा। बार एसोसिएशन ने तहसील बार संघों से रजिस्ट्री बंद करने की मांग की है। 16 नवंबर को दिल्ली पंजाब हरियाणा और प्रदेश के अन्य जनपदों के वकीलों के साथ बैठक होगी। आगे पढ़िए पूरी खबर।

परिवहन विशेष न्यूज

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में जिला जज कोर्ट में 29 अक्टूबर को वकीलों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी है। बृहस्पतिवार को भी कचहरी में वकीलों ने हड़ताल रख धरना जारी रखा।

**कचहरी में 16 नवंबर को होगी बड़ी बैठक**

बार एसोसिएशन ने तहसील बार संघों से रजिस्ट्री बंद करने की मांग की है। कचहरी में 16 नवंबर को दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और प्रदेश के अन्य जनपदों के वकीलों के साथ बैठक आयोजित की गई है। बार एसोसिएशन का दावा है कि कचहरी में पहली बार दूसरे राज्यों के वकील समर्थन देने आ रहे हैं।



**बैठक में होगी अहम चर्चा**

बृहस्पतिवार को बार एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक में तय किया गया कि उनका आंदोलन आगामी कुछ दिन जारी रहेगा। इसलिए अधिवक्ता शुक्रवार को भी कार्य नहीं करेंगे। कचहरी में शनिवार को दूसरे राज्यों और यूपी की अन्य बार एसोसिएशन के साथ होने वाली बैठक पर शुक्रवार को चर्चा की जाएगी।

बैठक को किस तरह सफल बनाया जाए। इसकी तैयारियों पर भी चर्चा होगी। गाजियाबाद के वकीलों को समर्थन देने के लिए दूसरी बार एसोसिएशनों का आभार भी जताया गया। बार अध्यक्ष दीपक शर्मा के मुताबिक, तहसील बार संघों ने रजिस्ट्री का काम शुरू कर दिया है। तहसील बार से अपील की गई है कि वह रजिस्ट्री का काम बंद कर दें।

**कचहरी में 16 दिन से नहीं हुआ काम**

कचहरी में वकीलों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ता अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए हैं। अधिवक्ताओं ने 29 अक्टूबर के बाद से ही काम बंद किया हुआ है। अधिवक्ताओं की मांग है कि जिला जज को बर्खास्त किया जाए। वकीलों पर लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। लाठीचार्ज में घायल अधिवक्ताओं को दो-दो लाख रुपये सहायता राशि प्रदान की जानी चाहिए।

**वकीलों की ये हैं प्रमुख मांगें**

बता दें कि 22 जिलों के वकील लगातार जिजा जज को बर्खास्त करने की मांग कर रहे हैं। साथ ही लाठीचार्ज करने वाले पुलिस वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वकीलों ने एलान किया था कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा, वे हड़ताल जारी रखेंगे।

अगर 16 नवंबर को भी वकीलों ने रोड जाम किया तो लोगों को परेशानी हो सकती है। इससे पहले भी वकीलों ने रोड जाम किया था। जिससे लोगों को बहुत दिक्कत हुई थी।

# दिल्ली-NCR में बुलडोजर एक्शन जारी, एक दर्जन फार्म हाउस; पक्के मकान और स्विमिंग पूल जमींदोज

गुरुग्राम जिले के सोहना में अवैध निर्माण पर प्रशासन की कार्रवाई हुई है। अरावली पहाड़ी में 12 अवैध निर्माणों को ढहाया गया। परिषद ने 22 एकड़ में फैले इन निर्माणों को जमींदोज कर दिया। तीन घंटे तक चली इस तोड़फोड़ कार्यवाही में चारदीवारी पक्के मकान और स्विमिंग पूल को तोड़ा गया। प्रशासन ने कहा कि किसी ने अगर कार्रवाई का विरोध किया तो उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज होगी।



**गुरुग्राम।** नई सरकार का असर दिखने लगा है। महीनों की चुप्पी के बाद परिषद एक्शन में दिखा है। पहली बार 22 एकड़ में विकसित 12 अवैध निर्माण जमींदोज कर दिए गए।

अरावली पहाड़ी में रायसीना से लगती पहाड़ी में अवैध निर्माण को परिषद के पीले पंजे ने जमींदोज कर दिया। तीन घंटे की चली इस तोड़फोड़ कार्यवाही में लगभग 12 अवैध निर्माण की चारदीवारी, पक्के मकान और स्विमिंग पूल को तोड़ गया।

**सर्वे में करीब 40 अवैध निर्माण को किया गया चिन्हित**

परिषद के अधिकारियों की टीम ने सर्वे करके करीब 40 अवैध निर्माण को चिन्हित किया था। इनको नोटिस जारी किए गए थे। अवैध निर्माण करने वालों ने परिषद के भेजे गए नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई।

नगरपरिषद के अधिकारियों के साथ भोंडसी थाना पुलिस के सब इंस्पेक्टर संतकुमार के नेतृत्व में सुरक्षा को लेकर भारी पुलिस बल तैनात रहा। ड्यूटी मजिस्ट्रेट एसडीओ राजपाल खटाना के नेतृत्व में पहाड़ी में बने अवैध निर्माण आर-वन के फार्म हाउस नंबर सात से तोड़फोड़ कार्यवाही आरंभ की गई थी।

**फार्म हाउस में बने स्विमिंग पूल और एक पक्का मकान को तोड़ा**

इस दौरान कनिष्ठ अभियंता अजय पंगाल, कनिष्ठ अभियंता दिगंबर सिंह, पटवारी सुभाष खतना समेत परिषद के स्टाफ उपस्थित रहे। बता दें कि करीब 22 एकड़ में बने 12 फार्म हाउसों की आठ से नौ फीट ऊंची चार दीवार, फार्म हाउस में बने स्विमिंग पूल और एक पक्का मकान तोड़ा गया।

अरावली पहाड़ी में अवैध निर्माण करने वालों के विरुद्ध सख्ती बरती जाएगी। अवैध निर्माण नहीं होने दिए जाएंगे। किसी ने अगर कार्रवाई का विरोध किया तो उनके विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकता दर्ज होगी। अन्य अवैध निर्माण करने वालों को नोटिस भेजे जाएंगे।

**फरीदाबाद में भी चला बुलडोजर**

वहीं इससे पहले फरीदाबाद शहर के विभिन्न क्षेत्रों में ग्रीन बेल्ट पर अवैध निर्माण और कब्जे किए गए थे। कई जगह अवैध निर्माण जारी है। अवैध निर्माण के खिलाफ हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने अभियान शुरू किया हुआ है।

एचएसवीपी ने अभियान के तहत मंगलवार को सेक्टर-48 की ग्रीन बेल्ट पर अवैध रूप से बनी दुकानों को बुलडोजर से ध्वस्त किया। ऐसे ही एसजीएम के सामने सेक्टर-48 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में अवैध निर्माण ढहाए गए।

# राजनीतिक पूंजी बचाने और बागियों को सबक सिखाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे शरद पवार

नीरज कुमार दुबे

शरद पवार साथ ही उन सभी विधायकों के निर्वाचन क्षेत्रों में भी जा रहे हैं जिन्होंने अजित पवार के नेतृत्व में उनको धोखा दिया। उन विधायकों के क्षेत्रों में जाकर वह उनकी कारगुजारियों से जनता को अवगत करा रहे हैं और उन्हें सबक सिखाने के लिए कह रहे हैं।

राकांपा (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार के लिए इस बार का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पहले के चुनावों की तरह सामान्य नहीं है। यह चुनाव शरद पवार के लिए सिर्फ सरकार बनाने का लक्ष्य हासिल करने के लिए भी नहीं है। शरद पवार के लिए इस बार का चुनाव अपनी जीवन भर की राजनीतिक कमाई को बचाने और धोखा देने वालों को सबक सिखाने का चुनाव भी है। हम आपको याद दिला दें कि भतीजे अजित पवार ने चाचा शरद पवार द्वारा बनाई गयी पार्टी एनसीपी पर कब्जा कर लिया है। इसके अलावा छगन भुजबल, दिलीप वलसे पाटिल और धनंजय मुंडे जैसे कई नेता हैं जिनको संकट के समय शरद पवार ने राजनीतिक सहारा देकर उबारा था लेकिन वह धोखा देकर अजित पवार के साथ चले गये। इसलिए इस चुनाव में शरद पवार हर वो चाल चल रहे हैं जिससे उनको धोखा देने वालों को सबक सिखाया जा सके। जहां भावनात्मक कार्ड खेलना है वहां शरद पवार इमोशनल हो जा रहे हैं, जहां राजनीतिक चाल चलनी है वहां वह आक्रामक हो जा रहे हैं। उनको इस बार कितनी बड़ी राजनीतिक कामयाबी मिल पाती है यह तो परिणाम ही बताएंगे लेकिन इतना तो दिख ही रहा है कि महाराष्ट्र की राजनीति के वटवृक्ष माने जाने वाले शरद पवार दिन-रात कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

बारामती में लोकसभा चुनावों के दौरान शरद पवार का इमोशनल कार्ड लोकसभा चुनावों में भी चला था जब उनकी बेटी सुप्रिया सुले के खिलाफ उनके भतीजे अजित पवार ने अपनी पत्नी को चुनाव में उतार दिया था। अब अजित पवार के खिलाफ उनके भतीजे रोहित पवार को उतार कर जब शरद पवार प्रचार के लिए उतरे तो उन्होंने फिर से भावनात्मक कार्ड खेला और सक्रिय राजनीति से संन्यास के संकेत दिये। एक तरफ उन्होंने बारामती में इमोशनल कार्ड खेला तो दूसरी ओर राजनीतिक कार्ड खेलते हुए अजित पवार को घड़ी चुनाव चिह्न का इस्तेमाल करने से रोकने और अपनी फोटो का उपयोग करने से रोकने के लिए अदालत की शरण भी ली।



शरद पवार साथ ही उन सभी विधायकों के निर्वाचन क्षेत्रों में भी जा रहे हैं जिन्होंने अजित पवार के नेतृत्व में उनको धोखा दिया। उन विधायकों के क्षेत्रों में जाकर वह उनकी कारगुजारियों से जनता को अवगत करा रहे हैं और उन्हें सबक सिखाने के लिए कह रहे हैं। इस क्रम में शरद पवार ने पूर्व सहयोगी दिलीप वलसे पाटिल के खिलाफ मोर्चा खोला। 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले अंबेगांव विधानसभा क्षेत्र में शरद पवार ने कहा कि दिलीप वलसे पाटिल कहते रहे कि साहेब (शरद पवार) मेरे बारे में (कुछ भी नकारात्मक) बात नहीं करेंगे, लेकिन मेरे पास कहने के लिए क्या बचा है? दिलीप वलसे पाटिल ने हमें धोखा दिया, और जिन्होंने हमें धोखा दिया है उन्हें दंडित करने की आवश्यकता है। आपको यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि देवदत्त निकम इस सीट पर भारी अंतर से जीतें।'' शरद पवार ने कहा, ''जिन्हें मैंने पद, शक्ति, अधिकार और प्रतिष्ठा दी है, उनसे मैं कुछ नहीं चाहता। आज कई लोग उनसे परेशान हैं। उनके कैबिनेट में शामिल होने का फैसला लोगों को पसंद नहीं आया। उनका कहना है कि हमारे साथ उनके बहुत अच्छे रिश्ते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है।"

इसके अलावा, शरद पवार ने अपने पूर्व विश्वासपात्र छगन भुजबल के येवला निर्वाचन क्षेत्र में रैली को संबोधित करते हुए 2019 के चुनावों में ₹गलत उम्मीदवार₹ देने के लिए लोगों से माफी मांगी। शरद पवार ने मतदाताओं से ₹विश्वासघाती₹ को हराने की भावुक अपील की, जो पिछले साल जुलाई में भुजबल के अजित पवार के साथ जाने से उन्हें लगी गहरी चोट को दर्शाता है। शरद पवार ने खुलासा किया कि राकांपा में फूट के बाद भुजबल उनके घर पहुंचे और उनके व अजित पवार के बीच सुलह कराने की पेशकश की, लेकिन वह दोबारा कभी नहीं आए। शरद पवार ने कहा कि भुजबल की कमियों को नजरअंदाज करते हुए उन्हें नेता प्रतिपक्ष से लेकर उपमुख्यमंत्री तक कई अहम पद सौंपे गए, बावजूद इसके उन्होंने राजनीतिक शालीनता की सभी सीमाएं लांघ दीं और उन्हें धोखा दिया। शरद पवार ने कहा कि भुजबल का उन्हें और दिवंगत बालासाहेब ठाकरे समेत अपने राजनीतिक गुरुओं को धोखा देने का इतिहास रहा है। उन्होंने मतदाताओं से इस दलबदलू नेता को सबक सिखाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, "जब उन पर (भुजबल पर) कुछ आरोप लगने के बाद उन्हें जेल जाना पड़ा, तो मैं उनके साथ खड़ा रहा और यहां तक कि उन्हें महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार में एक पद भी दिया।" शरद पवार ने कहा कि अपने आकाओं को धोखा देने वाले भुजबल येवला के लोगों से वोट मांगने आएंगे और यह तय करना आपके ऊपर है कि आप ऐसे व्यक्ति का समर्थन करेंगे या नहीं।

इसके अलावा, शरद पवार ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार के सहयोगी एवं महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे पर भी निशाना साधा और कहा कि राकांपा में विभाजन के पीछे जो लोग हैं, उन्हें हराया जाना चाहिए। पवार ने बीड जिले के परली में आरोप लगाया कि लोगों को ''धमकाया'' जा रहा है और इसे रोकना होगा। उन्होंने कहा कि मैं जो कुछ भी दे सकता था, मैंने धनंजय मुंडे को दिया। कुछ लोगों ने हमारी पार्टी को तोड़ने में अहम भूमिका निभाई। उन्हें हराना होगा। पवार ने कहा, ''एक बार पंडित मुंडे अपने बेटे धनंजय के साथ मेरे पास आए और मदद मांगी। जब वह मुसीबत में थे तो उन्हें मेरी तरफ से मदद मिली। मैंने उन्हें (धनंजय मुंडे) एमएलसी (विधान पार्षद), परिषद में एलओपी (नेता प्रतिपक्ष), राज्य मंत्री बनाया। मैं उन्हें बीड में प्रमुख पद देना चाहता था। लेकिन यहां लोगों को परेशान किया जा रहा है और इसे रोकना होगा।

हम आपको बता दें कि शरद पवार ऐसी ही अपीलें उन क्षेत्रों में कर रहे हैं जहां के विधायकों ने पाला बदल कर अजित का दामन थामा था। देखना होगा कि पवार की अपीलें और उनकी राजनीतिक गुगलियां क्या गुल खिलाती हैं। वैसे यह तो दिख ही रहा है कि राज्य में सरकार बदलने के लिए शरद पवार वह सब कुछ कर रहे हैं जो वह कर सकते हैं। यही नहीं, विपक्षी एमवीए के घटक दलों के बीच तमाम मतभेदों को भी वही सुलझा रहे हैं और गठबंधन को एक रखे हुए हैं। हालांकि गठबंधन की असल परीक्षा चुनाव परिणाम के बाद होगी।

- :सौजन्य :-
ईवी ड्राइव द फ्यूचर
EV
Drive the Future

# केरल 2030 तक 2,000 ईवी चार्जिंग स्टेशन करेगा स्थापित



परिवहन विशेष न्यूज

केरल स्टेट को-ऑपरेटिव इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशंस (COSTECH) ने चेन्नई स्थित ईवी चार्जिंग स्टेशन निर्माता ESYGO के साथ मिलकर 2030 तक पूरे राज्य में 2,000 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की योजना की घोषणा की है। COSTECH के चेयरमैन प्रो. ई. कुन्हीरामन और ESYGO की लीडरशिप टीम सहित प्रमुख अधिकारियों की मौजूदगी में तिरुवनंतपुरम में समझौते को औपचारिक रूप दिया गया।

इस परियोजना का उद्देश्य शहरी केंद्रों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक केरल में एक व्यापक ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर नेटवर्क का निर्माण करना है। यह पहल न केवल इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को प्रोत्साहित करेगी बल्कि कार्बन उत्सर्जन को कम करने के राज्य के प्रयासों में भी योगदान देगी। चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने से छोटे व्यवसायों, सहकारी समितियों और आवासीय परिसरों के लिए आय के अवसर उपलब्ध होंगे, जिससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा और साथ ही पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को बढ़ावा मिलेगा।

चार्जिंग स्टेशन चौबीसों घंटे काम करेंगे, जिसमें ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कॉफी शॉप, इंटरनेट कैफे और सार्वजनिक सूचना केंद्र जैसी अतिरिक्त सुविधाएं होंगी। इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की बढ़ती प्रवृत्ति के साथ, अध्ययनों का अनुमान है कि 2030 तक केरल की सड़कों पर 10 मिलियन से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन होंगे, जिससे मजबूत चार्जिंग बुनियादी ढांचे का विकास अनिवार्य हो जाएगा।

ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे के लिए केंद्र सरकार के दिशानिर्देशों द्वारा समर्थित यह परियोजना, स्टेशन स्थापित करने के लिए व्यक्तियों, सहकारी समितियों और संगठनों को तकनीकी सहायता और वित्त पोषण भी प्रदान करेगी।

# आईआईटी कानपुर और ज़ायनेटिक ने ईवी चार्जिंग तकनीक को बढ़ाने के लिए किया सहयोग

परिवहन विशेष न्यूज



इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशनों के निर्माण, प्रबंधन और संचालन में लगी कंपनी ज़ायनेटिक इलेक्ट्रिक व्हीकल्स चार्जिंग प्राइवेट लिमिटेड ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सहयोग का लक्ष्य ईवी के लिए अत्याधुनिक एसी और डीसी फास्ट चार्जर विकसित करने और लागू करने में मदद करना है, जिससे भारत के ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने में मदद मिलेगी।

ज़ायनेटिक ईवी बाज़ार के लिए उच्च-प्रदर्शन, पर्यावरण के अनुकूल चार्जिंग समाधान विकसित करने के लिए समर्पित है। ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करके, ज़ायनेटिक, जो ईवी चार्जिंग सिस्टम में माहिर है, भारत के संधारणीय ऊर्जा स्रोतों में बदलाव का समर्थन करने की उम्मीद करता है।

ईवी चार्जिंग तकनीक में महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने के लिए, आईआईटी कानपुर और ज़ायनेटिक इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से अनुसंधान, शैक्षणिक आदान-प्रदान और परामर्श पर एक साथ काम करने का इरादा रखते हैं। पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, एम्बेडेड सिस्टम और मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को भविष्य कहने वाला रखरखाव के लिए जोड़ना रुचि के प्रमुख क्षेत्र होंगे। साझेदारी का उद्देश्य आईआईटी कानपुर की शोध क्षमताओं के साथ ज़ायनेटिक के औद्योगिक अनुभव को जोड़कर भारत के बढ़ते ईवी बाजार की मांगों को पूरा करने के लिए भरोसेमंद और प्रभावी अगली पीढ़ी के ईवी चार्जर बनाना है।

आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मनिंद्र अग्रवाल ने कहा, ₹ज़ायनेटिक के साथ हमारा सहयोग इस बात का एक बेहतरीन उदाहरण है कि कैसे शिक्षा और उद्योग ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने और भारत के पर्यावरणीय उद्देश्यों का समर्थन करने के लिए सहयोग कर सकते हैं।₹ ₹2030 तक नई निजी कार पंजीकरण के लिए 30% ईवी अपनाने के सरकार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए चार्जिंग स्टेशनों का एक विस्तृत नेटवर्क आवश्यक है। इस साझेदारी के कारण आईआईटी कानपुर टिकाऊ प्रथाओं और भारत के ऊर्जा लक्ष्यों का समर्थन करने में सक्षम है।

यह सहयोग दर्शाता है कि कैसे आईआईटी कानपुर और ज़ायनेटिक के ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर और तकनीक को आगे बढ़ाने के उद्देश्य समान हैं। इस सहयोग का उद्देश्य संसाधनों, ज्ञान और अनुसंधान को एकत्रित करके भारत में ईवी तकनीक और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करना है।

# टाटा मोटर्स ने केरल में ईवी उपस्थिति का किया विस्तार




परिवहन विशेष न्यूज

टाटा मोटर्स केरल में अपने इलेक्ट्रिक वाहन की मौजूदगी बढ़ा रही है, राज्य को पर्यावरण के अनुकूल परिवहन के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार के रूप में मान्यता दे रही है। संधारणीय गतिशीलता में केरल की बढ़ती रुचि के साथ टाटा मोटर्स ने इस क्षेत्र में अपनी ईवी लाइनअप पेश की है, जिसका उद्देश्य कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए राज्य और राष्ट्रीय दोनों पहलों के साथ तालमेल बिठाना है। कंपनी के दृष्टिकोण में न केवल ईवी मॉडल की उपलब्धता का विस्तार करना शामिल है बल्कि निर्बाध ईवी अपनाने का समर्थन करने के लिए आवश्यक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करना भी शामिल है।

भारत के ईवी क्षेत्र में अग्रणी टाटा मोटर्स ने 2019 में अपना पहला इलेक्ट्रिक मॉडल लॉन्च किया और जल्द ही इस क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बना ली। कंपनी के ईवी लाइनअप में वर्तमान में नेक्सन ईवी, टिगोर ईवी और टियागो ईवी जैसे मॉडल शामिल हैं। कॉम्पैक्ट एसयूवी डिज़ाइन के साथ नेक्सन ईवी ने किफायती, स्थानीय रूप से निर्मित ईवी विकल्प की तलाश करने वाले उपभोक्ताओं के बीच लोकप्रियता हासिल की है। इसके अतिरिक्त टिगोर और टियागो ईवी किफायती विकल्प प्रदान करते हैं, जिसका उद्देश्य कुशल, स्वच्छ परिवहन समाधान की तलाश करने वाले शहरी उपयोगकर्ताओं को लक्षित करना है।

टाटा मोटर्स की रणनीति में ईवी के लिए सहायक बुनियादी ढांचे का विकास करना शामिल है। टाटा पावर एक सहयोगी कंपनी ने ईवी अपनाने में मुख्य बाधाओं में से एक को संबोधित करते हुए रेंज की चिंता को कम करने के लिए केरल में चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए हैं। यह बुनियादी ढांचा विकास टाटा के व्यापक लक्ष्य का हिस्सा है, जो एक विश्वसनीय ईवी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए है, जो संभावित ईवी ग्राहकों के बीच विश्वास को बढ़ावा देता है।

ईवी को अधिक सुलभ बनाने के लिए टाटा मोटर्स ने लागत प्रबंधन के लिए स्थानीय उत्पादन पर भी ध्यान केंद्रित किया है। घरेलू स्तर पर घटकों और वाहनों का निर्माण करके, कंपनी का लक्ष्य ऐसी कीमतें बनाए रखना है जो व्यापक उपभोक्ता आधार को आकर्षित करें। इसके अतिरिक्त टाटा ने ईवी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और टेस्ट ड्राइव और वित्तपोषण विकल्प प्रदान करने के लिए केरल में डीलरशिप के साथ भागीदारी की है, जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए नए ग्राहकों के लिए प्रवेश आसान हो सके।

टाटा मोटर्स ने ईवी क्षेत्र में जल्दी प्रवेश करके बढ़त हासिल की है, लेकिन भारत के ईवी बाजार में प्रतिस्पर्धा तेज़ हो रही है। महिंद्रा एंड महिंद्रा, हुंडई, एमजी मोटर और बीवाईडी जैसी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय वाहन निर्माता कंपनियां भारत में अपने ईवी मॉडल ला रही हैं, जिनमें से प्रत्येक बढ़ते बाजार में हिस्सेदारी के लिए होड़ कर रही है। प्रतिस्पर्धी बेहतर बैटरी रेंज और तकनीकी नवाचार जैसी सुविधाएँ पेश कर रहे हैं, जिससे टाटा मोटर्स को अपने ईवी ऑफ़रिंग में चल रहे संवर्द्धन और उन्नयन के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

अपनी वृद्धि के बावजूद टाटा मोटर्स को अपने ईवी पदचिह्न का विस्तार करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में सीमित चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल है। जबकि टाटा पावर और अन्य कंपनियाँ चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाने के लिए काम कर रही हैं, बुनियादी ढाँचे के विकास की गति ईवी की बढ़ती माँग से मेल खानी चाहिए। इसके अतिरिक्त चार्जिंग समय, बैटरी निपटान और लागत जैसे कारक उपभोक्ता अपनाने की दरों को प्रभावित करना जारी रखते हैं, जिसके लिए बैटरी प्रौद्योगिकी में और विकास की आवश्यकता होती है।

केरल में टाटा मोटर्स का विस्तार भारत भर में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को समर्थन देने की इसकी रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। शुरुआती ईवी प्लेयर के रूप में कंपनी के अनुभव ने ब्रांड पहचान बनाने में मदद की है और बुनियादी ढांचे और साझेदारी में चल रहे निवेश के साथ टाटा मोटर्स ईवी अपनाने से जुड़ी कई चुनौतियों का समाधान करने की स्थिति में है। जैसे-जैसे प्रतिस्पर्धा बढ़ती है और उपभोक्ता अपेक्षाएँ विकसित होती हैं, टाटा मोटर्स को भारत के बढ़ते ईवी बाज़ार में शीर्ष विकल्प बने रहने के लिए तकनीकी प्रगति के साथ सामर्थ्य को संतुलित करने की आवश्यकता होगी।

# भारत ने 500 करोड़ रुपये की पीएम ई-ड्राइव योजना के साथ इलेक्ट्रिक ट्रक अपनाने में लाई तेजी

परिवहन विशेष न्यूज

भारी उद्योग मंत्रालय ने इंटरनेशनल काउंसिल ऑन क्लीन ट्रांसपोर्टेशन के साथ मिलकर पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत आवंटित 500 करोड़ रुपये के उपयोग पर चर्चा करने के लिए गुरुवार, 14 नवंबर को ज्ञान विनिमय सत्र आयोजित किया। ट्रक क्षेत्र में विस्तार कर रही इस पहल का उद्देश्य भारत के इलेक्ट्रिक ट्रकों यानी ई-ट्रकों में बदलाव का समर्थन करना है, जिससे देश की ऊर्जा सुरक्षा और जलवायु लक्ष्यों में योगदान मिलेगा।

इंडिया ई-ट्रक एक्सचेंज नामक यह कार्यक्रम नई दिल्ली में आयोजित किया गया, जिसमें मूल उपकरण निर्माता लॉजिस्टिक्स प्रदाता और उद्योग जगत के नेताओं सहित विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों ने हिस्सा लिया। चर्चा इस बात पर केंद्रित थी कि ई-ट्रक प्रोत्साहन के लिए धन का उपयोग कैसे किया जाए, जिससे परिवहन क्षेत्र में उत्सर्जन को कम करने की आवश्यकता को संबोधित किया जा सके। मध्यम और भारी-भरकम ट्रक बेड़े का केवल 3% हिस्सा बनाते हैं, लेकिन वे $CO_2$ उत्सर्जन में 44% का योगदान करते हैं, जो इलेक्ट्रिक विकल्पों में बदलाव के महत्व को दर्शाता है। यह प्रयास जनवरी 2024 तक डीजल ट्रक प्रतिस्थापन नीति के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुरूप है, जो स्वच्छ परिवहन समाधानों को अपनाने की तात्कालिकता को रेखांकित करता है।

एमएचआई के सचिव कामरान रिज़वी ने भारत के परिवहन परिवर्तन में इलेक्ट्रिक ट्रकों के महत्व पर ज़ोर देते हुए कहा, ₹इलेक्ट्रिक ट्रकों के लिए, यात्रा अभी शुरू हुई है। इसलिए इलेक्ट्रिक ट्रकों के लिए पीएम ई-ड्राइव के तहत आवंटित 500 करोड़ रुपये का पूरा उपयोग करें।₹

एमएचआई में अतिरिक्त सचिव हनीफ कुरैशी ने ईंधन की लागत कम करने और वायु गुणवत्ता में सुधार लाने में इलेक्ट्रिक ट्रकों के दोहरे प्रभाव का उल्लेख किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत में 18% प्रदूषण के लिए भारी परिवहन क्षेत्र जिम्मेदार है, जिससे स्वच्छ परिवहन नेटवर्क बनाने के लिए इलेक्ट्रिक ट्रक महत्वपूर्ण हो जाते हैं। परामर्श का लक्ष्य इलेक्ट्रिक ट्रकों को अपनाने में तेजी लाने के लिए दिशा-निर्देश विकसित करना है।

इंटरनेशनल काउंसिल ऑन क्लीन ट्रांसपोर्टेशन के भारत प्रबंध निदेशक अमित भट्ट ने इस प्रयास को वैश्विक और राष्ट्रीय पर्यावरणीय लक्ष्यों के साथ संरेखित करने की ओर इशारा किया। इंटरनेशनल काउंसिल ऑन क्लीन ट्रांसपोर्टेशन के शोध के अनुसार 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने के लिए भारत को 2045 और 2050 के बीच ट्रकों सहित अपने पूरे सड़क परिवहन क्षेत्र का विद्युतीकरण करना होगा।

नीति आयोग के सलाहकार (इंफ्रा-कनेक्टिविटी और ई-मोबिलिटी) सुधेंदु जे. सिन्हा ने भारत में इलेक्ट्रिक ट्रकों की क्षमता पर जोर देते हुए कहा, ₹हम इस कोष के माध्यम से अधिकतम संख्या में वाहनों को तैनात करना चाहते हैं ताकि परिवर्तन सुचारू रूप से हो सके। पीएम ई-ड्राइव योजना में इलेक्ट्रिक ट्रकों के लिए आवंटित 500 करोड़ रुपये का उद्देश्य क्रांति को गति देना है।₹

पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना ने जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने के लक्ष्य के साथ इलेक्ट्रिक एम्बुलेंस और ट्रकों दोनों के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इसके अलावा इस योजना ने चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 2,000 करोड़ रुपये और 14,000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों सहित इलेक्ट्रिक पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए 4,391 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इन उपायों का उद्देश्य शहरी प्रदूषण को दूर करना और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करना है।

भारत के मध्यम और भारी ट्रक क्षेत्र में, लगभग 4.5 मिलियन ट्रक सड़क पर हैं, जो 2021 में सड़क परिवहन में कुल तेल उपयोग का 41% हिस्सा है। इंटरनेशनल काउंसिल ऑन क्लीन ट्रांसपोर्टेशन द्वारा किए गए शोध से पता चलता है कि ग्रिड द्वारा संचालित होने पर इलेक्ट्रिक ट्रक डीजल ट्रकों की तुलना में 17% -29% कम ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कर सकते हैं और नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करते समय 83% तक कम उत्सर्जन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त इलेक्ट्रिक ट्रक 65% अधिक ईंधन-कुशल हैं, जिसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण लागत बचत होती है।

बाजार वृद्धि के संदर्भ में भारत में मध्यम और भारी-ड्यूटी ट्रकों की बिक्री में 26% की वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 23 में 3.6 लाख यूनिट तक पहुंच गई, जिसमें भारी-ड्यूटी ट्रकों का इस बाजार में 80% हिस्सा है। इलेक्ट्रिक ट्रकों को अपनाने से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 83% तक की कमी आ सकती है, खासकर नई दिल्ली जैसे शहरी क्षेत्रों में, जहाँ डीजल ट्रक वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

भारत के लिए पेरिस समझौते के लक्ष्यों और 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने के राष्ट्र के लक्ष्य को पूरा करने के लिए बैटरी इलेक्ट्रिक ट्रकों सहित शून्य-उत्सर्जन ट्रकों को अपनाना आवश्यक है। इंटरनेशनल काउंसिल ऑन क्लीन ट्रांसपोर्टेशन द्वारा किए गए शोध से संकेत मिलता है कि 2050 तक आदर्श रूप से 2045 तक 100% शून्य-उत्सर्जन ट्रक बिक्री हासिल करना वैश्विक जलवायु प्रतिबद्धताओं के साथ ट्रैक पर रहने के लिए आवश्यक है।

पीएम ई-ड्राइव योजना और भारत ई-ट्रक एक्सचेंज सत्र टिकाऊ गतिशीलता समाधानों को आगे बढ़ाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं तथा एक स्वच्छ और अधिक कुशल ट्रक क्षेत्र के लिए आधार तैयार करते हैं, जो राष्ट्रीय और वैश्विक जलवायु उद्देश्यों के साथ संरेखित है।

# तिरुनेलवेली, धर्मपुरी और इरोड में 3 सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में स्थापित की जाएँगी ईवी प्रौद्योगिकी

परिवहन विशेष न्यूज

नवीनतम औद्योगिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग 3 करोड़ रुपये की लागत से तिरुनेलवेली, धर्मपुरी और इरोड में तीन सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में इलेक्ट्रिक वाहन यानी ईवी प्रौद्योगिकी प्रयोगशालाएँ स्थापित करेगा।

वर्तमान में ईवी प्रयोगशालाएँ केवल आईआईटी और एनआईटी और राज्य के डीम्ड विश्वविद्यालयों सहित प्रमुख राष्ट्रीय संस्थानों में उपलब्ध हैं।

उच्च शिक्षा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ₹वर्तमान में, ईवी को वाहनों से होने वाले उत्सर्जन से उत्पन्न कार्बन फुटप्रिंट में वृद्धि से निपटने का सबसे उपयोगी तरीका माना जाता है। ₹देश भर में ईंधन के संरक्षण के लिए ईवी को बढ़ावा देने के लिए नीतियों को लागू करना महत्वपूर्ण है। ईवी कौशल वाले छात्रों के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर हैं। इसलिए तमिलनाडु के तीन चयनित इंजीनियरिंग कॉलेजों में ईवी प्रौद्योगिकी प्रयोगशालाएँ स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।"

प्रत्येक ईवी प्रयोगशाला 1 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित की जाएगी। इनमें ऐसे विशेषज्ञ शामिल होंगे जो छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देंगे, कौशल विकास का संचालन करेंगे, इंटर्नशिप कार्यक्रम बनाएंगे और ईवी प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास भी करेंगे।

उन्होंने कहा, ₹ईवी लैब में दोपहिया वाहन कार्य क्षेत्र, ईवी मोटर-परीक्षण क्षेत्र, बैटरी सर्विसिंग मशीन, वेल्डिंग स्टेशन, समग्र ईवी सर्विसिंग विधियां और समस्या निवारण, और ईवी वाहन मरम्मत कार्यों के लिए नवीनतम उपकरण होंगे।"

इसके अलावा कराइकुडी और बोडिनायकनूर में दो इंजीनियरिंग कॉलेजों में 2 करोड़ रुपये की लागत से इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) लैब भी स्थापित की जाएंगी।

IoT लैब छात्रों को IoT सिस्टम को डिजाइन करने, तैनात करने और प्रबंधित करने में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगी। लैब में रोबोटिक्स, हेल्थकेयर, ऊर्जा, पैकेजिंग, सुरक्षा और गुणवत्ता नियंत्रण विनिर्माण सहित उद्योगों के लिए अभिनव हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और सेंसर मॉड्यूल होंगे।



# सोशल मीडिया बनाम पारंपरिक मीडिया: वे कैसे भिन्न हैं?



विजय गर्ग

एक व्यक्ति अपने दाहिने हाथ में स्मार्टफोन और गले में हेडसेट लटकाए हुए थोड़ा मुस्कुराते हुए आगे की ओर देखता है। मीडिया एक व्यापक उद्योग है जिसमें रेडियो, टेलीविज़न और इंटरनेट प्लेटफ़ॉर्म जैसे किसी भी प्रकार का जन संचार शामिल है। सोशल मीडिया और पारंपरिक मीडिया मीडिया क्षेत्र के दो प्राथमिक क्षेत्र हैं, और दोनों विभिन्न दर्शकों तक महत्वपूर्ण जानकारी या अंतर्दृष्टि पहुंचाने के लिए उपयोगी हो सकते हैं। यदि आप मीडिया क्षेत्र में करियर में रुचि रखते हैं या आप विशिष्ट दर्शकों के साथ बातचीत करने के लिए मीडिया का उपयोग करना चाहते हैं, तो इन दो मीडिया प्रकारों के बारे में अधिक जानने से आपको बेहतर ढंग से यह निर्धारित करने में मदद मिल सकती है कि आपके लिए कौन सा सही हो सकता है। इस लेख में, हम बताते हैं कि सामाजिक और पारंपरिक मीडिया क्या हैं, दो मीडिया प्रकारों के बीच मुख्य अंतरों को सूचीबद्ध करें और प्रत्येक क्षेत्र के भीतर प्राथमिक नौकरियों की एक सूची प्रदान करें। सोशल मीडिया क्या है? सोशल मीडिया वेबसाइटें, इंटरनेट प्लेटफ़ॉर्म और अन्य प्रौद्योगिकियाँ हैं जो व्यवसायों और व्यक्तियों को ऑनलाइन बातचीत करने की अनुमति देती हैं। विभिन्न प्रकार के सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म हैं जिनमें विभिन्न वेबसाइटें, मैसेजिंग प्लेटफ़ॉर्म और एप्लिकेशन शामिल हैं, और प्रत्येक प्लेटफ़ॉर्म में अलग-अलग विशेषताएं और क्षमताएं हो सकती हैं। कंपनियां अपने उत्पादों या सेवाओं का विज्ञापन करने, ग्राहकों के सवालों का जवाब देने या किसी नए ब्रांड या विचार को प्रसारित करने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग कर सकती हैं। पारंपरिक मीडिया क्या है? पारंपरिक मीडिया जनसंचार का एक रूप है जिसमें विशिष्ट दर्शकों के साथ विचार या विज्ञापन साझा करना शामिल है। पारंपरिक मीडिया में समाचार पत्र, टेलीविजन कार्यक्रम, पत्रिकाएं और रेडियो शो शामिल हो सकते हैं। इसमें इन उपकरणों के डिजिटल संस्करण भी शामिल हो सकते हैं, जैसे कोई ऑनलाइन पत्रिका या ब्लॉग। इंटरनेट से पहले, पारंपरिक मीडिया अक्सर संगठनों द्वारा संभावित ग्राहकों को विज्ञापन देने का प्राथमिक तरीका था। सोशल मीडिया बनाम पारंपरिक मीडिया चाहे आप मीडिया में करियर बनाने पर विचार कर रहे हों या बस किसी व्यवसाय या उत्पाद के विपणन के तरीके तलाश रहे हों, सामाजिक और पारंपरिक मीडिया के बीच अंतर के बारे में सीखने से आपको बेहतर ढंग से यह निर्धारित करने में मदद मिल सकती है कि आपके इच्छित दर्शकों के लिए कौन सा अधिक प्रभावी हो सकता है। इन दोनों प्रकार के मीडिया के बीच कुछ प्रमुख अंतर यहां दिए गए हैं: श्रोता विशिष्ट दर्शकों से जुड़ने के लिए सामाजिक और पारंपरिक दोनों मीडिया उपयोगी उपकरण हो सकते हैं। पारंपरिक मीडिया आमतौर पर व्यवसायों को व्यापक दर्शकों का ध्यान आकर्षित करने में मदद करता है। उदाहरण के लिए, कोई कंपनी राष्ट्रीय टेलीविजन नेटवर्क पर सुबह की खबरों के दौरान अपने उत्पाद का विज्ञापन करने के लिए भुगतान कर सकती है। इससे उस कंपनी को व्यापक दर्शकों को आकर्षित करने की अनुमति मिलती है, क्योंकि बहुत से लोग काम पर निकलने से पहले सुबह समाचार देखना पसंद करते हैं। सोशल मीडिया आम तौर पर छोटे, अधिक विशिष्ट दर्शकों के लिए उपयोगी है। सोशल मीडिया विशेषज्ञ किसी कंपनी के अनुयायियों को लक्षित करने के लिए पोस्ट बना सकते हैं या वे एक निश्चित समूह का ध्यान बनाए रखने के लिए अधिक वैयक्तिकृत विज्ञापन विकसित कर सकते हैं।

उदाहरण के लिए, एक कपड़ा कंपनी जो युवा महिलाओं के लिए कपड़े बनाती है, अपने चैनलों पर एक नए डिज़ाइन के बारे में पोस्ट कर सकती है, जिससे उसके सोशल मीडिया अनुयायियों को पोस्ट को अधिक आसानी से ढूंढने और साझा करने की सुविधा मिलती है। कंपनी की मार्केटिंग टीम पोस्ट को अधिक विशिष्ट आयु समूहों को लक्षित करने और अनुकूलित करने के लिए सोशल मीडिया एल्गोरिदम का उपयोग कर सकती है। वार्ता सामाजिक और पारंपरिक मीडिया दोनों विभिन्न प्रकार के संचार या संवाद प्रदान करते हैं। पारंपरिक मीडिया अक्सर एक तरफ़ा संचार उपकरण होता है, जिसका अर्थ है कि इसका मुख्य उद्देश्य दर्शकों को सूचित करना या राजी करना है। उदाहरण के लिए, कोई व्यवसाय किसी स्थानीय में विज्ञापन पोस्ट कर सकता हैकिसी संदेश को दर्शकों के साथ शीघ्रता से साझा करने के लिए समाचार पत्र या दिन के समय टेलीविजन पर अपना विज्ञापन प्रसारित करता है। सोशल मीडिया इस मायने में भिन्न है कि यह कंपनियों को अपने इच्छित दर्शकों के साथ दो-तरफ़ा संवाद को बढ़ावा देने और उनके साथ निरंतर बातचीत बनाए रखने की अनुमति देता है। उदाहरण के लिए, कोई कंपनी अपने सोशल मीडिया चैनलों पर अपनी नई सेवा का विज्ञापन करते हुए एक तस्वीर पोस्ट कर सकती है। संभावित ग्राहक पोस्ट पर सार्वजनिक रूप से प्रतिक्रिया देकर और उसे पसंद करके या अपने अनुयायियों के साथ साझा करके उससे बातचीत कर सकते हैं। इससे कंपनी को अपनी ब्रांड जागरूकता बढ़ाने, ग्राहकों से तुरंत प्रतिक्रिया प्राप्त करने और उनके साथ अधिक आसानी से जुड़ने की अनुमति मिल सकती है। लागत मार्केटिंग के लिए मीडिया की लागत प्रारूप के आधार पर भिन्न हो सकती है। सोशल मीडिया की लागत आमतौर पर पारंपरिक मीडिया की तुलना में कम होती है लेकिन व्यापक दर्शकों को आकर्षित करने के लिए अधिक व्यक्तिगत भुगतान की आवश्यकता हो सकती है। उदाहरण के लिए, यदि कोई मार्केटिंग टीम किसी नए उत्पाद के लिए विज्ञापन पोस्ट करना चाहती है, तो वह मुफ्त में या थोड़ी सी लागत पर एक सोशल मीडिया घोषणा बना सकती है। कोई कंपनी अपने सोशल मीडिया पर जितने अधिक भुगतान वाले विज्ञापन पोस्ट करेगी, वह उतनी ही आसानी से अपने लक्षित दर्शकों का ध्यान आकर्षित करने में सक्षम हो सकती है। पारंपरिक मीडिया में अक्सर मीडिया संगठन या कंपनी के आधार पर दरें निर्धारित होती हैं। उदाहरण के लिए, एक कंपनी जो किसी पत्रिका में विज्ञापन पोस्ट करना चाहती है, वह पत्रिका कंपनी को एक विशिष्ट शुल्क का भुगतान कर सकती है। टीवी और रेडियो विज्ञापनों की लागत अक्सर दिन के विशिष्ट समय या दर्शकों की संख्या पर निर्भर करती है। ऐसे शो जिन्हें अधिक दर्शक मिलते हैं या दिन का वह समय जब अधिक लोग कार्यक्रम देख रहे होते हैं, उच्च विज्ञापन लागत से संबंधित हो सकते हैं। समय इन दो मीडिया प्रारूपों के लिए समयरेखा या उत्पादन कार्यक्रम भी भिन्न हो सकते हैं। पारंपरिक मीडिया को आमतौर पर बनाने में अधिक समय लगता है और इसका एक विस्तृत शेड्यूल होता है जो विज्ञापन के विशिष्ट रूप पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए, किसी पत्रिका में विज्ञापन देने में रुचि रखने वाली मार्केटिंग टीमों के लिए संभवतः उस पत्रिका के प्रकाशन कार्यक्रम के आधार पर अपने विज्ञापन विकसित करना आवश्यक होगा। इसका अर्थ मासिक विज्ञापन विकसित करना हो सकता है यदि पत्रिका प्रत्येक माह की शुरुआत में नई सामग्री प्रकाशित करती है। सोशल मीडिया में अक्सर अधिक लचीली समयरेखा होती है। कंपनियाँ जानकारी पोस्ट कर सकती हैं और ग्राहकों के साथ शीघ्रता और बार-बार संवाद कर सकती हैं। वे कितने विज्ञापन बनाते हैं और उन्हें पोस्ट करने की आवृत्ति अक्सर उनका निर्णय होता है। कुछ कंपनियाँ वर्ष के समय और अपने दर्शकों की प्राथमिकताओं के आधार पर अपनी सोशल मीडिया सामग्री को सीमित करने का निर्णय ले सकती हैं, जबकि अन्य जितनी बार संभव हो पोस्ट कर सकते हैं। अनुकूलन क्षमता आमतौर पर सोशल मीडिया पोस्ट को पारंपरिक पोस्ट की तुलना में अधिक आसानी से संपादित करना और बदलना संभव है। उदाहरण के लिए, पोस्ट करने के बाद, सोशल मीडिया विशेषज्ञ पोस्ट को प्राप्त प्रतिक्रिया के आधार पर संपादित कर सकता है, अपडेट कर सकता है या पूरी तरह से हटा सकता है। पारंपरिक मीडिया के साथ, सामग्री आम तौर पर वही रहती है। उदाहरण के लिए, एक कंपनी जो किसी समाचार पत्र में विज्ञापन देती है, प्रकाशन के बाद उसे आसानी से नहीं बदल सकती। हालाँकि पारंपरिक प्रारूपों में जानकारी को संपादित करना या बदलना आम तौर पर अधिक चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन इन प्रारूपों के परिणामस्वरूप दर्शकों पर अधिक प्रभाव पड़ सकता है। लेखक नियंत्रण ये मीडिया प्रकार लेखक नियंत्रण के विभिन्न स्तरों की पेशकश कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, यदि कोई स्थानीय रेडियो शो किसी कंपनी का साक्षात्कार लेना चाहता है, तो रेडियो शो के लेखक स्वयं कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं, लिख सकते हैं और निर्देशित कर सकते हैं। जब तक सोशल मीडिया कुछ दिशानिर्देशों का पालन करता है तब तक सोशल मीडिया कंपनियों को अपनी सामग्री बनाने के अधिक अवसर देता है। सोशल मीडिया का उपयोग करने वाली कंपनियां अपने प्रकाशन की तारीख में देरी करने या कौन सा निर्धारित करने का निर्णय भी ले सकती हैंh वे श्रोता जिन्हें वे लक्षित करना चाहते हैं। प्रभाव जबकि दोनों मीडिया प्रकारों का लक्ष्य दर्शकों को प्रभावित करना है, पारंपरिक प्रारूपों का लक्ष्य अक्सर दर्शकों को सीधे प्रभावित करना होता है।

सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के लिए यह उतना स्पष्ट नहीं हो सकता है कि एक पोस्ट एक विज्ञापन है, क्योंकि सोशल मीडिया अक्सर अधिक रचनात्मकता की अनुमति देता है। उदाहरण के लिए, जूते बेचने वाली कंपनी उपयोगकर्ता की व्यस्तता बढ़ाने के लिए अपने सोशल मीडिया चैनल पर एक मजेदार क्विज़ पोस्ट कर सकती है। सोशल मीडिया दर्शकों को मार्केटिंग से अलग कई तरीकों से भी प्रभावित कर सकता है। उदाहरण के लिए, कोई कंपनी अपने मौजूदा उत्पादों को बेहतर बनाने के लिए उपयोगकर्ता की प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए इसका उपयोग कर सकती है। सोशल मीडिया में करियर इस प्रकार के मीडिया में नौकरी के अवसरों की तुलना करने से आपको अधिक आसानी से यह निर्धारित करने में मदद मिल सकती है कि कौन सा आपके लिए सबसे अच्छा है। यहां सोशल मीडिया में कुछ विशिष्ट नौकरियां दी गई हैं। इनडीड से नवीनतम वेतन जानकारी के लिए, 1. सोशल मीडिया रणनीतिकार राष्ट्रीय औसत वेतनः $63,875 प्रति वर्ष प्राथमिक कर्तव्यः एक सोशल मीडिया रणनीतिकार कंपनियों के लिए डिजिटल मार्केटिंग रणनीतियाँ बनाता है। वे प्रारंभिक रणनीतियों की योजना बना सकते हैं, सोशल मीडिया अभियान विकसित कर सकते हैं और नए अभियानों की प्रभावशीलता का विश्लेषण करने के लिए डेटा एकत्र कर सकते हैं। वे किसी अभियान के परिणामों पर चर्चा करने के लिए सोशल मीडिया टीमों से भी मिल सकते हैं। 2. सोशल मीडिया विशेषज्ञ राष्ट्रीय औसत वेतनः $53,255 प्रति वर्ष प्राथमिक कर्तव्यः एक सोशल मीडिया विशेषज्ञ एक मार्केटिंग पेशेवर होता है जो सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म के प्रबंधन में माहिर होता है। उनके कर्तव्यों में लक्षित दर्शकों पर शोध करना, पोस्ट बनाना और ग्राहकों के साथ संवाद करना शामिल हो सकता है। वे यह निर्धारित करने के लिए एक मार्केटिंग टीम के साथ भी सहयोग कर सकते हैं कि कौन सी मीडिया रणनीतियाँ सबसे प्रभावी हो सकती हैं। 3. सोशल मीडिया मैनेजर राष्ट्रीय औसत वेतनः $55,933 प्रति वर्ष प्राथमिक कर्तव्यः सोशल मीडिया प्रबंधक सोशल मीडिया टीमों की देखरेख में मदद करते हैं। वे कार्य सौंप सकते हैं, एक प्रकाशन कार्यक्रम की देखरेख कर सकते हैं और एक कंपनी के लिए कई सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का प्रबंधन कर सकते हैं। वे सोशल मीडिया एनालिटिक्स को भी ट्रैक कर सकते हैं और विभिन्न सामग्री रणनीतियाँ बना और प्रबंधित कर सकते हैं। और पढ़ेंः सोशल मीडिया मैनेजर बनने के बारे में जानें 4. सामग्री रणनीतिकार राष्ट्रीय औसत वेतनः $72,825 प्रति वर्ष प्राथमिक कर्तव्यः एक सामग्री रणनीतिकार ब्लॉग पोस्ट, लेख और सोशल मीडिया पोस्ट सहित सामग्री निर्माण के लिए योजना तैयार करने में मदद करता है। वे नई सामग्री डिज़ाइन कर सकते हैं, उत्पादन कैलेंडर की देखरेख कर सकते हैं और प्रकाशन से पहले पोस्ट की समीक्षा कर सकते हैं। वे बाज़ार अनुसंधान भी कर सकते हैं। 5. ब्रांड रणनीतिकार राष्ट्रीय औसत वेतनः $78,280 प्रति वर्ष प्राथमिक कर्तव्यः ब्रांड रणनीतिकार किसी ब्रांड या पहचान को बढ़ावा देने में विशेषज्ञ होते हैं। वे बाज़ार के रुझानों का विश्लेषण करते हैं, लक्षित दर्शकों का निर्धारण करते हैं और कंपनियों के लिए मार्केटिंग रणनीतियाँ विकसित करते हैं। वे कंपनियों को सकारात्मक ब्रांड छवि बनाए रखने में भी मदद करते हैं।

क्या आपको अपने बायोडाटा के लिए सहायता की आवश्यकता है? पारंपरिक मीडिया में करियर यहां पारंपरिक मीडिया में कुछ विशिष्ट नौकरियां दी गई हैं। इनडीड से नवीनतम वेतन जानकारी के लिए 1. प्रचारक राष्ट्रीय औसत वेतनः $52,869 प्रति वर्ष प्राथमिक कर्तव्यः एक प्रचारक यह सुनिश्चित करने में मदद करता है कि एक संदेश अपने इच्छित लक्षित दर्शकों के साथ संरेखित हो। वे भाषण लिख सकते हैं, प्रेस विज्ञप्तियाँ डिज़ाइन कर सकते हैं और ग्राहकों के लिए वेबसाइट सामग्री बना सकते हैं। वे अपने ग्राहकों को बेहतर ढंग से बढ़ावा देने के लिए पत्रकारों को विभिन्न विचार पेश करने में भी मदद करते हैं। और पढ़ेंः प्रचारक होने के बारे में जानें 2. प्रसारक राष्ट्रीय औसत वेतनः $59,245 प्रति वर्ष प्राथमिक कर्तव्यः प्रसारक मीडिया पेशेवर होते हैं जो दर्शकों को समाचार या मनोरंजन रिपोर्ट करते हैं। वे आम तौर पर टेलीविजन या रेडियो सेटिंग में काम करते हैं। उनके कर्तव्यों में समाचार कहानियों पर शोध करना, टेलीप्रॉम्प्टर से स्क्रिप्ट संपादित करना और पढ़ना। 3. निर्माता राष्ट्रीय औसत वेतनः $56,836 प्रति वर्ष प्राथमिक कर्तव्यः एक निर्माता एक मीडिया पेशेवर होता है जो किसी उत्पादन की देखरेख में मदद करता है। उनके कर्तव्यों में किसी प्रोजेक्ट के बजट का प्रबंधन करना, प्रोजेक्ट शेड्यूल बनाना और प्रोडक्शन टीम की देखरेख करना शामिल हो सकता है। वे फिल्म, टेलीविजन और रेडियो सहित कई मीडिया क्षेत्रों में काम कर सकते हैं। 4. पत्रकार राष्ट्रीय औसत वेतनः $41,431 प्रति वर्ष प्राथमिक कर्तव्यः एक पत्रकार विभिन्न समाचार आउटलेटों के लिए लेख लिखने और प्रकाशित करने में मदद करता है। वे दर्शकों को वर्तमान घटनाओं के बारे में सूचित करने के लिए व्यक्तियों का साक्षात्कार कर सकते हैं, कहानियों पर शोध कर सकते हैं और लेख लिख सकते हैं। वे टेलीविजन नेटवर्क, समाचार पत्र और पत्रिकाओं सहित विभिन्न मीडिया प्लेटफार्मों के लिए काम कर सकते हैं। और पढ़ेंः पत्रकार होने के बारे में जानें 5. मीडिया निदेशक राष्ट्रीय औसत वेतनः $124,319 प्रति वर्ष प्राथमिक कर्तव्यः एक मीडिया निदेशक किसी कंपनी की संचार रणनीतियों को प्रबंधित करने में मदद करता है। वे किसी संगठन के भीतर सभी मीडिया अभियानों को डिज़ाइन और देखरेख करते हैं। वे एक विज्ञापन बजट का प्रबंधन भी कर सकते हैं, विभिन्न विज्ञापन प्लेटफार्मों के साथ सहयोग कर सकते हैं और एक मार्केटिंग टीम के साथ सामग्री रणनीतियों पर चर्चा कर सकते हैं।

# एआई उपकरण कौशल विकास में क्रांति ला रहे हैं विजय गर्ग

विजय गर्ग

आज के तेज़ गति वाले डिजिटल परिदृश्य में, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) विभिन्न क्षेत्रों में पेशेवरों के लिए एक गेम चेंजर के रूप में उभरा है। एआई उपकरण हमारे काम करने के तरीके को बदल रहे हैं, उत्पादकता बढ़ा रहे हैं और नवाचार को आगे बढ़ा रहे हैं शुरुआती दौर में अपनी नौकरी खोने के डर के कारण पेशेवरों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता को सबसे बड़ा खतरा माना जाता था, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत है। इससे न केवल युवाओं को नई नौकरियाँ मिलेंगीबल्कि वह अपने हुनर को निखारने में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं. छात्रों को शिक्षित करने से लेकर शिक्षकों और पेशेवरों को पेशेवर तरीके से पढ़ाने तक, यह उन्हें अनगिनत तरीकों से मदद कर रहा है। यदि आप भी कॉर्पोरेट जगत में करियर तलाश रहे हैं या अपने कौशल को निखारना चाहते हैं, तो एआई आपको नए अवसर खोजने और बेहतर भविष्य बनाने में मदद कर सकता है। बायोडाटा को प्रभावशाली बनाएं एआई बहुत आकर्षक बायोडाटा और कवर लेटर बनाने में मदद करता है, जिससे आप भर्तीकर्ता के सामने खड़े हो जाते हैं।आर को बेहतर तरीके से उजागर किया जाएगा. रिज्यूमे और कवर लेटर बनाने के लिए रेजी एक ऐसा उपकरण है। यह कौशल और शैक्षिक पृष्ठभूमि को आकर्षक आकार देकर बायोडाटा को प्रभावशाली बनाता है। यह उम्मीदवार के लिए जारी विज्ञापन और नियुक्ति देने वाली कंपनी के नाम के आधार पर एक अनुकूलित नौकरी आवेदन भी तैयार करता है। इंटरव्यू की तैयारी इंटरव्यू के सवालों को लेकर चिंतित होना स्वाभाविक है। इसके लिए चैटजीपीटी की मदद ली जा सकती है। हालाँकि पूरी तरह से चैटजीपीटी पर निर्भर हैसही नहीं यह केवल संभावित सुझावों के लिए सर्वोत्तम विकल्प है. इस पर आप कंपनी और उम्मीदवार का नाम डालकर संभावित साक्षात्कार प्रश्नों की सूची और साक्षात्कार देते समय आपको क्या ध्यान रखना चाहिए, इसकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आप चैटजीपीटी द्वारा सुझाए गए कौशल और क्षमताओं के आधार पर अपने उत्तर में सुधार कर सकते हैं। पदोन्नति के लिए ए.आई एआई न सिर्फ नौकरी पाने में मदद करता है, बल्कि इसकी मदद से प्रोफेशनल्स प्रमोशन की राह भी तय कर सकते हैं। आप चैटजीपीटी और जेमिनी आदि का उपयोग कर सकते हैंआप बॉस से अपने प्रमोशन के लिए बातचीत करने के तरीकों के बारे में भी सीख सकते हैं रचनात्मकता ऑटोमेशन एनीव्हेयर एनीव्हेयर का एआई-पावर्ड ऑटोमेशन प्लेटफॉर्म पेशेवरों को दोहराए जाने वाले कार्यों को स्वचालित करने में सक्षम बनाता है, जिससे रणनीतिक सोच और रचनात्मकता के लिए समय बच जाता है। Google क्लाउड AI मशीन लर्निंग टूल प्रदान करता है, जो पेशेवरों को AI मॉडल बनाने में सक्षम बनाता है जो व्यावसायिक अंतर्दृष्टि और विकास को बढ़ावा देता है। आईबीएम का एआई प्लेटफॉर्म पेशेवरों को डेटा विश्लेषण, विजुअलाइज़ेशन और निर्णय लेने में सशक्त बनाता हैविभिन्न प्रकार के उपकरण प्रदान करता है। कंप्यूटर विज़न उपकरण TensorFlow और OpenCV जैसे कंप्यूटर विज़न टूल पेशेवरों को AI मॉडल लागू करने में सक्षम बनाते हैं जो विजुअल डेटा की व्याख्या करते हैं और उसका अर्थ निकालते हैं। चैटबॉट्स डायलॉगफ्लो और बॉटप्रेस जैसे चैटबॉट पेशेवरों को संवादात्मक इंटरफेस बनाने में सक्षम बनाते हैं जो ग्राहक जुड़ाव और समर्थन को बढ़ाते हैं। परिणामस्वरूप, एआई उपकरण पेशेवर दुनिया में क्रांति ला रहे हैं और हमें अधिक स्मार्ट, तेज और अधिक कुशलता से काम करने में सक्षम बना रहे हैं।हैं इन उपकरणों को अपनाकर पेशेवर नए अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। एआई वार्तालाप स्टार्टर टूल कुछ कंपनियां ऐसी भी हैं जहां रिक्तियों के लिए कोई पारंपरिक विज्ञापन जारी नहीं किया जाता है। इसे हिडन जॉब मार्केट कहा जाता है. ऐसी नौकरी की जानकारी के लिए नेटवर्किंग काफी मददगार है। इसके अलावा, लिंक्डइन का एआई वार्तालाप स्टार्टर टूल संबंधित क्षेत्रों में पेशेवरों से जुड़ने और आपके कौशल को उजागर करने में मदद करता है। LinkedIn के अलावा Taplio और Engage ऐसे AI टूल हैं, जोलिंक्डइन के साथ मिलकर आपकी नेटवर्किंग बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

# सेंधा नमक की हकीकत.......

**"सेंधा नमक के साथ इन अंग्रेजो ने कैसे किया था खिलवाड़"**

भारत से कैसे गायब कर दिया गया... आप सोच रहे होंगे की ये सेंधा नमक बनता कैसे है ?? आइये आज हम आपको बताते है कि नमक मुख्यतः कितने प्रकार का होता है। एक होता है समुद्री नमक, दूसरा होता है सेंधा नमक 'rock salt' सेंधा नमक बनता नहीं है पहले से ही बना बनाया है। पूरे उत्तर भारतीय उपमहाद्वीप में खनिज पत्थर के नमक को 'सेंधा नमक' या 'सैन्धव नमक', लाहोरी नमक आदि आदि नाम से जाना जाता है जिसका मतलब है 'सिंध या सिन्धु के इलाक़े से आया हुआ'। वहाँ नमक के बड़े बड़े पहाड़ है सुरंगे है। वहाँ से ये नमक आता है। मोटे मोटे टुकड़ो मे होता है आजकल पीसा हुआ भी आने लगा है यह हृदय के लिये उत्तम, दीपन और पाचन मे मदद रूप, त्रिदोष शामक, शीतवीर्य अर्थात ठंडी तासीर वाला, पचने मे हल्का है। इससे पाचक रस बढ़ते हैं। अतः: आप ये समुद्री नमक के चक्कर से बाहर निकले। काला नमक, सेंधा नमक प्रयोग करे, क्यूंकि ये प्रकृति का बनाया है, भारत मे 1930 से पहले कोई भी समुद्री नमक नहीं खाता था विदेशी कंपनीयां भारत में नमक के व्यापार मे आज़ादी के पहले से उतरी हुई है, उनके कहने पर ही भारत के अँग्रेजी प्रशासन द्वारा भारत की भोली भाली जनता को आयोडिन मिलाकर समुद्री नमक खिलाया जा रहा है, हुआ ये कि जब ग्लोबलाईसेशन के बाद बहुत सी विदेशी कंपनियों अन्नपूर्णा, कैप्टन कुक ने नमक बेचना शुरू किया तब ये सारा खेल शुरू हुआ! अब समझिए खेल क्या था ?? खेल ये था कि विदेशी कंपनियो को नमक बेचना है और बहुत मोटा लाभ कमाना है और लूट मचानी है तो पूरे भारत में एक नई बात फैलाई गई कि आयोडीन युक्त नामक खाओ, आयोडीन युक्त नमक खाओ ! आप सबको आयोडीन की कमी हो गई है। ये सेहत के लिए बहुत अच्छा है आदि आदि बातें पूरे देश में प्रायोजित ढंग से फैलाई गई। और जो नमक किसी जमाने में 2 से 3 रूपये किलो में बिकता था। उसकी जगह आयोडीन नमक के नाम पर सीधा भाव पहुँच गया 8 रूपये प्रति किलो और आज तो 20 रूपये को भी पार कर गया है।

दुनिया के 56 देशों ने अतिरिक्त आयोडीन युक्त नमक 40 साल पहले बैन कर दिया अमेरिका में नहीं है जर्मनी मे नहीं है फ्रांस में नहीं, डेन्मार्क में नहीं, डेन्मार्क की सरकार ने 1956 में आयोडीन युक्त नमक बैन कर दिया क्यों ?? उनकी सरकार ने कहा हमने आयोडीन युक्त नमक खिलाया !( 1940 से 1956 तक ) अधिकांश लोग नपुंसक हो गए ! जनसंख्या इतनी कम हो गई कि देश के खत्म होने का खतरा हो गया ! उनके वैज्ञानिकों ने कहा कि आयोडीन युक्त नमक बंद करवाओ तो उन्होने बैन लगाया। और शुरू के दिनों में जब हमारे देश में ये आयोडीन का खेल शुरू हुआ इस देश के बेशर्म नेताओं ने कानून बना दिया कि बिना आयोडीन युक्त नमक भारत में बिक नहीं सकता। वो कुछ समय पूर्व किसी ने कोर्ट में मुकदमा दाखिल किया और ये बैन हटाया गया।

**आज से कुछ वर्ष पहले कोई भी समुद्री नमक नहीं खाता था सब सेंधा नमक ही खाते थे।**

सेंधा नमक के फ़ायदे:- सेंधा नमक के उपयोग से रक्तचाप और बहुत ही गंभीर बीमारियों पर नियन्त्रण रहता है क्योंकि ये अम्लीय नहीं ये क्षारीय है (alkaline) क्षारीय चीज जब अमल मे मिलती है तो वो न्यूटल हो जाता है और रक्त अमलता खत्म होते ही शरीर के 48 रोग ठीक हो जाते हैं, ये नमक शरीर मे पूरी तरह से घुलनशील है। और सेंधा नमक की शुद्धता के कारण आप एक और बात से पहचान सकते हैं कि उपवास, व्रत में सब सेंधा नमक ही खाते है। तो आप सोचिए जो समुद्री नमक आपके उपवास को अपवित्र कर सकता है वो आपके शरीर के लिए कैसे लाभकारी हो सकता है ??

सेंधा नमक शरीर में 97 पोषक तत्वों की कमी को पूरा करता है ! इन पोषक तत्वों की कमी ना पूरी होने के कारण ही लकवे (paralysis) का अटैक आने का सबसे बडा जोखिम होता है सेंधा नमक के बारे में आयुर्वेद में बोला गया है कि यह आपको इसलिये खाना चाहिए क्योंकि सेंधा नमक वात, पित्त और कफ को दूर करता है।

यह पाचन में सहायक होता है और साथ ही इसमें पोटैशियम और मैग्नीशियम पाया जाता है जो हृदय के लिए लाभकारी होता है। यही नहीं आयुर्वेदिक औषधियों में जैसे लवण भास्कर, पाचन चूर्ण आदि में भी प्रयोग किया जाता है।

समुद्री नमक के भयंकर नुकसान :- ये जो समुद्री नमक है आयुर्वेद के अनुसार ये तो अपने आप में ही बहुत खतरनाक है ! क्योंकि कंपनियाँ इसमें अतिरिक्त आयोडीन डाल रही है। अब आयोडीन भी दो तरह का होता है एक तो भगवान का बनाया हुआ जो पहले से नमक में होता है। दूसरा होता है "industrial iodine" ये बहुत ही खतरनाक है। तो समुद्री नमक जो पहले से ही खतरनाक है उसमे कंपनिया अतिरिक्त industrial iodine डाल को पूरे देश को बेच रही है। जिससे बहुत सी गंभीर बीमरियां हम लोगों को आ रही है। ये नमक मानव द्वारा फ़ैक्टरियों में निर्मित है।

आम तौर से उपयोग मे लाये जाने वाले समुद्री नमक से उच्च रक्तचाप (high BP ), डाइबिटीज़, आदि गंभीर बीमारियो का भी कारण बनता है। इसका एक कारण ये है कि ये नमक अम्लीय (acidic) होता है। जिससे रक्त अम्लता बढ़ती है और रक्त अमलता बढ्ने से ये सब 48 रोग आते है। ये नमक पानी कभी पूरी तरह नहीं घुलता हीरे (diamond ) की तरह चमकता रहता है इसी प्रकार शरीर के अंदर जाकर भी नहीं घुलता और अंत इसी प्रकार किडनी से भी नहीं निकल पाता और पथरी का भी कारण बनता है।

रिफाइण्ड नमक में 98% सोडियम क्लोराइड ही है शरीर इसे विजातीय पदार्थ के रुप में रखता है। यह शरीर में घुलता नही है। इस नमक में आयोडीन को बनाये रखने के लिए Tricalcium Phosphate, Magnesium Carbonate, Sodium Alumino Silicate जैसे रसायन मिलाये जाते हैं जो सीमेंट बनाने में भी इस्तेमाल होते है। विज्ञान के अनुसार यह रसायन शरीर में रक्त वाहिनियों को कड़ा बनाते हैं, जिससे ब्लाक्स बनने की संभावना और आक्सीजन जाने में परेशानी होती है। जोड़ो का दर्द और गठिया, प्रोस्टेट आदि होती है। आयोडीन नमक से पानी की जरुरत ज्यादा होती है, एक ग्राम नमक अपने से 23 गुना अधिक पानी खींचता है। यह पानी कोशिकाओं के पानी को कम करता है, इसी कारण हमें प्यास ज्यादा लगती है।

आप इस अतिरिक्त आयोडीन युक्त समुद्री नमक खाना छोड़िए और उसकी जगह सेंधा नमक खाइये !! सिर्फ आयोडीन के चक्कर में समुद्री नमक खाना समझदारी नहीं है, क्योंकि जैसा हमने ऊपर बताया आयोडीन हर नमक में होता है सेंधा नमक में भी आयोडीन होता है बस फर्क इतना है इस सेंधा नमक में प्रकृति के द्वारा बनाया आयोडीन होता है इसके इलावा आयोडीन हमें आलू, अरवी के साथ-साथ हरी सब्जियों से भी मिल जाता है।

-विजय गर्ग


# एआई उपकरण कौशल विकास में क्रांति ला रहे हैं

आज के तेज़ गति वाले डिजिटल परिदृश्य में, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) विभिन्न क्षेत्रों में पेशेवरों के लिए एक गेम चेंजर के रूप में उभरा है। एआई उपकरण हमारे काम करने के तरीके को बदल रहे हैं, उत्पादकता बढ़ा रहे हैं और नवाचार को आगे बढ़ा रहे हैं शुरुआती दौर में अपनी नौकरी खोने के डर के कारण पेशेवरों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता को सबसे बड़ा खतरा माना जाता था, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत है। इससे न केवल युवाओं को नई नौकरियाँ मिलेंगीबल्कि वह अपने हुनर को निखारने में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं. छात्रों को शिक्षित करने से लेकर शिक्षकों और पेशेवरों को पेशेवर तरीके से पढ़ाने तक, यह उन्हें अनगिनत तरीकों से मदद कर रहा है। यदि आप भी कॉर्पोरेट जगत में करियर तलाश रहे हैं या अपने कौशल को निखारना चाहते हैं, तो एआई आपको नए अवसर खोजने और बेहतर भविष्य बनाने में मदद कर सकता है। बायोडाटा को प्रभावशाली बनाएं एआई बहुत आकर्षक बायोडाटा और कवर लेटर बनाने में मदद करता है, जिससे आप भर्तीकर्ता के सामने खड़े हो जाते हैं।आर को बेहतर तरीके से उजागर किया जाएगा. रिज्यूमे और कवर लेटर बनाने के लिए रेजी एक ऐसा उपकरण है। यह कौशल और शैक्षिक पृष्ठभूमि को आकर्षक आकार देकर बायोडाटा को प्रभावशाली बनाता है। यह उम्मीदवार के लिए जारी विज्ञापन और नियुक्ति देने वाली कंपनी के नाम के आधार पर एक अनुकूलित नौकरी आवेदन भी तैयार करता है। इंटरव्यू की तैयारी इंटरव्यू के सवालों को लेकर चिंतित होना स्वाभाविक है। इसके लिए चैटजीपीटी की मदद ली जा सकती है। हालाँकि पूरी तरह से चैटजीपीटी पर निर्भर हैसही नहीं यह केवल संभावित सुझावों के लिए सर्वोत्तम विकल्प है. इस पर आप कंपनी और उम्मीदवार का नाम डालकर संभावित साक्षात्कार प्रश्नों की सूची और साक्षात्कार देते समय आपको क्या ध्यान रखना चाहिए, इसकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आप चैटजीपीटी द्वारा सुझाए गए कौशल और क्षमताओं के आधार पर अपने उत्तर में सुधार कर सकते हैं। पदोन्नति के लिए ए.आई एआई न सिर्फ नौकरी पाने में मदद करता है, बल्कि इसकी मदद से प्रोफेशनल्स प्रमोशन की राह भी तय कर सकते हैं। आप चैटजीपीटी और जेमिनी आदि का उपयोग कर सकते हैंआप बॉस से अपने प्रमोशन के लिए बातचीत करने के तरीकों के बारे में भी सीख सकते हैं रचनात्मकता ऑटोमेशन एनीव्हेयर एनीव्हेयर का एआई-पावर्ड ऑटोमेशन प्लेटफॉर्म पेशेवरों को दोहराए जाने वाले कार्यों को स्वचालित करने में सक्षम बनाता है, जिससे रणनीतिक सोच और रचनात्मकता के लिए समय बच जाता है। Google क्लाउड AI मशीन लर्निंग टूल प्रदान करता है, जो पेशेवरों को AI मॉडल बनाने में सक्षम बनाता है जो व्यावसायिक अंतर्दृष्टि और विकास को बढ़ावा देता है। आईबीएम का एआई प्लेटफॉर्म पेशेवरों को डेटा विश्लेषण, विजुअलाइज़ेशन और निर्णय लेने में सशक्त बनाता हैविभिन्न प्रकार के उपकरण प्रदान करता है। कंप्यूटर विज़न उपकरण TensorFlow और OpenCV जैसे कंप्यूटर विज़न टूल पेशेवरों को AI मॉडल लागू करने में सक्षम बनाते हैं जो विजुअल डेटा की व्याख्या करते हैं और उसका अर्थ निकालते हैं। चैटबॉट्स डायलॉगफ्लो और बॉटप्रेस जैसे चैटबॉट पेशेवरों को संवादात्मक इंटरफेस बनाने में सक्षम बनाते हैं जो ग्राहक जुड़ाव और समर्थन को बढ़ाते हैं। परिणामस्वरूप, एआई उपकरण पेशेवर दुनिया में क्रांति ला रहे हैं और हमें अधिक स्मार्ट, तेज और अधिक कुशलता से काम करने में सक्षम बना रहे हैं।हैं इन उपकरणों को अपनाकर पेशेवर नए अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। एआई वार्तालाप स्टार्टर टूल कुछ कंपनियां ऐसी भी हैं जहां रिक्तियों के लिए कोई पारंपरिक विज्ञापन जारी नहीं किया जाता है। इसे हिडन जॉब मार्केट कहा जाता है. ऐसी नौकरी की जानकारी के लिए नेटवर्किंग काफी मददगार है। इसके अलावा, लिंक्डइन का एआई वार्तालाप स्टार्टर टूल संबंधित क्षेत्रों में पेशेवरों से जुड़ने और आपके कौशल को उजागर करने में मदद करता है। LinkedIn के अलावा Taplio और Engage ऐसे AI टूल हैं, जोलिंक्डइन के साथ मिलकर आपकी नेटवर्किंग बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

-विजय गर्ग

# म्यूचुअल फंड में निवेश की बना रहे हैं योजना, यहां मिलेगी पूरी जानकारी

परिवहन विशेष न्यूज

निवेश के एक ऐसे साधन हैं जहां पर आपके निवेश को एक अनुभवी एक्सपर्ट मैनेज करते हैं। म्यूचुअल फंड एक तरह से पूल्ड इन्वेस्टमेंट है। इसे ऐसे समझें कि कई लोग अपना पैसा मिलाकर विभिन्न तरह की संपत्तियों में निवेश करते हैं। इन निवेशों से जो रिटर्न मिलता है वह निवेशकों में उनकी निवेश राशि के अनुपात में बांटा जाता है।



**नई दिल्ली**। जब भी हम निवेश के बारे में सोचते हैं तो पहला ख्याल सोना या फिर बैंक एफडी ही आता है। ये निवेश के पारम्परिक व सुरक्षित साधन माने जाते हैं। इसमें पैसा डूबने का खतरा कम होता है, हालांकि इस पर रिटर्न भी काफी सीमित होता है। इसके अतिरिक्त भी निवेश के ऐसे कई विकल्प हैं जहां पर आम कम समय में अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं, जैसे की शेयर मार्केट में निवेश, बॉण्ड्स या ऋण (Bonds & Debt)।

ये जोखिम भरे निवेश होते हैं और सही जानकारी के अभाव में निवेशकों को अक्सर इनमें भारी नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसे में अगर आप भी निवेश के पारम्परिक विकल्पों जैसे सोना, रियल एस्टेट, बैंक एफडी की जगह पर नए विकल्पों जैसे शेयर मार्केट आदि में निवेश करना चाहते हैं और आपके पास इसकी सही जानकारी नहीं है तो आपके लिए Mutual Fund निवेश के बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं।

Mutual Fund निवेश के एक ऐसे साधन हैं जहां पर आपके निवेश को एक अनुभवी एक्सपर्ट मैनेज करते हैं। यह एक तरीके का सामूहिक निवेश साधन है जहां पर कई सारे निवेशक एक साथ मिलकर एक लक्ष्य के लिए पैसे निवेशित करते हैं और इस निवेश को संभालते हैं एक्सपर्ट फंड मैनेजर। जिससे आपका निवेश कम जोखिम भरा हो जाता है।

Mutual Fund क्या होते हैं, ये काम कैसे करते है, किस-किस तरह के Mutual Fund बाजार में उपलब्ध हैं, इनमें निवेश कैसे शुरू किया जाए, इनमें जोखिम कितना होता है, इन सभी बातों को समझाने के लिए Jagran Business की तरफ से एक नई वीडियो सीरीज "Finance के फंडे" शुरू की गयी है, जिसमें एक्सपर्ट म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स इससे जुड़े सारे अहम मुद्दों पर हमसे बात करेंगे। इस सीरीज के पहले एपिसोड में हमने बात की म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर Abhinesh Kumar Founder & Mentor, Infinity Finserv, से। आप इस वीडियो को यहां पर पूरा भी देख सकते हैं-

**Mutual Fund काम कैसे करते हैं-**

म्यूचुअल फंड एक तरह से पूल्ड इन्वेस्टमेंट है। इसे ऐसे समझें कि कई लोग अपना पैसा मिलाकर विभिन्न तरह की संपत्तियों में निवेश करते हैं। इन निवेशों से जो रिटर्न मिलता है, वह निवेशकों में उनकी निवेश राशि के अनुपात में बांटा जाता है। कुमार ने म्यूचुअल फंड की तुलना बस यात्रा से करते हुए कहा, "आप किसी भी स्टॉप पर चढ़ या उतर सकते हैं, लेकिन आपको उस दूरी का किराया देना होगा जो आपने यात्रा की है।"

**फंड मैनेजर आपके निवेश का रखता है ध्यान**

म्यूचुअल फंड में आपका निवेश एक फंड मैनेजर की निगरानी में होता है। कुमार कहते हैं, ₹फंड मैनेजर एक जहाज के कप्तान की तरह होता है। वे बाजार की स्थिति और फंड के उद्देश्यों के आधार पर निवेश का मार्गदर्शन करते हैं।"

**Mutual Fund में कितना जोखिम है**

Mutual Fund के जरिए आपका पैसा शेयर मार्केट, ऋण, बॉण्ड्स आदि कई जगहों पर लगाया जाता है। निवेश के हर विकल्प में जोखिम भी अलग-अलग होता है। कुमार का कहना है कि "म्यूचुअल फंड में जो जोखिम आप लेते हैं, वह सीधे संभावित रिटर्न से जुड़ा होता है। यह बाइक और स्पोर्ट्स कार चुनने जैसा है। बाइक सुरक्षित लेकिन धीमी होती है, जबकि स्पोर्ट्स कार अधिक गति प्रदान करती है लेकिन उच्च जोखिम के साथ आती है। इसी तरह, म्यूचुअल फंड्स में, इक्विटी-आधारित फंड उच्च संभावित रिटर्न प्रदान करते हैं लेकिन ऋण फंड की तुलना में अधिक जोखिम भी लेते हैं।"

अगर आप भी Mutual Fund में निवेश करना चाहते हैं तो आप इस सीरीज से जुड़कर Mutual Fund के बारे में सारी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। "Finance के फंडे" सीरीज के सभी एपिसोड देखने के लिए क्लिक करें-

# आधार से पैन लिंक कराना अब पड़ रहा महंगा, जुर्माने से भरा सरकार का खजाना

सरकार ने पैन को आधार से लिंक कराने के लिए 30 जून 2023 तक की डेडलाइन तय की थी। उस वक्त तक पैन को आधार से लिंक कराना मुफ्त था। उसके बाद से सरकार पैन से आधार लिंक कराने पर जुर्माना वसूल रही है। यह रकम पहले 500 रुपये थी जो बढ़कर 1000 रुपये हो गई है।




**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार ने वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने के लिए पैन को आधार से लिंक कराना अनिवार्य कर दिया है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने इसके लिए 31 दिसंबर, 2024 तक की डेडलाइन दी है। अगर 31 दिसंबर तक आप पैन और आधार को लिंक नहीं कराते, तो आपका पैन कार्ड डी-एक्टिवेट कर दिया जाएगा। इससे आपको टैक्स भरने, लेनदेन करने समेत अन्य मुश्किलें भी आएंगी।

**पैन-आधार लिंक कराने पर फाइन**

सरकार ने 30 जून 2023 तक पैन कार्ड को आधार से लिंक कराने की सुविधा मुफ्त कर रखी थी। लेकिन, अब लेट फीस के तौर पर 1 हजार रुपये का जुर्माना देना पड़ता है। पहले जुर्माने की रकम 500 रुपये थी, जिसे अब बढ़ाकर 1 हजार रुपये कर दिया गया है। इसका मतलब कि पैन से आधार कार्ड लिंक कराने पर अब आपको 1 हजार रुपये फाइन के रूप में देने होंगे।

**कितने लोगों पर लगा जुर्माना**

देश में 2 करोड़ से अधिक टैक्सपेयर्स ने फ्री डेडलाइन खत्म होने के बाद पैन को आधार से लिंक कराया। सरकार ने उनसे पेनल्टी के रूप में 2,125 करोड़ रुपये वसूले हैं। इनकम टैक्स एक्ट, 1961 की धारा 234 एच में प्रावधान है कि किसी व्यक्ति को धारा 139एए की उपधारा (2) के तहत आधार की जानकारी देनी होती है। ऐसा न करने पर उसे सरकार को 1,000 रुपए तक का जुर्माना देना पड़ेगा।

**देश में कितने पैन कार्ड हैं?**

अगर मार्च 2024 तक का आंकड़ा देखें, तो देश में 74 करोड़ से अधिक लोगों के पास पैन कार्ड था। इनमें से 60.5 करोड़ लोग अपने पैन को आधार से लिंक करा चुके थे। पिछले साल नवंबर में एक आरटीआई के जवाब में सीबीडीटी ने बताया था कि वह आधार से लिंक नहीं होने के कारण 11.5 करोड़ पैन को डी-एक्टिवेट कर चुका है।

**पैन को आधार से कैसे लिंक करें?**

- इनकम टैक्स की वेबसाइट websites-eportal.incometax.gov.in या incometaxindiaefiling.gov.in पर जाएं।
- पैन नंबर को यूजर आईडी की जगह भरकर रजिस्ट्रेशन करें।
- अब पैन को आधार से लिंक करने की एक पॉप विंडो आएगी।
- अगर ऐसा नहीं होता, तो प्रोफाइल सेटिंग पर जाकर आधार लिंक पर क्लिक करें।
- यहां आपको पैन कार्ड की जानकारियां- जैसे जन्मतिथि, लिंग और नाम दिखेगा।
- अपनी इन जानकारियां को आधार से मिलान करें। फिर लिंक नाउ बटन पर क्लिक करें।
- इसके बाद आपकी स्क्रीन पर लिखा आएगा कि आपका पैन आधार से लिंक हो गया है।

# सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट, चेक करें लेटेस्ट प्राइस

**नई दिल्ली**। सोने की कीमतों में गिरावट का सिलसिला जारी है। वहीं, एक दिन की तेजी के बाद चांदी की चमक भी फीकी पड़ी है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को सोने की कीमतों में एक बार फिर भारी गिरावट आई और यह 700 रुपये टूटकर 77,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एक दिन पहले यानी बुधवार को इसमें 50 रुपये की मामूली गिरावट आई थी। चांदी भी 2,310 रुपये टूटकर 90,190 रुपये प्रति किलो पर आ गई। इसका पिछला बंद भाव 92,500 रुपये प्रति किलो पर था।

**क्यों गिर रहे हैं सोने-चांदी के भाव**

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक, ग्लोबल मार्केट में सोने की मांग काफी कमजोर है। यह फैक्टर डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद से ही देखा जा रहा है। दुनियाभर के निवेशकों का अनुमान है कि ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद दूसरी करेंसियों के मुकाबले डॉलर कमजोर होगा। इस स्थिति में सोने की डिमांड की कमजोर होगी। इसी फैक्टर का असर दुनियाभर के बाजारों में देखा जा रहा है।

एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में दिसंबर डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध 804 रुपये या 1.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,678 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहे थे। दिन के कारोबार के दौरान गोल्ड 1,182 रुपये या 1.59 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया था।

**गोल्ड प्राइस पर एक्सपर्ट की राय**

एलकेपी सिक्योरिटीज के वीपी रिसर्च एनालिस्ट- कमोडिटी एंड करेंसी, जतिन त्रिवेदी ने कहा, ₹डॉलर के चढ़ने के साथ ही एमसीएक्स में सोने की कीमत 73,500 रुपये के करीब गिरने के साथ कमजोरी बनी रही। यूएस सीपीआई डेटा के 2.4 प्रतिशत रहने की उम्मीद थी, लेकिन यह 2.6 प्रतिशत रहा। इससे भी डॉलर की मजबूती को बढ़ावा मिला।

त्रिवेदी का कहना है कि अमेरिकी फेड रिजर्व ने ब्याज दरों में कटौती जारी रखी है, क्योंकि मुद्रास्फीति अपने 2 प्रतिशत लक्ष्य के करीब पहुंच गई है। लेकिन, सीपीआई डेटा से चिंता बढ़ घई है कि आगे की कटौती रोकी जा सकती है।₹ त्रिवेदी ने कहा कि इस घटनाक्रम ने सोने की कीमतों पर दबाव बढ़ा दिया, जिसने मजबूत डॉलर और फेड नीति में संभावित बदलाव पर नकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की।

**ट्रंप की नीतियों से सहमा सोना**

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ₹अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बाद डॉलर (यूएसडी) की तेजी जारी रही, जो नए साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जिससे सोने की कीमतों पर दबाव बना हुआ है।₹ निवेशकों का मानना है कि डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों से डॉलर मजबूत होगा, इसलिए वे लगातार अमेरिकी डॉलर खरीद कर रहे हैं। इससे लगातार पांचवें दिन गोल्ड की प्राइस में गिरावट आई है।

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज में ईबीजी - कमोडिटी एवं करेंसी रिसर्च के उपाध्यक्ष प्रणव मेर के अनुसार, व्यापारियों की नजर गुरुवार को आने वाले अमेरिकी उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) और साप्ताहिक बेरोजगारी दावों के आंकड़ों पर रहेगी। साथ ही, शुक्रवार को खुदरा बिक्री के आंकड़े और फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल और अन्य केंद्रीय बैंक अधिकारियों की टिप्पणियां भी अहम रहेंगी।

# बच्चे के बेहतर भविष्य के लिए कहां करें निवेश, कौन-सा प्लान रहेगा बेस्ट?

परिवहन विशेष न्यूज

पेरेंट्स अपने बच्चों के भविष्य को सिक्योर करने के लिए निवेश तो करते हैं पर निवेश का सही ऑप्शन सेलेक्ट कर पाना काफी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में निवेश सवाल आता है कि माता-पिता को अपने बच्चों के लिए कौन-सा इन्वेस्टमेंट ऑप्शन है। आज के समय में निवेश के लिए म्युचुअल फंड का चाइल्ड प्लान काफी अच्छा है। पढ़ें पूरी खबर...




**नई दिल्ली**। हर साल 14 नवंबर को चिल्ड्रन डे यानी बाल दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर आपको भी अपने बच्चों के बेहतर भविष्य पर फोकस करना है। बच्चों की जरूरतों को पूरा करने के लिए हम भले ही सेविंग करते हैं पर हमारे सामने सवाल खड़ा रहता है कि अच्छे रिटर्न पाने के लिए कहां निवेश करें।

आज के पैरेंट्स अपने बच्चों के लिए शादी के पहले भी कई लक्ष्य को प्राथमिकता दे रहे हैं - जैसे हायर एजुकेशन, चाहे वह इंजीनियरिंग और मेडिकल हो या एमबीए और इंटरनेशनल स्टडीज हो। इन पर आने वाला खर्च भी शादी की लागत जितना ही महंगा हो गया है। अब पैरेंट्स को ऐसे ऑप्शन में समझदारी से निवेश करने की जरूरत है, जिसमें न उन्हें अच्छा रिटर्न मिले जो उनके बच्चों की जरूरतें को पूका कर सकें। इसके अलावा उन्हें इस बात पर भी ध्यान देने की आवशयकता है कि निवेश राशि का बढ़ती महंगाई के साथ तालमेल हो और वह बच्चों को आगे बढ़ने में मदद करें।

पहले पेरेंट्स नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट या लंबी अवधि की फिक्स्ड डिपॉजिट योजनाओं में निवेश करना पसंद करते थे, पर अब उन्हें महंगाई और रिटर्न को ध्यान में रखते हुए म्यूचुअल फंड में चाइल्ड प्लान में निवेश करना चाहिए।

**इक्विटी है बेहतर ऑप्शन**

अपने बच्चों के भविष्य के लिए सेविंग करने वाले पैरेंट्स निवेश के ऐसे विकल्पों की जरूरत होती है, जो महंगाई को मात दे सकें। ऐसे में इक्विटी एक दशक या उससे अधिक की अवधि में हाइएस्ट रियल रिटर्न वाला एसेट क्लास साबित हुआ है। रिसर्च से पता चलता है कि इक्विटी में लंबी अवधि के निवेश से इतना रिटर्न मिल सकता है, जितना कोई अन्य एसेट क्लास नहीं देता।

उदाहरण के तौर पर अगर एक अच्छा प्रदर्शन करने वाले इक्विटी फंड में हर महीने में 9,000 रुपये का निवेश लगातार 20 साल के लिए करते हैं तो 20 साल के बाद 1 करोड़ रुपये से अधिक का फंड तैयार हो सकता है।

**म्यूचुअल फंड में चाइल्ड प्लान है फायदेमंद**

बच्चों के लिए फाइनेंशियल प्लानिंग के लिए म्यूचुअल फंड द्वारा पेश की जाने वाली चिल्ड्रन स्कीम एक बेहतर ऑप्श है। इनमें से अधिकतम म्यूचुअल फंड प्लान में 5 साल का लॉक-इन पीरियड होता है। इससे लॉन्ग टर्म निवेश को बढ़ावा मिलता है। लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट करने पर कंपाउंडिंग का फायदा मिलता है, जिससे निवेशकों का पैसा कई गुना बढ़ सकता है।

**निवेश कैसे शुरू करें**

निवेश की जल्द शुरुआत करना और नियमित रूप से निवेश करना उन पैरेंट्स के लिए जरूरी है जो अपने बच्चे के भविष्य के लिए पर्याप्त बचत करना चाहते हैं। एक सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी), म्यूचुअल फंड द्वारा पेश किए जाने वाले चिल्ड्रन फंड में निवेश करने का एक बेहतर ऑप्शन है, जिसमें जहां मंथली बेसिस पर एक तय रकम निवेश किया जाता है।

इसके अलावा स्टेप-अप एसआईपी भी अच्छा ऑप्शन है। इसमें मंथली योगदान बढ़ा सकते हैं। इसे ऐसे समझिए कि आज आपकी सैलरी 50,000 रुपये है तो आप 10,000 रुपये की एसआईपी कर रहे हैं। अब भविष्य में जैसे-जैसे आपकी सैलरी बढ़ेगी आप एसआईपी की राशि भी बढ़ा सकते हैं। इस तरीके से आप अपने बच्चे के लिए एक बड़ा फंड तैयार कर सकते हैं।

म्यूचुअल फंड के चाइल्ड प्लान में निवेश करना सिर्फ रुपये पैसे से जुड़ा नहीं है। यह एक कदम है जो पैरेंट्स अपने बच्चे के सपनों को पूरा करने के लिए उठाते हैं।

# क्या खाद्य महंगाई को दरकिनार करेगा RBI, दिसंबर MPC में घटाएगा ब्याज दर?

परिवहन विशेष न्यूज

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने आरबीआई को सुझाव दिया है कि उसे दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती करनी चाहिए। उनका कहना है कि खाद्य महंगाई के आधार पर ब्याज दर घटाने या बढ़ाने का फैसला लेने की थ्योरी सही नहीं है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने गोयल के सुझाव पर अपनी प्रतिक्रिया भी दी है। आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला।




**नई दिल्ली**। इस वक्त भारतीय अर्थव्यवस्था हिचकोले खा रही है। FMCG सेक्टर समेत ज्यादातर कंपनियों के तिमाही नतीजे काफी खराब रहे। इससे खपत घटने का संकेत मिलता है। दूसरी तरफ, महंगाई लगातार बढ़ रही है। खुदरा महंगाई तो आरबीआई की तय हद यानी 6 फीसदी के ऊपर निकल चुकी है। इससे ब्याज दरों में जल्द कटौती होने की गुंजाइश को भी झटका लगा है।

हालांकि, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल का कहना है कि ब्याज दर घटाने या बढ़ाने का फैसला खाद्य महंगाई के हिसाब से लेने की थ्योरी सही नहीं है। उन्होंने सीएनबीसी-टीवी18 ग्लोबल लीडरशिप समिट में कहा कि आरबीआई को ब्याज दरों में जरूर कटौती करनी चाहिए। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास भी कार्यक्रम में मौजूद थे और उन्होंने इस पर अपनी प्रतिक्रिया भी दी।

**आरबीआई गवर्नर ने क्या कहा?**

शक्तिकांत दास ने कहा कि केंद्रीय बैंकर के सामने कई चुनौतियां होती हैं। एक तरफ कुछ नहीं करना या देर से कदम उठाना, तो दूसरी तरफ बहुत ज्यादा और बहुत जल्द कदम उठाने की चुनौती रही है। उन्होंने कहा कि मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी (MPC) ने अक्टूबर में अपना रुख बदलकर 'न्यूट्रल' कर दिया। अब आरबीआई के पास ब्याज दरों में कमी का फैसला लेने की काफी आजादी है।

हालांकि, उन्होंने ब्याज दरों में कमी करने वाले वाणिज्य मंत्री के सुझाव पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, ₹अगली मॉनेटरी पॉलिसी की मीटिंग दिसंबर के पहले हफ्ते में ही होने वाली है। मैं उस वक्त तक के लिए अपना जवाब सुरक्षित रखना चाहता हूं।₹

**गोयल को जल्द महंगाई घटने की उम्मीद**

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने अपने भाषण में उम्मीद जताई कि दिसंबर तक महंगाई घटने लगेगी। उनसे पिछले डेढ़ महीने से स्टॉक मार्केट में विदेशी निवेशकी की बिकवाली पर भी सवाल पूछ गया। गोयल का जवाब था, 'निवेशकों को इन्वेस्टमेंट लंबी अवधि के लिए करना चाहिए। उन्हें मार्केट की पूरी तस्वीर को तिमाही आधार पर ही नहीं देखना चाहिए।'

विदेशी निवेशक अक्टूबर की शुरुआत से भारतीय बाजार में अब तक की सबसे बड़ी बिकवाली कर रहे हैं। यह सिलसिला नवंबर में भी जारी है। इससे भारतीय बाजार पर दबाव बना है। शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक- सेंसेक्स और निफ्टी अपने ऑल-टाइम हाई से 10 फीसदी से ज्यादा गिर चुके हैं।

# डिफेंस कंपनी ने जारी की तिमाही नतीजे, शेयर में आई चमक




परिवहन विशेष न्यूज

आज स्टॉक मार्केट बंद होने से पहले डिफेंस सेक्टर की कंपनी हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) ने दूसरी तिमाही के नतीजे जारी किये। नतीजे जारी होने के बाद कंपनी के शेयर में शानदार तेजी देखने को मिली। हालांकि बाद में प्रॉफिट बुकिंग के कारण शेयर हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ।

**नई दिल्ली**। डिफेंस सेक्टर की सबसे बड़ी कंपनी जानने वाली हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के नतीजे (HAL Q2 Result) जारी कर दिये। तिमाही नतीजे जारी होने के बाद कंपनी के शेयर में शानदार तेजी आई। हम आपको बताएंगे कि दूसरी तिमाही में कंपनी की फाइनेंशियल परफॉर्मेंस कैसी रही।

**कैसी है कंपनी की परफॉर्मेंस**

वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 22.14 फीसदी बढ़कर 1510.49 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 1236.67 करोड़ रुपये था। इसके अलावा कंपनी का राजस्व 5976.29 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की सितंबर तिमाही में 5635.70 करोड़ रुपये था। पिछले वर्ष की तुलना में इस तिमाही कंपनी के EBITDA में 7.3 फीसदी बढ़कर 1640 करोड़ रुपये रहा

नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने हाल में भारत में विमान डिजाइन और निर्माण क्षमता विकसित करने के लिए योजना का एलान किया था। इसमें HAL (हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड) और NAL (नेशनल एयरोस्पेस लैबोरेट्रीज) के बीच साझेदारी हुई।

**एचएएल शेयर प्राइस (HAL Share Price)**

तिमाही नतीजे जारी होने के बाद हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स के शेयर 3 फीसदी की तेजी के साथ कारोबार करने लगे। इंट्रा-डे में कंपनी के शेयर 4,185 रुपये तक पहुंच गए। हालांकि, बाद में शेयर में बिकवाली आई और अंत में यह 21.85 रुपये या 0.54 फीसदी की बढ़त के साथ 4087.40 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ।

**कैसी है शेयर की परफॉर्मेंस (HAL Share Performance)**

अगर आप यह शेयर खरीदने का सोच रहे हैं तो आपको एक बार इसकी परफॉर्मेंस पर नजर डालनी चाहिए। BSE Analytics के अनुसार पिछले एक हफ्ते में शेयर 2 फीसदी से अधिक टूटा है। वहीं, एक महीने में शेयर में 5.36 फीसदी की गिरावट आई। हालांकि, एक साल में कंपनी के शेयर में 19 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई।

# गुरुनानक जयंती महोत्सव 15 नवंबर 2024 पर विशेष-सतगुरु नानक प्रगटिया मिटी धुंध जग चानण होआ

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में सतगुरु नानक प्रगटिया मिट्टी धुंध जग चानण होआ, नानक नाम चढ़दी कला तेरे भाणे सरबत दा भला के संदेश के साथ पूरे विश्व में स्थित सभी गुरुद्वारे सिख धर्म के पहले गुरु और संस्थापक श्री गुरुनानक देव जी महाराज का 555 वें प्रकाशोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। इस पावन मौके पर सिख, सिंधी समुदाय के अलावा अन्य समुदाय के लोग भी माथा टेकने गुरुद्वारा पहुंच रहे है। हालांकि प्रकाशपर्व को लेकर अनेक दिनों से चल रहेप्रभातफेरी उपरांत जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारे लगाते हुए गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में हर नगर कीर्तन की तरह प्रभातफेरी निकाली गई है। सिखों के पहले पातशाह श्री गुरु नानक देव जी महाराज, जिनका नाम लेने मात्र से मानो आत्मिक शांति का अहसास होने लगता है। श्री गुरु नानक देव जी सिखों के ही नहीं, अपितु समस्त मानव जाति के लिए आदर्श हैं। उनकी शिक्षाएं, उनके विचार और उनके कर्म आज हर मनुष्य को प्रकाश के मार्ग पर ले जाते हैं। गुरु साहब ने अपना पूरा जीवन लोक भलाई के लिए समर्पित कर दिया। चूंकि दिनांक 15 नवंबर 2024 को हम वैश्विक स्तरपर बाबा गुरु नानक देवजी का प्रकाशोत्सव मना रहे हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, पूरी दुनियाँ में गूंजा धन गुरु नानक सारा जग तारिया - सतगुरु नानक प्रगटिया मिटी धुंध जग चानण होआ,पावन बेला से जग पवित्र हुआ।

साथियों बात कर हम बाबा गुरु नानक देव के पावन जन्म की करें तो, बाबाजी का जन्म एक खत्रीकुल में रावी नदी के किनारे स्थित तलवंडी नामक गाँव ( अभी पाकिस्तान में पंजाब प्रान्त में जिसका नाम आगे चलकर ननकाना पड़ गया ) में कार्तिकी पूर्णिमा को हुआ था।कुछ विद्वान इनकी जन्मतिथि 15 अप्रैल 1469 मानते हैं, किंतु प्रचलित तिथि कार्तिक पूर्णिमा ही है, जो अक्टूबर-नवंबर में दीवाली के 15 दिन बाद पड़ती है। उनके पिता का नाम मेहता कालू और माता का नाम तृप्ता देवी था, जबकि बहन बेबे नानकी थीं।गुरु साहिब बचपन से ही प्रखर बुद्धि के स्वामी थे। लड़कपन से वे सांसारिक मोहमाया के प्रति काफी उदासीन रहा करते थे। पढ़ने-लिखने में बिल्कुल भी रुचि नहीं थी, लेकिन उनका सारा समय आध्यात्मिक चिंतन और सत्संग में व्यतीत होता था। उनके बाल्यकाल में कई ऐसी चमत्कारी घटनाएं हुई, जिसके बाद लोग उन्हे दिव्य शख्सियत मानने लगे।

साथियों बात अगर हम बाबा गुरु नानक देव के बाल्यापन से युवापन की करें तो, बाबाजी का मन पढ़ने में नही लगता था, हालाँकि वे तेज बुद्धि के थे। उन्होंने 7-8 साल की उम्र में ही स्कूल छोड़ दिया था। उनका ध्यान शुरुआत से ही आध्यात्म की तरफ था,तत्पश्चात सारा समय वे आध्यात्मिक चिंतन और सत्संग में व्यतीत करने लगे। आगे चलकर इनका विवाह सोलह वर्ष की आयु में गुरदासपुर जिले में लाखौकी नामक स्थान की कन्या सुलक्खनी से हुआ था। 32 वर्ष की अवस्था में इनके प्रथम पुत्र श्रीचंद का जन्म हुआ था और चार वर्ष पश्चात दूसरे पुत्र लखमीदास का जन्म हुआ था। नानक का मन गृहस्थी में नही लगा इसलिए उन्होंने 1507 में अपने दोनों पुत्रों और पत्नी को अपने श्वसुर के घर छोड़ दिया और अपने चार साथियों रामदास मरदाना, लहना, बाला के साथ तीर्थ यात्रा पर निकल पड़े। साथियों बात अगर हम बाबा गुरु नानक देव के दर्शन आधारशिला की करें तो, नानक देव जी के दर्शन की आधारशिला यह है कि वे सर्वेश्वरवादी थे।जिसका मतलब होता है कि ईश्वर सब जगह है अर्थात संसार के सभी तत्त्वों, पदार्थों और प्राणियों में ईश्वर विद्यमान है एवं ईश्वर ही सब कुछ है।नानक जी मूर्ती पूजा के विरोधी थे इसके अलावा उन्होंने हिंदू धर्म में फैली कुरीतिओं का सदैव विरोध किया था। उन्होंने एक परमात्मा की उपासना के मार्ग को बताया था, यही कारण है कि उनके विचारों को हिंदु और मुसलमान दोनों धर्मों के लोगों ने पसंद किया जाता है।संत साहित्य में नानक उन संतों की श्रेणी में हैं। हिंदी साहित्य में




गुरुनानक भक्तिकाल के अतंर्गत आते हैं और वे भक्तिकाल में निर्गुण धारा की ज्ञानाश्रयी शाखा से संबंध रखते हैं।

साथियों बात अगर हम सतगुरु नानक प्रगटिया मिटी धुंध की करें तो, सतगुरु नानक प्रगट्या, मिटी धुंध जग चानन होया, कलतारण गुरु नानक आया, ज्यों कर सूरज निकलया तारे छपे अंधेरपोलावा। गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर यह शबद गुरुद्वारों में गूंजायमान हो रहे हैं। कथा वाचक अपनी वाणी व रागी ढाडी जत्थे अपने कीर्तन से गुरु की महिमा का जो बखान कर रहे हैं,उसे गुरु घर में पहुंची संगत आस्था के समंदर में गोते लगा रही है। पूरे विश्व के गुरुद्वारों में जहां हजारों की तादाद में संगत माथा टेकने को उमड़ रही है। संगत ने जोड़ा घर, लंगर व बर्तन की सेवा कर रही है। पवित्र सरोवर के पानी से खुद को पवित्र कर रही है। बता दें श्री गुरुनानक देव जी का जीवन सदैव समाज के उत्थान में बीता। उस समय का समाज अंधविश्वासों और कर्मकांडों के मकड़जाल में फंसा हुआ था।ऐसे जटिल दौर में गुरुनानक देवजी ने प्रकट होकर समाज में आध्यात्मिक चेतना जगाने का जो काम किया, उसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। श्री गुरुनानक देव जी ने अपने उपदेशों में निरंकार पर जोर दिया। उन्होंने कहा धार्मिक ग्रंथ का ज्ञान ऐसी नैया है, जो अंधविश्वास के भवसागर से पार उतारती है। ये ज्ञान हमें निरंकार के देश की तरफ लेकर जाता है, जिसके समक्ष सिख आज भी नतमस्तक होते हैं।सिखमत का आगाज़ ही एक से होता है। सिखों के धर्म ग्रंथ में एक की ही व्याख्या है। एक को निरंकार, पारब्रह्म आदि नामों से जाना जाता है। निरंकार का स्वरूप श्रीगुरुग्रंथ साहिब की शुरुआत में बताया है जिसे आम भाषा में गुरु साहिब के उपदेशों का मूल मन्त्र भी कहते हैं। यह ग्रंथ पंजाबी भाषा और गुरुमुखी लिपि में है। इसमें मुख्यतःकबीर, रैदास और मलूकदास जैसे भक्त कवियों की वाणियाँ सम्मिलित हैं।

साथियों बात अगर हम बाबा जी की चार उदासियों की करें तो, गुरु साहिब चारों दिशाओं में घूम-घूम कर लोगों को उपदेश देने लगे। 1521 ईस्वी तक उन्होंने चार यात्रा चक्र पूरे किए, जिनमें भारत, अफगानिस्तान, फारस और अरब के मुख्य स्थान शामिल थे। इन यात्राओं को पंजाबी में उदासियाँ के नाम से जाना जाता है। गुरु नानक देव जी मूर्तिपूजा में विश्वास नहीं रखते थे। नानक जी के अनुसार ईश्वर कहीं बाहर नहीं, बल्कि हमारे अंदर ही है। उन्होंने हमेशा ही रुढ़ियों और कुरीतियों का विरोध किया। उनके विचारों से नाराज तत्कालीन शासक इब्राहिम लोदी ने उन्हें कैद तक कर लिया था। पानीपत की लड़ाई में इब्राहिम लोदी हार गया और राज्य बाबर के हाथों में आ गया, तो उन्हें कैद से मुक्ति मिली।

साथियों बात अगर हम बाबा जी के जीवन की आखिरी सांस तक लोग भलाई के काम करने की करेंतो,जीवन के अंतिम दिनों में गुरु साहिब के लोकहित में किए गए कामों की प्रसिद्धि हवा में घुलती फूलों की महक की तरह हर तरफ फैल चुकी थी। अपने परिवार के साथ मिलकर वे मानवता की सेवा में पूरा समय व्यतीत करने लगे।उन्होंने करतारपुर नाम से एक नगर बसाया, जो अब पाकिस्तान के नारोवाल जिले में स्थित है।अपनी चार उदासियों के बाद गुरुनानक देव जी 1522 में करतारपुर साहिब में बस गए। उनके माता-पिता का परलोक गमन भी इसी जगह पर हुआ था।करतारपुर साहिब में ही गुरुनानक साहिब ने सिख धर्म की स्थापना की थी। उन्होंने रावी नदी के किनारे सिखों के लिए एक नगर बसाया और यहां खेती कर नाम जपो, किरत करो और वंड छको का उपदेश दिया। करतारपुर साहिब में उन्होंने अपने जीवन के आखिरी 17 साल बिताए। यहीं पर 22 सितंबर 1539 ईस्वी को उन्होंने समाधि ले ली। ज्योति ज्योत समाने से पहले गुरु साहिब ने शिष्य भाई लहना को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया जो बाद में गुरु अंगद देव जी के नाम से जाने गए।

साथियों बात अगर हम बाबा जी के चार मित्रों की करें तो, सिख धर्म के प्रथम गुरु गुरुनानक देवी जी के चार शिष्य थे। यह चारों ही हमेशा बाबाजी के साथ रहा करते थे। बाबाजी ने अपनी लगभग सभी उदासियां अपने इन चार साथियों के साथ पूरी की थी। इन चारों के नाम हैं-मरदाना लहणा,बाला और रामदास के साथ पुरी की थी।कहते हैं कि 1499 में उनकी सुल्तानपुर में मुस्लिम कवि मरदाना के साथ मित्रता हो गई। मरदाना तलवंड से आकर यहीं गुरु नानक का सेवक बन गया था और अन्त तक उनके साथ रहा। गुरु नानक देव अपने पद गाते थे और मरदाना रवाब बजाता था। मरदाना ने गुरुजी की चार प्रमुख उदासियों में उनके साथ यात्रा की। मरदाना ने गुरुजी के साथ 28 साल में लगभग दो उपमहाद्वीपों की यात्रा की। इस दौरान उन्होंने तकरीबन 60 से ज्यादा प्रमुख शहरों का भ्रमण किया। जब गुरुजी मक्का की यात्रा पर थे तब मरदाना उनके साथ थे।गुरुजी के दो और शिष्य थेजिसका नाम बाला और रामदास था। मरदाना, बाला और रामदास तीनों ने ही गुरुजी की उदासियों में उनका साथ दिया और वे हरदम उनकी सेवा में लगे रहे।लहना नाम के भी गुरुजी के एक प्रसिद्ध शिष्य थे। कहते हैं कि लहना जी माता रानी ज्वालादेवी के परमभक्त थे। एक दिन उन्होंने गुरुनानक के एक अनुयायी भाई जोधा सिंह खडूर निवासी से उन्होंने गुरुनानक के शबद सुने और वे उससे बहुत ही प्रभावित हुए और वे बाबाजी से मिलने जा पहुंचे। भाई मरदाना वो मुस्लिम घर में पैदा हुए थे बाबा नानक जहां भी कहीं बाहर यात्राओं पर गए, भाई मरदाना हमेशा उनके साथ रहे। गुरबाणी के संगीत में उनकी गहरी छाप है। कहा जाता है कि जब तक भारत का बंटवारा नहीं हुआ था, तब तक पाकिस्तान के ननकाना साहिब और करतारपुर के गुरु ग्रंथ दरबार साहिब गुरुद्वारे में गुरबाणी पर संगीत की थाप उनके वंशज ही करते थे। नानक और मरदाना एक ही गांव में पैदा हुए। ये तलवंडी में हुआ, जो अब पाकिस्तान के ननकाना साहिब में है। तब गांवों में आमतौर पर हिंदू-मुसलमानों के बीच कोई खाई नहीं थी। सब मिलजुलकर रहते थे करीब 300 -400 साल पहले हमारी सामाजिक संरचना यूं भी खासी अलग और भाईचारे वाली होती थी।नानक और मरदाना दोनों बचपन के दोस्त थे। हालांकि मरदाना बड़े थे। ऐसे भी बचपन की दोस्ती ना तो धर्म की दीवारों को मानती है और ना ही ऊंच-नीच को नानक बड़े और अमीर खानदान से वास्ता रखते थे तो मरदाना उस मुस्लिम मरासी परिवार से ताल्लुक रखते थे, जो गरीब थे और जिनका ताल्लुक संगीत के साजों से था।राम दी चिड़यि, राम दा खेत चुग लो चिड़यो, भर-भर पेट।। यह लिखी गयी दो लाइन्स गुरुनानक जी की जिंदगी भर की फिलोसोफी को बयां कर देतीं हैं।

अतः अगर हम पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि गुरु नानक जयंती महोत्सव15 नवंबर 2024 पर विशेष-सतगुरु नानक प्रगटिया मिटी धुंध जग चानण होआ।वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह श्रद्धा भाव से आंखेंबिछाए भक्तगण के नयन तृप्त हुए.पूरी दुनियां में गूंजा, धन गुरु नानक सारा जग तारिया-प्रकाशोत्सव की पावन बेला से जग पवित्र हुआ।

## वायनाड से दिल्ली लौटते ही परेशान हुईं प्रियंका गांधी, बताया कैसे खत्म होगा प्रदूषण; सरकार के सामने रखा ये प्रपोजल

प्रियंका गांधी वायनाड से दिल्ली लौटते ही प्रदूषण की समस्या से परेशान हो गईं। उन्होंने कहा कि दिल्ली का प्रदूषण हर साल बदतर होता जा रहा है और हमें एक साथ बैठकर इसका समाधान निकालना होगा। उन्होंने कहा कि हमें वास्तव में इस पार्टी या उस पार्टी से परे हटकर एक साथ मिलकर स्वच्छ हवा के लिए समाधान ढूंढना चाहिए।

**नई दिल्ली।** केरल के वायनाड लोकसभा सीट के लिए उपचुनाव खत्म हो चुके हैं। इसी के साथ कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी भी वायनाड से दिल्ली लौट आई हैं। उन्होंने दिल्ली पहुंचते ही प्रदूषण का सामना किया और इसे बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरनाक बताया। उन्होंने कहा कि हमें एक साथ बैठकर इस समस्या से निपटने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने ट्वीट किया- वायनाड से दिल्ली वापस आई। वहां की हवा खूबसूरत है और AQI 35 है। लेकिन दिल्ली में प्रवेश करते ही लगा मानो गैस चैंबर में प्रवेश किया हो। पूरी दिल्ली पर धुंध की चादर और भी चौंकाने वाली लगती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली का प्रदूषण हर साल बदतर होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें वास्तव में इस पार्टी या उस पार्टी से परे हटकर एक साथ मिलकर स्वच्छ हवा के लिए समाधान ढूंढना चाहिए। इस प्रदूषण में बच्चों, बुजुर्गों के लिए सांस लेना व्यावहारिक रूप से असंभव है। हमें बस इसके बारे में कुछ करना होगा। वहीं, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भी प्रदूषण पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा, ₹दिल्ली सरकार की निष्क्रियता के चलते राजधानी में वायु प्रदूषण की समस्या गंभीर हो गई है। कर्तव्य पथ और इसके आसपास सुबह एक्यूआइ 450 के ऊपर पहुंच गया है। पंजाब में पराली जलने और दिल्ली की सड़कों व निर्माण स्थलों से उड़ने वाली धूल से वायु की गुणवत्ता खराब हो रही है।

## झारखंड में ओड़िया परंपराओं को पुनः ठेंगा दिखाने से ओडिय़ समुदाय नाराज

कार्तिक कुमार परिच्छा ,स्टेट हेड

**सरायकेला** , आगामी कल प्रसिद्ध ओड़िया परंपरा का ऐतिहासिक ₹ बोईत बंदाण उत्सव ₹ है पर सरायकेला प्रशासन नदारद है घाटों की साफ सफाई पर । पवित्र कार्तिक स्नान के मद्देनजर नगर पंचायत सरायकेला को लिखित आवेदन देने के बावजूद घाटों की सफाई आजतक नही हुई है । यहां लोग स्वयं सफाई करने को मजबुर है । भाषा संस्कृति संरक्षक ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया जाहिर कर कहा है कि सरायकेला के मौजूदा शासकों को पता होना चाहिए कि यहां उत्कलीय परंपरा मान्यता से शासन बंधा हुआ है । जिले का राजस्व अप्रत्यक्ष रूप से जिसके तिजोरी जा में जाकर जमा होता है उन गौर जिम्मेदार व्यक्तित्व को हमारा विलय दस्तावेज एवं इतिहास को भली-भांति जानना चाहिए एवं मार्जार एग्रीमेंट का अक्षर सह अनुपालन होना चाहिए । झारखंड के मुलवासी ओडिया लोगों के मौलिक अधिकार विषयक भी ।

विगत एक माह से नगर पंचायत को लिखित आवेदन देने के बाद भी केवल नाम मात्र का सरायकेला महिला मांजना घाट आंशिक सफाई हुई है । सफाई के नाम थोड़ी सी जगह से छील कर अपना काम तमाम पर लिया प्रशासन ने , यद्यपि सरायकेला राज्य मार्जार एग्रीमेंट में स्थानीय पूजा पाठ का जिम्मेदारी राज्य सरकार को देखने का साफ उल्लेख है । परन्तु हर वर्ष प्रशासन ऐन केन प्रकारेण लोगों को झुठला देती है । इस वर्ष चुनाव का दुहाई दकर शासन पुनः पूजन बच निकलने में सफल रही । घाट का सफाई स्वयं कार्तिक परिच्छा ने पानी में घुसकर की है ।

उधर यही उत्सव कटक में बाली यात्रा के नाम से 7 दिनों का मेले आयोजन होने जा रहा है । इस उत्सव में 13 राष्ट्र के राष्ट्रदुतों को आतिथ्य प्रदान करने जा रहे है । जहां कल कटक के डीएम तथा सिल्वर सिटी वोटिंग क्लव द्वारा मुख्यमंत्री मोहन माझी मुख्य अतिथि होगें । काश अगर सरायकेला खरसावां को गैर कानुनन ढंग से बिहार अपने यहां नहीं लाता तो आज बोईत बंदाण उत्सव सरकारी आयोजन होता ओडिशा मे।




## राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संस्थान भारत सरकार तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के आर्थिक सहयोग से एक दिवसीय अंतर-पीढ़ी संबंध प्रोत्साहन कार्यशाला का आयोजन

परिवहन विशेष अनूप कुमार शर्मा

**भीलवाड़ा।** बाल दिवस पर उद्यमिता एवं कौशल विकास केंद्र संगम विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संस्थान भारत सरकार तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के आर्थिक सहयोग से एक दिवसीय अंतर-पीढ़ी संबंध प्रोत्साहन कार्यशाला का आयोजन किया गया ,जिसका उद्देश्य बुजुर्गों और युवाओं के बीच समझ को विकसित कर विकसित भारत मिशन-2047 को संबल देना था। स्वागत उद्बोधन में डॉ. मनोज कुमावत ने युवाओं की ऊर्जा और बुजुर्गों के अनुभवों के सम्मिलित प्रयासों से समाज को कैसे दिशा दी जा सकती के बारे में विस्तार से जानकारी दी।विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर करुणेश सक्सेना ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज के समय में युवाओं और बुजुर्गों के बीच बढ़ती खाई चिंता का विषय बन चुकी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने माता पिता और बुजुर्गों का सम्मान करते हुए उनके अनुभवों से लाभ उठाने के लिए तत्पर रहें। उनके दृष्टिकोण को समझते हुये अपने दैनिक कार्यों को संपन्न करें। उप कुलपति प्रोफेसर मानस रंजन पाणिग्रही ने कहा कि यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए एक अवसर है जिसमें वे बुजुर्गों के अनुभवों के आधार पर अपने कैरियर को नवीन क्षितिज पर लेकर जा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से यह अपेक्षाएँ व्यक्त की कि वे इस कार्यशाला से प्राप्त अनुभव और ज्ञान को अपनी शैक्षणिक यात्रा की गतिविधियों में समाहित करने को कहा। कार्यशाला में विभिन सत्रों के माध्यम से युवाओं और बुजुर्गों के बीच समझ एवं पारस्परिक विश्वास विकिसत करने हेतु गतिविधियां भी आयोजिय की गयीं। इस कार्यशाला में बुजुर्गों ने भी कार्यशाला की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयोजन डॉ मनोज कुमावत द्वारा किया गया उन्होंने कहा कि एक पेड़ को दादा लगाता है और पौत्र उसके फल खाता है। इसी भावना को इंगित करते हुए कार्यशाला में आये बुजुर्गों का सम्मान युवाओं द्वारा पौधे देकर किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो राजीव मेहता, विभिन संकायों के सदस्य डॉ तनुजा सिंह, डॉ. रामेश्वर रायकवार, गौरव सक्सैना, डॉ. श्वेता बोहरा, डॉ. ऋतुराज सिंह, डॉ. कनिका चौधरी एवं डॉ. राजकुमार जैन आदि उपस्थित थे। मंच संचालन और पंजीकरण व्यवस्था को विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने संभाला। कार्यशाला के अंत में डॉ. संजय कुमार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।




## कचरा संग्रहण कर्ताओ ने दिया मुख्यमंत्री को ज्ञापन

### अनुभव पत्र बना-सफाई कर्मचारी भर्ती में मान्य करवाने के लिए


परिवहन विशेष अनूप कुमार शर्मा

**भीलवाडा।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष राधेश्याम मल्हौत्रा व नगर महामंत्री उमाशंकर ने जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री राजस्थान के नाम भेजे ज्ञापन में बताया कि कचरा संग्रहण ( ऑटो-टीपर चालक )कर्मचारी घर-घर जाकर कचरा संग्रहण करते है तथा कई वर्षो से स्थानीय निकाय में अलग अलग ठेका कम्पनी के अधीन अपनी सेवाएँ दे रहे है तथा शहर के हर घर से कचरा संग्रहित करके शहर को स्वच्छ बनाये रखने की महती भूमिका निभा रहे है । कारोनाकाल के समय भी हमने अपने स्वास्थ्य की परवाह भी नहीं करते हुए निरन्तर सेवाएँ दी है। ज्ञापन के मार्फत मांग कर समस्त कचरा संग्रहण ( ऑटो-टीपर चालक ) कर्ता का अनुभव पत्र बनवाकर उसे सफाई कर्मचारी भर्ती में मान्य करावे । शीध्र ही मांग पर विचार नहीं करने पर उग्र आन्दोलन एवं प्रदर्शन करने का लिखा । ज्ञापन देने वालो में अजय घांवरी, विकास डागर, राकेश घांवरी, पंकज आरजिया, रवि गोरण, मुकेश संगोलिया, रविरतनलाल खोखर, मुन्ना पठान, आशीष घांवरी, प्रदीप देसाई, विनोद घारू, शुभम घारू विनोद आदिवाल, सहित सभी ऑटो टीपर कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## प्रेम प्रकाश मंडलाध्यक्ष सतगुरू स्वामी भगत प्रकाश जी महाराज 20 नवम्बर बुधवार को भीलवाडा में करेगें अमृतमयी वचनो की वर्षा

परिवहन विशेष अनूप कुमार शर्मा

**भीलवाडा** श्री अमरापुर स्थान जयपुर के प्रेमप्रकाश मंडलाध्यक्ष सतगुरू स्वामी भगतप्रकाश जी महाराज 1 दिवसीय प्रवास पर भीलवाड़ा पधार रहे है ।प्रेमप्रकाश सेवा मण्डली के अध्यक्ष परमानंद गुरनानी ने बताया कि सतगुरू स्वामी भगतप्रकाश जी महाराज अपनी संतमण्डली के साथ 19 नवम्बर 2024 को रात्रि कुमुदविहार-3 में आयेगें स्वामीजी का यहॉ सत्संग कार्यक्रम प्रेमप्रकाश आश्रम ,स्मृतिवन के सामने, हरणी महादेव रोड पर प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक रखा गया है। साथ ही प्रेमप्रकाश आश्रम के निर्माण कार्य का अवलोकन करेगें पवित्र कार्तिक मास के अवसर पर 15 नवम्बर 2024 को प्रातः 5.30 बजे सतगुरू टेऊराम संकीर्तन प्रभातफेरी कुमुदविहार-3 निकाली जाएगी जो प्रेमप्रकाश आश्रम स्मृतिवन के सामने, हरणी महादेव रोड पर समापत होगी ।



## मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक का पैर कट गया

मनोरंजन सासमल , स्टेट हेड ओड़िशा

**भुबनेश्वरः** ओड़शिा की कालाहांडी जिले के लांजीगढ़ ब्लॉक के चंपादेईपुर पंचायत चंदनपुर के पास अंबाडाला से लांजीगढ़ वेदांत लिमिटेड जा रही मालगाड़ी की टक्कर से एक युवक का पैर कट गया। जानकारी के मुताबिक, कालाहांडी जिले के लांजीगढ़ के पास चंदनपुर में वेदांता रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह से हादसा हो गया ।जमकीहेजू बड़े गांव का युवक चंद्र माझी शौच के लिए रेलवे स्टेशन गया था, जहां उसका बायां पैर पूरी तरह से कट गया। जमकीहेजू गांव का रहने वाला चंद्रा चंदनपुर गांव स्थित अपने ननिहाल में कुली का काम करता था। आज सुबह, जब वह रेलवे स्टेशन पार कर रहा था, तो वेदांत परियोजना की ओर जा रही एक ट्रेन की चपेट में आने से उसका बायां पैर घुटने के नीचे पूरी तरह से फट गया और फावड़ा लग गया। अत्यधिक रक्तस्राव के कारण जब वह गंभीर हो गया, तो स्थानीय लोगों ने उसे बचाया और बिश्वनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। लांजीगढ़ के चिकित्सा अधिकारी भवानी शंकर लेंका ने खुलासा किया कि बिस्वनाथपुर स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद उनकी हालत बहुत गंभीर होने के कारण उन्हें भवानीपटना जनरल अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया था।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक संजय कुमार बाटला द्वारा इम्प्रेशंस प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, सी-18,19,20 सेक्टर 59, नोएडा (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं 3, प्रियदर्शनी अपार्टमेंट ए-4, पश्चिमी विहार, नई दिल्ली- 110063 से प्रकाशित। सम्पर्क : 9212122095, 9811902095. newstransportvishesh@gmail.com
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी) किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली के न्यायालय के अधीन होंगे। RNI No :- DELHIN/2023/86499. DCP Licensing Number F.2 (P-2) Press/2023